लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -219, पृष्ठ -16+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम

36.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान

आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।

सूर्योदय 06 : 01
सूर्यास्त 18 : 25

कानपुर, रविवार, 31 मार्च 2024

फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में नजर आएंगी तापसी-वाणी...2

अमृत विचार

## लोक दर्पण

इस बार के रविवारीय संस्करण ' में भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह।

सुल्ताना डाकू : जिससे कांपते थे अंग्रेज भी।

पढ़ें विशेष...

## पांच तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान

लखनऊ। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले छह दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 25 से 35 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाले हवाओं से तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंचने के आसार हैं।

**मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और जेल में बंद बेटा अब्बास नहीं हो सके जनाजे में शामिल, गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान के आसपास भारी संख्या में थे पुलिसकर्मी**

# कड़ी सुरक्षा और भारी भीड़ के बीच मुख्तार सुपुर्द-ए-खाक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार के शव को शनिवार सुबह 11 बजे सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। गाजीपुर स्थिति मुहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार की कब्र पिता सुभानउल्ला अंसारी व मां बेगम राबिया खातून के पास है। इसी बीच मुख्तार की मौत की जांच भी तेज हो गई है। शनिवार को ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी अंकुर अग्रवाल ने जेल का निरीक्षण किया।

गुरुवार रात मुख्तार की बांदा मेडिकल कालेज में हुई मौत के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव देर रात दो बजे मुहम्मदाबाद पहुंचा। बिहार के बाहुबली शहाबुद्दीन का बेटा ओसामा भी जनाजे में शामिल हुआ। जनाजे से पहले बेटे उमर ने मुख्तार की मूंछों को आखिरी बार ताव दिया।

कब्रिस्तान के आसपास 3 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे। परिवार के अलावा किसी को कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसको लेकर गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी और मुख्तार के भाई सांसद अफजाल अंसारी के बीच तीखी बहस भी हुई। मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी, पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी, मुहम्मदाबाद विधायक भतीजे सुहेब अंसारी, बेटा उमर सहित सभी ने मुख्तार को अंतिम विदाई दी। मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और कासगंज जेल में बंद अब्बास नहीं आ सका।

बांदा में मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर अलग-अलग न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है। शनिवार को बांदा जिला जज डा. बब्बू सारंग, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल और एडीजे की निगरानी में जांच टीम मंडल कारागार में पहुंची। टीम ने बैरक नंबर 16 की जांच की, जिसमें मुख्तार था। टीम ने 45 मिनट तक हर पहलू की पड़ताल की और सीसीटीवी कैमरों को परखा।

गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार के दौरान जमा हुए लोग। ● एजेंसी

### कैमरों की फुटेज सील

**लखनऊ।** मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच से पहले बैरक और निगरानी में लगे सीसीटीवी के फुटेज सील कर दिए गए हैं। मुख्तार को कौन-कौन सी बीमारियां थीं, कब-कहां और किससे इलाज कराया गया, कौन-कौन सी दवाएं चल रही थीं, इसकी रिपोर्ट जेल प्रशासन तैयार कर रहा है।

### आरोपों की जांच होनी चाहिए : अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने मुख्तार की मौत पर कहा कि आरोपों की जांच होनी चाहिए। मुख्तार की मौत के दो दिन बाद चुप्पी तोड़ते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने हमारे साथ न्याय किया था। इसके लिए न्यायपालिका का आभारी रहूंगा। मौत के बाद किसी पर टिप्पणी करना ठीक नहीं है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया के बीच मौत को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जांच होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के ही बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### मायोकॉर्डियक इफ्राक्शन मौत की वजह, विसरा सुरक्षित

**लखनऊ।** मुख्तार की मौत के बाद उठे सवालों के बीच शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई। इसमें मौत की वजह मायोकॉर्डियल इंफ्राक्शन बताई गई है। चिकित्सीय भाषा में इसे मायोकार्डियल रोधगलन (एमआई) कहते हैं जिसे दिल का दौरा कहा जाता है। धमनियों के एक हिस्से में रक्त प्रवाह में कमी या समाप्ति से मृत्यु हो सकती है। स्लो-पॉयजन देने के मद्देनजर विसरा सुरक्षित रखा गया है।

# नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत मिला भारत रत्न

## कर्पूरी ठाकुर और स्वामीनाथन के परिजनों को राष्ट्रपति ने दिया सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए पुरस्कार उनके परिजनों ने लिए। नरसिम्हा राव का सम्मान उनके पुत्र पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने पुरस्कार ग्रहण किया।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आदि उपस्थित रहे। सरकार ने इसके अलावा पूर्व उप प्रधानमंत्री एलके आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। बहुभाषाविद्, राजनेता और विद्वान, पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश में आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई थी। वह 1991 से 1996 तक दक्षिणी राज्य से देश के पहले प्रधानमंत्री थे। चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 और 14 जनवरी 1980 के बीच प्रधानमंत्री रहे। कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा। उन्होंने 1971 में अनाज उत्पादन में देश को आत्म-निर्भर घोषित किया। 'जननायक' के रूप में मशहूर ठाकुर पहले गैर-कांग्रेसी नेता थे जो दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारत रत्न प्राप्त करते पीवी प्रभाकर राव, जयंत चौधरी, रामनाथ ठाकुर और नित्याराव। ● एजेंसी

### ये किसानों, पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों, कृषि वैज्ञानिक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न से सम्मानित करना मोदी सरकार की किसानों, दलितों और पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि देश की चार प्रमुख हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित करना किसानों, दलितों और पिछड़े लोगों के प्रति नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महान हस्तियों को सम्मानित करने के फैसले के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

### प्रधानमंत्री ने सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, कर्पूरी ठाकुर ने जीवन सामाजिक न्याय को समर्पित किया। चौधरी चरण सिंह ने ग्रामीण विकास में योगदान दिया। नरसिम्हा राव ने आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाया और डॉ. स्वामीनाथन के कृषि विज्ञान के क्षेत्र में अद्भुत कार्य किए।

## लोकसभा चुनावः भाजपा की आठवीं सूची जारी, सनी देओल की जगह दिनेश लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों की आठवीं सूची को जारी कर दिया है। पंजाब की छह, पश्चिम बंगाल की दो और ओडिशा की तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। वहीं पंजाब की गुरदासपुर सीट से सांसद और अभिनेता सनी देओल की जगह दिनेश सिंह चुनाव लड़ेगे। भाजपा ने शनिवार को जिन 11 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, उसमें भर्तृहरि महताब, रवनीत सिंह बिट्टू, सुशील कुमार रिंकू और परनीत कौर के नाम हैं। ये सभी अलग-अलग दलों से भाजपा में शामिल हुए थे। सभी को उन्हीं सीटों से मैदान में उतारा गया है, जिनका वे मौजूदा समय में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू अमृतसर से तो हंसराज हंस फरीदकोट से चुनावी मैदान में है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू लुधियाना, पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर पटियाला और सुनील कुमार सिंह रिंकू जालंधर से चुनाव लड़ने की तैयारी करेंगे।

# दरोगा ने सांसद की भतीजी की पिटाई कर कपड़े फाड़े, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सदर विधायक, नगर पालिका चेयरमैन कोतवाली में धरने पर बैठे, हंगामा
- आरोपी दरोगा की पत्नी-बेटी पर भी रिपोर्ट दर्ज, नारकोटिक्स सेल का प्रभारी है दरोगा

**अमृत विचारः** दरोगा ने पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी से छेड़छाड़, अभद्रता कर कपड़े फाड़ दिए। रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया भी। सदर विधायक योगेश वर्मा और पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने देर रात तक कोतवाली में हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। आरोपी दरोगा, उसकी पत्नी व बेटी के विरुद्ध मामला दर्ज कर दरोगा को निलंबित कर दिया गया।

नारकोटिक्स सेल में तैनात दरोगा अभय मिश्रा शहर में पत्नी और बेटी संग रहता है। उसकी पत्नी भी सब इंस्पेक्टर हैं और सदर कोतवाली में हैं। मकान मालिक की पत्नी के अनुसार वह पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी हैं। रात कुछ लोग उनके यहां होली मिलने आए थे। दरोगा अभय मिश्रा नशे में धुत होकर आ गए और पति व उनके साथियों से गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर दरोगा ने उनका दुपट्टा खींच लिया और कपड़े फाड़े और मारपीट की। इसी बीच दरोगा की पत्नी व बेटी आ गई। उन्होंने भी मारपीट की।

> आरोपी दरोगा की मेडिकल रिपोर्ट में अल्कोहल की पुष्टि हुई है। पीड़ित महिला को आई चोटों का भी मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी। - **गणेश प्रसाद साहा**, एसपी

# दिल्ली के मंत्री गहलोत ईडी के सामने हुए पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी नीति मामला**

- नजफगढ़ से आप विधायक हैं दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री

दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता कैलाश गहलोत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नजफगढ़ से आप विधायक गहलोत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। कैलाश गहलोत को सुबह साढ़े 11 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया।

सूत्रों ने कहा कि गहलोत पूछताछ के लिए उपस्थित होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। उनसे नीति के निर्माण के संबंध में पूछताछ हो सकती है, क्योंकि वह 2021-22 के लिए शराब नीति की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन के समूह का हिस्सा थे।

# जल बोर्ड से जुड़े धन शोधन मामले में आरोप पत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी का नाम शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच के सिलसिले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने 28 मार्च को दिल्ली में विशेष पीएमएलए (धनशोधन रोकथाम कानून) अदालत में 8,000 पृष्ठों की अभियोजन शिकायत दर्ज कराई, जिसमें अनुलग्नकों के अलावा 140 पृष्ठ शामिल हैं। अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के लिए एक अप्रैल की तारीख तय की है। आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी का नाम है, जो क्रमशः डीजेबी के पूर्व मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल, तेजिंदर सिंह और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि डीजेबी द्वारा दिए गए ठेके में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी आप को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क विभाग को होगा चुकाना
- 3.1 करोड़ कॉपियां निधारित अवधि 31 मार्च से पहले ही हो गईं चेक

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन निर्धारित समय 31 मार्च से पहले शनिवार को ही समाप्त हो गया। 16 मार्च से शुरू हुई मूल्यांकन प्रक्रिया 30 मार्च तक चली। जिसमें 3.1 करोड़ कॉपियों को चेक किया गया। इसके साथ ही मूल्यांकन कार्य में लगे 1.50 लाख से अधिक शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि पहली बार 12 कार्य दिवसों में यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन समाप्त हुआ है। इससे पहले इतने कम समय में कॉपियां कभी नहीं चेक हुई है। उन्होने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नकलविहीन परीक्षा और सुचितापूर्ण मूल्यांकन तीनों प्रक्रिया में शिक्षकों का अहम योगदान है।

### 36 करोड़ से अधिक का करना होगा भुगतान

यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा होने के बाद अब विभाग को शिक्षकों को 36 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा। मौजूदा व्यवस्था में दसवीं में प्रत्येक कॉपी का 11 रुपये और इंटरमीडिएट में प्रति कॉपी का 13 रुपये मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क भुगतान विभाग को भुगतान करना होगा।

### सोमवार से शुरू होगी आगे की प्रक्रिया

मूल्यांकन समाप्ति के बाद अब सोमवार को बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। परीक्षा परिणाम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो पाए इसको विशेष ध्यान में रखते हुए परिणाम की घोषणा की जायेगी। संभवत : अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में परिणाम जारी हो जायेगा।


वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा

बर्निट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि ) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।

सबका साथ | सबका विकास | सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोगः खुजली, मुँहासे, सफेद दाग, सोराइसिस, छाजन, मस्से, झांईया एक्जिमा दाद।
श्वास रोगः छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस।
पेट रोगः जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से।
पथरीः गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी।
मूत्र रोगः पेशाब में जलन, प्रोस्टेट।
हड्डी रोगः गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका
पुरुषों में रोगः शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।

अटल अरोग्य® जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच
अब नहीं कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज

बाल झड़ना एवं गंजापनः डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना।
मस्तिक का रोगः सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददास्त में कमी, चिड़चिड़ापन।
स्त्री रोगः बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित महावारी, सफेद पानी।
अन्य रोगः पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिपेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइट, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।

उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा

लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
30 जून 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच | मुफ्त परामर्श

कानपुर
घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक
मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)
ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक
लाल बंगला- हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक
इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

निकोलस पूरन

## खेल डायरी

### टी20 कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं शाहीन

**लाहौर।** तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट और टी20 कप्तान के रूप में उनके भविष्य से संबंधित चर्चाओं में शामिल नहीं किये जाने से निराश हैं जिससे वह कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि यह गेंदबाज इस बात से नाराज है कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है। इस सूत्र ने कहा, ''शाहीन राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान है तो उसका निराश होना लाजमी है।''

### रविवार को होगा हॉकी की प्रतिभाओं का सम्मान

**नई दिल्ली।** हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी। पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी जैसी दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी।

### रीयल कश्मीर एफसी ने नेरोका एफसी को हराया

**श्रीनगर।** रीयल कश्मीर एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में नेरोका एफसी को 3-0 से हराकर उसे दूसरी श्रेणी में धकेल दिया। कश्मीर के लिये नोहेरे क्रिजो ने 35वें, हैदर युसूफ ने 45वें और शहर शाहीन ने 67वें मिनट में गोल दागे। इस हार के बाद मणिपुर की नेरोका एफसी 21 मैचों में 13 अंक लेकर 12वें स्थान पर है। इस सत्र में उसने चार मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और 16 गंवाये। अब उसे तीन ही मैच खेलने है और सभी जीतने पर भी वह दूसरी श्रेणी में खिसकने से नहीं बच सकती। वहीं कश्मीर की टीम ने चार ड्रॉ खेलने के बाद जीत दर्ज की। उसका अपराजेय अभियान नौ मैचों का हो गया है।

### शारीरिक उत्पीड़न की जांच के लिए पैनल गठित

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा में दो महिला फुटबॉलरों के साथ कथित शारीरिक उत्पीड़न के मामले में एक पैनल द्वारा जांच पूरी होने तक खेल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा है। इंडियन वुमैन्स फुटबॉल लीग (आईडब्ल्यूएल) के दूसरे डिविजन में हिस्सा लेने आयी हुए हिमाचल प्रदेश के खाद एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि क्लब के मालिक शर्मा ने 28 मार्च की रात को उनके कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी। पुलिस उपाधीक्षक संदेश चोदनकर ने कहा, ''कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को औपचारिक शिकायत के बाद पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

### सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स सेमीफाइनल से बाहर

**मैड्रिड।** एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी के शनिवार को यहां सेमीफाइनल में हारने से मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पीठा हानिंगटयास मेंटारी की जोड़ी ने सिर्फ 29 मिनट में भारतीय चुनौती 21-17, 21-12 से समाप्त कर दी। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी ने शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के रेहान नौफाल खुशारजांटो और लिसा आयु कुसुमावती को 14-21, 21-11, 21-17 से हराया था। शुक्रवार को सुपानिडा काटेथोंग ने भारतीय स्टार पीवी सिंधू को एक घंटे 17 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 24-26, 21-17, 22-20 से शिकस्त दी।

### पूर्वी क्षेत्र सीनियर महिला मल्टी डे ट्राफी के सेमीफाइनल में

**पुणे।** पूर्वी क्षेत्र ने खिलाड़ियों के हरफनमौला प्रयास से यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र पर पारी और 120 रन की जीत से सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय बहुदिवसीय (वुमेन इंटरजोनल मल्टी डे) ट्राफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्वी क्षेत्र ने पूर्वोत्तर को पहली दो पारियों में 108 और 157 रन पर समेटकर जीत हासिल की। पूर्वी क्षेत्र ने धारा गुज्जर के पहली पारी में 140 रन की बदौलत आठ विकेट पर 385 रन पर पारी घोषित कर दी थी। पूर्वोत्तर की बल्लेबाजों ने अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश की लेकिन पूर्वी क्षेत्र को दोबारा बल्लेबाजी के लिए काफी रन नहीं बना सकीं। पूर्वोत्तर के लिए मोनिका 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। पश्चिम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र से ड्रा खेला लेकिन 111 रन की बढ़त से सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया।

क्विंटन डिकॉक

# क्विंटन डिकॉक और पूरन ने लखनऊ को दिया दमदार स्कोर

## मैच में 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में खेल रहे केएल राहुल कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाये

लखनऊ, एजेंसी

- **लखनऊ सुपर जाइंट्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आठ विकेट पर 199 रन बनाए**

कृणाल पंड्या की आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आठ विकेट पर 199 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 38 गेंद में 54 रन बनाये जबकि कार्यवाहक कप्तान निकोलस पूरन ने 21 गेंद में 42 रन की पारी खेली। कृणाल ने दो छक्के और चार चौके लगाकर 22 गेंद में 43 रन बनाये और टीम को दो सौ के पास पहुंचाया।

पूरन को कप्तानी सौंपकर इस मैच में 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में खेल रहे केएल राहुल कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाये। उन्होंने कैगिसो रबाडा की गेंद पर लेग साइड में फ्लिक किया और हर्षल पटेल ने दूर से भागते हुए गेंद को पकड़कर थ्रो फेंका लेकिन राहुल बाल बाल बच गए कि वह गिल्लियां नहीं उड़ा पाये। दूसरे छोर पर डिकॉक खुलकर खेल रहे थे और पहली ही गेंद पर रबाडा को चौका लगाया। अगली गेंद पर उन्होंने बैकवर्ड प्वाइंट सीमा पर छक्का जड़ दिया। राहुल ने अर्शदीप को छक्का लगाया और अगली गेंद पर चौका भी जड़ा। अर्शदीप ने हालांकि उन्हें बैकवर्ड प्वाइंट पर जॉनी बेयरस्टो के हाथों लपकवाकर उनकी नौ गेंद में 15 रन की पारी का अंत किया। देवदत्त पड्डिकल ने दो चौके लगाये लेकिन सैम कुरेन की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। मार्कस स्टोइनिस (19) ने दो छक्के लगाये लेकिन राहुल चाहर की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद पूरन मैदान पर उतरे और चाहर को दो छक्के और एक चौका लगाकर 20 रन बंटोरे। डिकॉक ने 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। स्ट्रेटेजिक टाइम आउट से लखनऊ का रन प्रवाह रूका और डिकॉक को अर्शदीप ने विकेट के पीछे जितेश शर्मा के हाथों लपकवाया। पूरन को रबाडा ने आउट किया। लेकिन कृणाल ने आते ही हाथ खोलकर खेलना शुरू किया और टीम को मजबूत स्कोर दिया।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स**

| | |
|---|---|
| डिकॉक का जितेश बो अर्शदीप | 54 |
| राहुल का बेयरस्टो बो अर्शदीप | 15 |
| देवदत्त पड्डिकल का धवन बो कुरेन | 9 |
| मार्कस स्टोइनिस बो चाहर | 19 |
| निकोलस पूरन बो रबाडा | 42 |
| आयुष का बेयरस्टो बो कुरेन | 8 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 43 |
| रवि बिश्नोई का तनय बो कुरेन | 0 |
| मोहसिन खान रन आउट | 2 |
| नवीनुल हक नाबाद | 0 |

**कुल** : 20 ओवर में आठ विकेट पर 199 रन

**गेंदबाजी** : कुरेन 4-0-28-3, अर्शदीप 3-0-30-2, रबाडा 4-0-38-1, चाहर 3-0-42-1, बरार 2-0-14-0, पटेल 4-0-45-0

# सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार फॉर्म से गुजरात टाइटन्स को खतरा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमयर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की।

गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है। टूर्नामेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्यायें खड़ी कर सकता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बीआर शरथ। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **मैच भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।**

# धीरे-धीरे कप्तानी के गुर सीख जायेगा गिल : गैरी कर्स्टन

**अहमदाबाद।** पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस की आईपीएल 2024 में शुरूआत भले ही उतार चढाव भरी रही हो लेकिन उसके मेंटोर गैरी कर्स्टन ने शुभमन गिल का बचाव करते हुए कहा है कि इस तेज रफ्तार टी20 प्रारूप में रणनीतिक फैसले लेना वह सीख जायेगा। आईपीएल 2022 की चैम्पियन और मौजूदा उपविजेता टाइटंस दो मैचों में एक जीत और एक हार के बाद सातवें स्थान पर है। कर्स्टन ने कहा,'' यह तेज रफ्तार खेल है। नियमित आधार पर तकनीकी फैसले लेने होते हैं। यह टेस्ट क्रिकेट नहीं है जो लंबा चलता है।'' उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर कहा,'' मैं कप्तान के तौर पर उससे काफी प्रभावित हूं।''

# अप्रैल के अंतिम हफ्ते में टीम चुने जाने की संभावना

नयी दिल्ली, एजेंसी

**टी20 विश्व कप**

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम के अप्रैल के अंतिम हफ्ते में चुने जाने की संभावना है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टीम सौंपने की अंतिम तारीख एक मई है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। लेकिन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 25 मई तक अपनी शुरूआती टीम में खिलड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम हफ्ते के दौरान किया जायेगा और इस समय तक आईपीएल का पहला हिस्सा खत्म हो जायेगा जिससे राष्ट्रीय चयन समिति दावेदारों की फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने की स्थिति में होगी।'' सूत्र ने कहा, ''क्रिकेटरों का पहला जत्था 19 मई को आईपीएल का लीग चरण खत्म होने के तुरंत बाद न्यूयॉर्क के लिए रवाना होगा।''

चारों राष्ट्रीय चयनकर्ता ज्यादातर मैच देखने के लिए यात्रा करेंगे। पता चला है कि विश्व कप के लिए किसी भी दावेदार को कार्यभार प्रबंधन के बारे में कोई निर्देश नहीं दिया गया है क्योंकि इन दो महीनों में वे फ्रेंचाइजी के अधीन खेलेंगे।

# दबंग 4 के ऐलान पर सलमान खान ने तोड़ी चुप्पी! बताया कब बनेगी

**मुंबई, एजेंसी।** सलमान खान को फिर से चुलबुल पांडे बने देखने का सपना फैंस लंबे समय से देख रहे हैं लेकिन अब लगता है कि फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। हाल ही में अरबाज खान ने कहा था कि वो दबंग 2 जरूर बनाएंगे और अब सलमान खान ने भी हरी झंडी दे दी है और बताया है कि दबंग 4 जल्दी ही बनेगी। अभी तक दबंग 4 की मेकिंग को लेकर कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है लेकिन अब सलमान खान ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि आने वाले दिनों में दबंग 4 को मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि फिल्म फिलहाल क्यों रुकी हुई है। सलमान खान के छोटे भाई और निर्माता अरबाज खान पहली फिल्म के बाद से दबंग फ्रेंचाइजी संभाल रहे हैं। इस फिल्म को लेकर अरबाज का रिएक्शन भी सामने आ चुका है और अब तो खुद दबंग खान ने दबंग 4 पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में अरबाज खान की नई फिल्म पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान से दबंग 4 को लेकर सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में सलमान खान ने कहा, 'यह फिल्म बहुत जल्द बनेगी। सलमान ने कहा, 'जैसे ही दोनों भाई एक स्क्रिप्ट तय कर लेंगे, फिल्म जरूर बनाई जाएगी।'

# 'शाहरुख के साथ काम करने की बात पहले मजाक लगी'

**मुंबई, एजेंसी।** प्रियामणि ने हाल ही में खुलासा किया कि जब उन्हें पहली बार रोहित शेट्टी के ऑफिस से शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'चेन्नई एक्स्प्रेस' के लिए फोन आया, तो उन्हें ये मजाक लगा था। प्रियामणि को यकीन ही नहीं हुआ कि ऐसा हो सकता है। प्रियामणि ने बातचीत के दौरान कहा- एक दिन मुझे रोहित शेट्टी के ऑफिस से फोन आया। मुझे लगा रोहित शेट्टी की टीम का कोई व्यक्ति मुझसे क्यों संपर्क करेगा। फिर उन्होंने मुझसे मुंबई आने के लिए कहा। इस बात के लिए मैं तुरंत मान गई और हामी भरकर फोन रख दिया। सच कहूं तो मुझे लगा कोई मुझसे शरारत कर रहा है। फिर मैंने ये पता करने के लिए कि कॉल क्या सच है या मजाक अपने मैनेजर से पूछा। 5 मिनट बाद मेरे मैनेजर ने जानकारी दी कि वो कॉल असली थी। बस फिर क्या था, अगला काम जो मैंने किया वो था- बैग पैक करके सीधा मुंबई आना। आखिरकार हमारी मुलाकात रोहित शेट्टी से हुई। रोहित शेट्टी ने मुझे बताया कि उन्होंने एक कन्नड़ गाना देखा है, जिसमें मैं और पुनीत राजकुमार हैं। प्रियामणि ने आगे कहा- मैंने 'चेन्नई एक्स्प्रेस' का एड अखबार में देखा था। मुझे पता था कि इस फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण हैं।

# फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में तापसी पन्नू और वाणी कपूर नजर आएंगी

**मुंबई, एजेंसी।** डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की अपकमिंग फिल्म 'खेल खेल में' की शूटिंग खत्म हो गई है। यह एक कॉमेडी जॉनर की फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार और तापसी पन्नू लीड रोल में हैं। दोनों के साथ वाणी कपूर भी देखी जाएंगी। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस करेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार और फरदीन खान करीब 17 साल बाद एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। 2007 में दोनों कॉमेडी फिल्म 'हे बेबी' में एक साथ नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर से कॉमेडी फिल्म में साथ दिखेंगे। वहीं तापसी पन्नू, अक्षय कुमार के साथ 'बेबी' और 'मिशन मंगल' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वाणी कपूर ने भी अक्षय के साथ फिल्म 'बेल बॉटम' में काम किया है। अक्षय कुमार के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। अली अब्बास के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसके तुरंत बाद अक्षय फिल्म सरफिरा में दिखाई देंगे, जो तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक है। सुधा कोंगारा प्रसाद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। अक्षय को फिल्म सिंघम अगेन में वीर सूर्यवंशी के रोल में देखा जाएगा। इसमें करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर भी दिखाई देंगे। फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में होंगे। इसके अलावा अक्षय के पास वेलकम टू द जंगल, स्काई फोर्स, हाउसफुल 5 और जॉली एलएलबी 3 जैसी फिल्में भी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# आंधी के साथ बूंदाबांदी, टीनशेड उड़ा, दो घायल

## आंधी में मूसानगर थाने के गेट का बोर्ड और पिलर गिरा, गेहूं की कटाई-मड़ाई में लगे किसानों की बढ़ी बेचैनी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद में कई दिनों से मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच शुक्रवार देर शाम आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई। कुछ ही देर बाद मौसम साफ हो गया। ऐसे में गेहूं कटाई-मड़ाई में लगे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। तेज आंधी के चलते मूसानगर में टीनशेड उड़ गया, जिसकी चपेट में आकर किशोर व युवती चुटहिल हो गए।

शुक्रवार की दोपहर तक तेज गर्मी के बाद शाम के समय आंधी के साथ काले बादल छा गए, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। इसके बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। वहीं आंधी के चलते खेतों पर कटी पड़ी फसल उड़ने लगी। किसी तरह किसानों ने गेहूं फसल को बचाया। किसानों ने बेमौसम आंधी-बूंदाबांदी होने पर सबसे ज्यादा गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

अधिकांश फसल सूख चुकी है। पानी गिरने से उसमें दाग पड़ जाता है। इससे किसानों को उपज का उचित दाम नहीं मिलता है। वहीं मूसानगर में शुक्रवार की शाम आई तेज आंधी में नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार अशोक नगर स्थित अनिल कुमार के घर में रखा टीनशेड उड़ गया, जिसकी चपेट में आकर घर के बाहर मौजूद अनिल कुमार का 13 वर्षीय पुत्र राजशेखर और साली सृष्टि (25) चुटहिल हो गए। परिजन दोनों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल ले गए।

इसी तरह मूसानगर थाने के मुख्य गेट पर लगा बोर्ड व पिलर तेज आंधी में उखड़ कर दूर जा गिरे। गनीमत रही कोई इसकी चपेट में नहीं आया।

थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि आंधी इतनी जोरदार और धूल भरी थी कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। हवा शांत होने के बाद उखड़े बोर्ड व पिलर को हटवा दिया गया। वहीं सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने आगामी पांच दिन तक हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना जताई है। फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है।

मूसानगर में आंधी से खेत पर उड़ी गेहूं फसल समेटती महिला। अमृत विचार

माती में आंधी से उखड़कर ईको पार्क की बाउंड्री पर अटका पेड़। अमृत विचार

### बूंदाबांदी से गेहूं की मड़ाई प्रभावित

वर्तमान में गेहूं की फसल कटाई और कुछ स्थानों पर मड़ाई चल रही है। कई किसान फसल काटकर खेत में सूखने के लिए छोड़ रखे हैं। ऐसे में शुक्रवार शाम आंधी आने के बाद कुछ देर के लिए बूंदाबांदी होने से खतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल गीली हो गई। जिससे मड़ाई प्रभावित हो गई है। किसानों ने बताया कि अगर आगे भी इसी प्रकार का मौसम रहा तो उन्हें ज्यादा नुकसान होगा।

### तेज आंधी में उखड़कर गिरे पेड़

शुक्रवार की शाम आंधी इतनी तेज थी कि कई जगहों पर पेड़ उखड़कर गिर गए। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोगों के घरों के ऊपर डाले गए लोहे के टीनशेड भी उड़ गए। तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी होने पर वाहन चालक भी सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर खड़े होकर अपने आप को बचाते दिखे। इस दौरान धूल के गुबार से लोगों को सामने भी कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था।

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों को करें चिह्नित

**कानपुर देहात।** सरवनखेड़ा विकासखंड में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान एसएमसी अध्यक्षों को बैज लगाकर बीईओ ने सम्मानित किया।

शनिवार को कार्यशाला में एआरपी सौरभ यादव ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन एवं उनके कार्यों के बारे में बताया। कहा कि समिति के सशक्त बनने से विद्यालय के छात्र छात्राओं को लाभ मिलता है। बच्चों के अधिकारों का संरक्षण समिति द्वारा किया जाता है। एआरपी संजय शुक्ला ने कहा कि विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा व स्टेशनरी खरीद के लिए 1200 रुपये भेजे जा रहे हैं। सभी अभिभावकों का दायित्व है कि धनराशि प्राप्त होने के एक सप्ताह के अंदर सामग्री को क्रय करना होगा।

- सरवनखेड़ा में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

एआरपी रुचिर मिश्रा ने बताया कि बच्चों के लर्निंग आउटकम में वृद्धि के लिए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा एक से तीन तक में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को भाषा एवं गणित में निपुण बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों को प्रदान की गई। इसके लिए बच्चों का निपुण लक्ष्य एप पर आकलन किया जाता है, जो बच्चे निर्धारित समय में दिए गए टास्क को पूरा कर लेते हैं। वह बच्चे निपुण हो जाते हैं।

एआरपी लालचंद सिंह ने कहा कि शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत उन बच्चों का नामांकन कराना है जो बच्चे कभी विद्यालय मे प्रवेश नहीं लिए है, या फिर बच्चों ने स्कूल में दाखिला तो लिया, लेकिन कुछ समय के बाद स्कूल जाना छोड़ दिए और 45 दिनों तक लगातार विद्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण आउट ऑफ स्कूल बच्चे बन गए। ऐसे बच्चों को चिंहित करें और अधिक से अधिक नामांकन कराएं।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली
अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## सार-संक्षेप

### तार टूटकर गिरने से दो मवेशियों की मौत

**मंगलपुर।** भंदेमऊ गांव में किसान श्रीराम के घर के सामने दो भैंस व एक पड़िया बंधी थी। शुक्रवार की देर रात अचानक तार टूट कर मवेशियों के ऊपर गिर गया, जिससे एक भैंस व एक पड़िया की करंट से मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत रही कि उस समय कोई ग्रामीण आसपास नहीं था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। गांव के मुख्य मार्ग पर विद्युत लाइन गिरने से लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ी। ग्रामीणों ने अधिकारियों को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति को बंद कराया। वही सूचना पर पहुंची डायल 112 और थाना पुलिस पुलिस ने भी जांच पड़ताल की। पीड़ित किसान ने मुआवजे की मांग की है। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल आदित्य यादव ने बताया कि मौके पर जाकर जांच की गई है। नियमानुसार सहायता दिलाई जाएगी।

### नशे में युवक ने फंदा लगाकर दे दी जान

**शिवली।** कोतवाली के गौरी बाघपुर निवासी श्याम सुंदर (29) मजदूरी कर जीवन यापन करता था। शुक्रवार की रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा। शनिवार की सुबह गांव के बाहर विश्राम सिंह के खेत पर बबूल के पेड़ में उसका शव लटकता मिला। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और छानबीन की। मौत पर मां बिंदरानी, पिता नन्हे, भाई सुमित, मोहित आदि का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्टया नशे में आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### मेधावी छात्रों को बांटे गए रिपोर्ट कार्ड

**पुखरायां।** अमरौधा कस्बे के श्रीबृज बिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 गृह परीक्षाओं के रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गये। जिससे छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने बताया कि बोर्ड परीक्षा से पहले कक्षा छह से ग्यारहवीं तक की वार्षिक परीक्षा संपन्न हुई थी। इधर सभी शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लग जाने के सत्र समाप्त होने से पहले 30 मार्च को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी एक अप्रैल से माध्यमिक शिक्षा का 2024-25 नया सत्र शुरू हो जाएगा। शनिवार को सत्र 2023-24 का परीक्षाफल भी घोषित हो गया है। जिसमे बच्चे अच्छे अंकों से पास हुए हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों का परीक्षाफल देखकर उनकी पढ़ाई की लगन व हौसले को बुलंद कर रही है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन पूरा सहयोग करेगा। इस मौके पर शिक्षक गया प्रसाद शुक्ला, शारिक अली, विकास कुमार मिश्र, बृजेंद्र कुमार निगम आदि रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा दिखाती मुक्ति का मार्ग

**रूरा।** बनीपारा के कल्याणीपुरवा में श्रीमदभागवत कथा के प्रथम दिवस में व्यास निर्मल कुमार द्विवेदी ने भागवत का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से इसका भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया। वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परम हंसों की संहिता है। भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है और कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। इस मौके राम नारायण तिवारी, रामहित सिंह, हरी त्रिपाठी, विष्णुकांत तिवारी, राधा मोहन आदि लोग मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी में पुरस्कृत हुए छात्र

**कानपुर देहात।** अकबरपुर क्षेत्र के पीसीएसबी इंटर कॉलेज भुगनियांपुर में जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का डीआईओएस अचल कुमार मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। डीआईओएस ने डीजल इंजन स्वनिर्मित रीपर मशीन की प्रदर्शनी में प्रथम आए सुरेंद्र कुमार शर्मा को आठ हजार, द्वितीय मिट्टी के बर्तनों के आधुनिकीकरण के लिए रामचंद्र प्रजापति को पांच हजार व तृतीय बोतल के अंदर फर्नीचर के लिए हरिओम को तीन हजार रूपये की धनराशि, स्मृति चिंह व प्रशस्ति पत्र प्रदान पुरस्कृत किया गया।

### राज्यमंत्री को नहीं मिलीं सीडीपीओ, कमरे का ताला सीज

**शिवली।** राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला शनिवार दोपहर बाद मैथा ब्लाक परिसर में खुले बाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंच गईं। इस दौरान प्रभारी सीडीपीओ सुमन लता यादव अनुपस्थिति मिलीं। फोन से सम्पर्क करने के बावजूद कार्यालय नहीं पहुंचीं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व स्वयं सहायता समूह को वितरित किया जाने वाला ड्राई राशन कमरों में बंद मिला, जिसमें ताला लगा हुआ था। कर्मचारियों ने बताया कि कमरे की चाबी व स्टाक रजिस्टर सीडीपीओ अपने साथ ले गई हैं। राज्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए बीडीओ महिमा विद्यार्थी व नायब तहसीलदार अनिल चौधरी की मौजूदगी में कमरों को सीज कर दिया और निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री व समूह की उपस्थिति में तीन अप्रैल को बीडीओ के निर्देशन में ताले खोले जाएं एवं स्टाक रजिस्टर से मिलान किया जाए। नायब तहसीलदार सही जवाब नहीं दे सके। बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने फोन बंद कर लिया।

### टीनशेड लगाते समय घायल श्रमिक की थम गईं सांसें

**रनियां।** एक ढाबे में टीनशेड का काम कर रहा श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। निजी अस्पताल से कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। गजनेर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 सरदार पटेल नगर निवासी अरुण कुमार उर्फ रामू (40) पुत्र बलराम रनियां के एक ढाबे में टीनशेड लगा रहा था, तभी अचानक गिर जाने से गंभीर चोटें आ गईं। ढाबा मालिक ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार को हालत ज्यादा बिगड़ते देख परिजन कानपुर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में सांसें थम गईं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सहायक अध्यापिका के रिटायर होने पर दी गई विदाई

**कनपुर देहात।** सहायक अध्यापिका के सेवानिवृत्त होने पर शिक्षकों ने माला पहनाकर विदाई दी। कानपुर नगर निवासी ऊषा रानी त्रिपाठी डेरापुर क्षेत्र के मवई मुक्त गांव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में सहायह अध्यापिका के पर पर कार्यरत थी। उनके सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को नंदपुर न्याय पंचायत अंतर्गत सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने उनकी कार्य शैली की प्रशंसा की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज कुमार सचान ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट किए। वहीं अन्य ग्रामीणों ने माला पहनाकर व उपहार देकर गाजे बाजे के साथ विदा किया।

# कम मतदान वाले केंद्रों पर चलाएं जागरुकता अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर व सीओ के साथ बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।

शनिवार को बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो दायित्व लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिकोण से सौंपे गए हैं। उनका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने डीपीआरओ, बीएसए व डीआईओएस को निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रों पर रैम्प, स्वच्छ पेयजल, शौचालय आदि से संबंधित व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाए। जिन क्षेत्रों में या जिन मतदान केंद्रों पर पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है। वहां पर विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। यदि किसी भी स्थान पर एमसीसी उल्लंघन से संबंधित कोई प्रकरण मिले तो उस पर कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने चुनाव प्रभावित करने वाले व्यक्तियों पर निरोधात्मक कार्रवाई के भी निर्देश दिए। अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्वाचन से संबंधित कोई भी रिपोर्ट समय से उच्च स्तर पर प्रेषित की जाए। बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता, एएसपी राजेश पांडेय, डीएफओ एके द्विवेदी, सभी एसडीएम व सीओ उपस्थित रहे।

एआरओ व सीओ के बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

- लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

### चुनाव में अनावश्यक छपाई से बचें

**कानपुर देहात।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव में गैर-जैव निम्नीकरणीय सामग्रियों के उपयोग के कारण होने वाले पर्यावरणीय खतरों पर चिंतित है। ऐसे में आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्वाचन अधिकारियों को पर्यावरण अनुकूल चुनाव संपन्न कराने के लिए विभिन्न दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी चुनाव प्रक्रियाओं और आयोजनों में पर्यावरण अनुकूल सामग्री का उपयोग किया जाए। विभिन्न प्रकार के कचरे का प्रथक-प्रथक निस्तारण भी सुनिश्चित कराएं। मतदान केंद्रों पर मतदाता सूचियों और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करें। दस्तावेजों की अनावश्यक छपाई से बचें और ई-पुस्तकों, इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों के उपयोग पर जोर दें। परिवहन के लिए पर्यावरण अनुकूल वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए।

## नाबालिग का फोटो वायरल करने में केस

**मूसानगर।** क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करते हुए युवक ने फोटो खींचकर वायरल कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नाबालिग के पिता ने मूसानगर थाने में तहरीर देकर बताया कि पथार के सुमित ने उसकी पुत्री को बरगला कर प्रेमजाल में फंसा लिया और उसके साथ आपत्तिजनक फोटो भी ली। फिर शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा। पुत्री के मना करने पर युवक ने फोटो वायरल कर दी। जब उसे फोटो वायरल होने की जानकारी मिली तो वह उलाहना देने गया। एसओ दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि तहरीर पर छेड़छाड़ व आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# बोर्ड का कॉपियां ढोने का विरोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने वर्ष-2024 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडलों को मूल्यांकन/क्षेत्रीय कार्यालयों तक पहुंचाने संबंधी जारी आदेश का विरोध किया है। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, महानिदेशक स्कूल शिक्षा समेत अन्य अधिकारियों को संबोधित ज्ञापन एडीआईओएस को सौंपा।

माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार दीक्षित व जिलामंत्री शिव कुमार गौतम ने पदाधिकारियों के साथ डीआईओएस कार्यालय माती पहुंच कर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) के 26 मार्च को जारी आदेश का विरोध जताया। उन्होंने अपर डीआईओएस रवि वर्मा को दिए ज्ञापन में कहा कि आदेश में कहा गया है कि वर्ष-2024 की यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडलों को मूल्यांकन/क्षेत्रीय कार्यालयों तक पहुचाने में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। बंडलों को पहुंचाने के लिए सिर्फ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की ही ड्यूटी लगाई जाएगी। जिसका शिक्षणेत्तर संघ विरोध करता है। उन्होंने कहा कि ऐसा भेदभाव पूर्वक आदेश वापस लिया जाए और दूसरा आदेश पारित किया जाए। अगर उनकी मांग नहीं मानी जाती है तो संगठन आंदोलन करने पर विवश होगा। इस दौरान सुनील कुमार, राजेंद्र सविता, पालन कुमार आदि मौजूद रहे।

एडीआईओएस को ज्ञापन देते संघ के पदाधिकारी।

## रूरा में दबोचे गए दो टप्पेबाज

**रूरा।** टप्पेबाजी कर चुके दो युवकों को पहचान कर लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

शुक्रवार को कस्बे में रेलवे क्रासिंग पार दो युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े थे। तभी शक होने पर लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को थाने ले गई। पुलिस की पूछताछ में युवकों ने अपना नाम संजीव निवासी हारामऊ थाना भोगनीपुर व राहुल निवासी ब्रम्हनगर अकबरपुर बताया। दोनों ने बताया कि उन्होंने रूरा कस्बे के विपुल दीक्षित के साथ करीब एक साल पहले 70 हजार रुपये की टप्पेबाजी की थी। जबकि बीते पिछले साल 21 दिसंबर को डाकघर से 35 हजार रुपये लेकर जा रहे अभिकर्ता सीताराम पांडेय को झांसा देकर अपनी बाइक पर बैठा लिया था। जेब काटने के दौरान उन्होंने बाइक रोकने को कहा था। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि टप्पेबाजों से पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

फाग की धूम | राजपुर में बीहड़ के गांवों से जुटे फगुआरों ने होली मिलन में लगाया अबीर-गुलाल

# भइया के अंगना में भौजाई पर रंग की फुहार...

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार:** कस्बा के शिवधाम वाटिका में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी रंग पंचमी के दिन होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ढोलक की थाप के साथ फाग गायकों ने वर्षों पुरानी परंपरा कायम रखते हुए सभी का मन मोह लिया। होली मिलन में अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गईं।

शनिवार को राजपुर के शिवधाम वाटिका में होली मिलन का आयोजन किया गया। पुरानी परंपरा के अनुसार बीहड़ पट्टी के दर्जनों गांवों से आए फगुआरों ने ढोलक की थाप पर फाग गायकी से सराबोर किया। फाग गायकों में पिटाकपुर के शिव सागर ने जमुना तीर खेलत गेंद कन्हैया व छेदीलाल ने ब्रज की नगरिया में नंद भये लाल, भईया के अंगना में भौजाई पर रंग की फुहार से शमा बांध दी। झींका वादक शिशु पाल ने उम्दा प्रस्तुति दी। हरमोनियम वादक कमलेश मिश्रा व डालचंद्र ने ढोलक की थाप पर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। आयोजक गौरक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने अतिथियों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर फाग संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर है। पहले चारों तरफ फगुआरों की टोलियां निकलतीं थी। जगह-जगह फाग की महफिलें भी सजतीं थी। अब लोगों की व्यस्तता के चलते समय कम हो गया है। इसके बावजूद अभी बुजुर्गों के बीच यह परंपरा जीवित है। वहीं भाल गांव के प्रधान बब्बन दीक्षित ने फगुवारों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि फाल्गुन माह में होने वाले फाग गायकी की परंपरा आज भी जीवित है। इस मौके पर सिलहरा प्रधान रामवली सिंह, समाजसेवी रामदास सिंह, रामवली सिंह बाबा, शौकत अली, कुलदीप पाठक, शीलू, प्रांशू मिश्रा, मंजीत मिश्रा, विमल, गुड्डू, लालू, पप्पू, कपिल देव सिंह एडवोकेट, हरिओम शुक्ला आदि रहे।

होली मिलन समारोह में फाग गाते फगुआरे। अमृत विचार

### सूचना

यह कि मैं सलीम खां पुत्र कुर्बान अली निवासी अशोक नगर सिकंदरा मेरे बड़े बेटे व उसकी पत्नी आए दिन लड़ाई-झगड़ा करते हैं। इस बात से तंग आकर मैंने अपने बड़े पुत्र समीम व उसकी पत्नी तबस्सुम को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है। बेटे-बहू के कोई भी समाज विरोधी कार्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। सलीम खां पुत्र कुर्बान अली निवासी अशोक नगर तहसील सिकंदरा, कानपुर देहात

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# चढ़ता जा रहा पारा, मई-जून जैसा अहसास

## मार्च में ही धूप दिखा रही तेवर, गर्मी से बचने के लिए जतन शुरू

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सर्दी के बाद अब गर्मी भी लोगों की परीक्षा लेने के लिए तैयार है। बीतते दिनों के साथ तापमान में बढ़ोतरी लोगों के लिए फिक्र का सबब बना हुआ है। लोगों ने अभी से गर्मी से बचने के इन्तजाम करना शुरु कर दिए हैं। जिससे गर्मी के प्रकोप से बचा जा सके।

गर्मी का मौसम दस्तक दे चुका है। लोग दोपहर के साथ रात में भी गर्मी महसूस करने लगे हैं। खुले आसमान की धूप लोगों को अभी से मई-जून का अहसास करा रही है। लोगों ने तेज धूप में बे-वजह सफर करने से परहेज करना शुरु कर दिया है। शनिवार को सुहावने मौसम के बीच लोगों की सुबह हुई पर जैसे-जैसे वक्त बीता वैसे-वैसे धूप की तेजी बढ़ती गई। शाम को ही लोगों को राहत मिल पाई। साथ ही न्यूनतम तापमान में भी इजाफा हुआ है। इसलिए रात में भी लोग अब गर्मी से परेशान होने लगे हैं। मौसम के जानकार कहते हैं कि सर्दी की तरह इस बार गर्मी भी खूब पडेग़ी। इसलिए लोग मौसम के मुताबिक अपना बचाव करते रहें।

तपती दोपहर में गर्मी से बचाव करने को गन्ना का जूस पीते बच्चे। अमृत विचार

### तापमान में इजाफा बना मुसीबत

शनिवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बीते शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 .5 व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा था।

### कूलर की मरम्मत करने वाले हो गए सक्रिय

लोग गर्मी की दस्तक होते ही बाजार भी गर्मी से जुड़ी चीजों से सज गए हैं। एक तरफ कूलर की मरम्मत करने वाले सक्रिय हो गए हैं। वहीं, दूसरी ओर हर मोहल्लों स्थित दुकानों में कूलर, पंखे, एसी आदि चीजें सजा दी गई हैं। लोगों की भीड़ अभी से पहुंचने लगी है।

# धूलभरी आंधी के बाद हुई बूंदाबांदी, गर्मी से रही राहत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शुक्रवार की देर शाम मौसम ने बदली करवट

**अमृत विचार।** कई दिनों से लगातार पड़ रही गर्मी से उस समय राहत मिल गई, जब शुक्रवार को देर शाम को अचानक मौसम बदलने के साथ धूलभरी आंधी और बाद में हल्की बारिश शुरू हो गई। इससे लोगों ने काफी सुकून महसूस किया। इधर, बारिश से खेतों में कटी पड़ी गेहूं आदि फसलें प्रभावित होने को लेकर किसानों के माथे पर एक बार फिर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। होलिका दहन के साथ ही गर्मी ने दस्तक दी। चार दिनों के भीतर गर्मी में लोगों का हाल बेहाल रहा।

बीते शुक्रवार को भी मौसम तीखा रहा। दोपहर के वक्त तेज धूप लोगों को चुभ रही थी। इससे मेन बाजारों में रोज के अपेक्षा कम भीड़भाड़ रही। शाम छह बजे के बाद मौसम बदला और धूल भरी आंधी शुरू हो गई। इससे सड़कों पर धूल के गुबार उड़ते नजर आए। कई लोगों की छतों और छज्जों के टीन टप्पर उड़कर सड़कों पर आ गए। गनीमत यह रही कि किसी तरह की कोई घटना नहीं हुई। मौसम के अचानक बदलते तेवरों को देख कर किसानों की धड़कने बढ़ गयी हैं। आसमान में छाए बादलों को देख अन्नदाताओं ने ईश्वर से मिन्नते करनी शुरू कर दी हैं। इन दिनों खेतों में गेंहू व सरसों की फसल पकनी शुरू हो गयी है। इन सबके बीच छाए बादलों के अचानक घुमड़ने से किसानों की मुश्किलें बढ़ती नजर आयी। बादलों के बदलते तेवरों के बीच मौसम के जानकारों ने तेज हवा के साथ कई स्थानों पर बारिश की आशंका जताई है। किसानों को डर है कि मौसम कहीं बदला तो खेतों में खड़ी फसल पर तगड़ा नुकसान हो सकता है।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- प्रशिक्षण के लिए पांच ईवीएम को निकाला गया
- अपने समक्ष स्ट्रांग रूम को कराया दोबारा सील

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में पूरी पारदर्शिता लाने के लिए शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम सी. इंदुमती ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारयों के साथ वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए चुनाव में अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम, वीवी पैट, बैलेट यूनिट का अपने समक्ष सील तोड़वाकर ईवीएम, वीवी पैट, बैलेट यूनिट को देखा और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण के लिए पांच मशीनों (ईवीएम, वीवी पैट, बैलेट यूनिट) को चयनित कराते हुए निकाली गईं। साथ ही अपने समक्ष स्ट्रॉन्ग रूम को सील करवाया।

डीएम ने वेयर हाउस का निरीक्षण किया। अमृत विचार

उन्होंने प्रशिक्षण के लिए रखी गई ईवीएम, वीवी पैट, बैलेट यूनिट का सीरियल नम्बर राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित को दिए।

वेयर हाउस की निगरानी के लिए लगाये गए सीसीटीवी कैमरों की जांच की जो सभी क्रियाशील पाए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारी सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

**बिन्दकी।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश निरीक्षक कानपुर प्रांत आत्मानंद, संभाग निरीक्षक शिवकरण, विद्यालय के अध्यक्ष अशोक मिश्र, प्रबंधक डॉक्टर एसके मिश्रा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल गुप्ता तथा प्रधानाचार्य बलराम सिंह आदि की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। परीक्षा प्रभारी अनिल ने हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम की सभी कक्षाओं का परिणाम घोषित किया।

### संवेदनशील गांवों में सुनाई दी बूटों की धमक

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की टीम पूरी तरह से अलर्ट है। शनिवार को जिले भर में अलग अलग स्थानों पर अर्धसैनिक बलों को साथ में लेकर पुलिस ने रूट मार्च किया। आम जन को सुरक्षा का भरोसा दिया। सीओ थरियांव के नेतृत्व में असोथर पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के साथ थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांव कुशुम्भी, बेरांव, घनघोल, बिलारी मऊ, प्रेममऊ कटरा, बेरुई, जमला मऊ, छिछनी, रिठवां, सिवरी समेत कई गांवों के हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया गया। मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर भी पुलिस की नजर रही। रूट मार्च कर पुलिस ने आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया।

### चेयरमैन ने सिटी फैशन का किया उद्घाटन

**फतेहपुर।** सिटी फैशन रेडीमेड रमेंट का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्या एडवोकेट द्वारा फीता काटकर किया गया। शनिवार को चौक स्टेशन रोड स्थित पनी मोहल्ला स्थित सिटी फैशन रेडीमेड गारमेंट शाप का मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार मौर्या ने उद्घाटन किया गया। संचालक शाहनवाज़ अनवर व सऊद अनवर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। संचालक ने बताया कि प्रतिष्ठान में फॉर्मल पार्टी वियर एव कैजुअल वियर उपब्ध है।

# चुनाव ट्रेनिंग के लिए मास्टर ट्रेनर्स तैयार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया और पार्टी रवानगी कराने तक दिया गया प्रशिक्षण
- जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में हुए कार्यक्रम में बताई गई बारीकियां

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर कार्मिकों का प्रशिक्षण देने के लिए शनिवार को मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। सकुशल चुनाव संपादित कराने के लिए विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी. इंदुमती के पर्यवेक्षण एवं मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी सलीम खान द्वारा ईवीएम से मतदान प्रक्रिया, पार्टी रवानगी से मतदान कराने तक का बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण को संवेदनशीलता के साथ बारीकी समझ लें। जिससे मतदान में लगाए गए कार्मिकों को भलीभांति प्रशिक्षण दिया जा सके और मतदान में दिक्कत न हो सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम मौजूद सीडीओ व अन्य। अमृत विचार

प्रशिक्षण को ध्यानपूर्वक देखे और सीखें। यदि कहीं समझ में न आए तो सवाल करके दोबारा पूछकर अपनी शंका का समाधान अवश्य कर लें।

प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, परियोजना निदेशक डीआरडीए शेषमणि सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय, उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, जिला उद्यान अधिकारी, मास्टर ट्रेनर सलीम खान सहित मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

# बैंक प्रबंधक से मारपीट सीसीटीवी कैमरे में कैद

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बैक ऑफ बडौदा की शाखा में मार्च क्लोजिंग से सम्बंधित कार्य किया जा रहा था। उसी समय पंकज सिंह निवासी हसवा कस्बा जो कि मकान मालिक का भतीजा है। बैंक के अंदर जबरन घुसकर बिना वजह जूता दिखाकर गाली गलौज शुरू कर दिया। मना करने पर कैश रूम के तरफ जाने लगा। जब बैंक प्रबंधक ने रोकते हुए बाहर करने का प्रयास किया तो सरकारी काम में बंधा डालते हुए प्रबंधक के साथ मारपीट शुरू कर दिया। मारपीट का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। शाखा प्रबंधक ने तहरीर देकर पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थरियांव थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बैंक प्रबंधक सत्य नारायण कुमार ने बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा कस्बा हसवा की शाखा में प्रबंधक पद पर कार्यरत हैं।

बैंक के अन्दर घुसकर शाखा प्रबंधक से हुई मारपीट की फुटेज।

26 मार्च की शाम करीब पौने सात बजे बैंक क्लोजिंग के समय काम कर रहा था उसी समय मकान मालिक का भतीजा बैंक में जबरन घुस आया और मारपीट करने लगा। उन्होंने बताया कि मारपीट के दौरान आंख व आस पास काफी चोट लग गई और गले में पहने दो सोने की चैन गिर गई। जिसमें एक चैन गायब हो गई और एक चैन का आधा हिस्सा ही मिल पाया था। पीड़ित शाखा प्रबंधक ने आरोप लगाया कि रात में करीब 12 बजे के आसपास मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### जंगल गई महिला से युवक ने तमंचे के बल पर किया दुष्कर्म

**असोथर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में शौच क्रिया को गई महिला से वापस लौटते समय एक बाग में गांव के ही एक युवक ने तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। किसी से बताने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला शौच क्रिया कर वापस लौटते समय बच्ची सिंह के बाग में गांव के ही नफीस पुत्र रशीद उर्फ लोलटा ने महिला को तमंचा दिखाकर जबरन बलात्कार किया और किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए महिला के देवर भीम के मौके पर पहुंचते ही भाग निकला। इस संबंध में महिला ने परिजनों को आपबीती सुनाई और पुलिस को सूचना दिया। जब पीड़ित महिला को पुलिस से मदद नहीं मिली तो पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। जिस पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### दबंगों ने घर में घुसकर महिला और परिजनों के साथ की मारपीट

**असोथर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन माह पूर्व एक महिला और उसके परिजनों के साथ गांव के कुछ दबंगों ने घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया था। जिस पर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। जानिकपुर मजरे कौंडर निवासी जग्गी पत्नी शिवनाथ ने बताया कि तीन माह पूर्व गांव का नफीस गाली गलौज कर रहा था। जब मना किया तो नफीस ने मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए महिला के पुत्र भीम और परिवारीजन देशपति, मनोरानी, श्यामा को भी नफीस, तौहीद, तौफीक और नफीस की पत्नी नाम अज्ञात ने घर में घुसकर जाति सूचक गाली गलौज और लाठी डंडों से मारते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

**फतेहपुर।** इन दिनों चल रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं की कापियों के मूल्यांकन का कार्य शनिवार को समाप्त कर दिया गया। तीन केन्द्रों में हाईस्कूल एवं इंटर की कापियों का मूल्यांकन तो शुक्रवार को ही समाप्त हो गया था, शनिवार को इंटरमीडियट के भी दोनों केन्द्रों में कापियों का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया। जिले को मिली हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट की कापियों का लक्ष्य निर्धारित समय से एक दिन पहले ही पूरा कर लिया गया। जिले को यूपी बोर्ड परीक्षा की हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट की करीब 4 .34 लाख कापियों का लक्ष्य दिया गया था। शुक्रवार को राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज एवं सदाशिव इंटर कालेज में मूल्यांकन पूरा हो गया था। वहीं एएस इंटर कालेज में शेष बची 10468 कापियों का भी शनिवार की दोपहर में मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया। परीक्षा प्रभारी विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को चारों मूल्यांकन केन्दों में कार्य पूरा कर लिया गया है।

### साफ करने का झांसा देकर जेवर ले उड़े टप्पेबाज

**फतेहपुर।** जेवर साफ कराने का पाउडर बेचने का झांसा देकर शातिर सेवानिवृत्त फौजी की पत्नी के जेवरात उड़ा ले गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल जांच में जुटी है। महिला के पुत्र ने थाने में तहरीर दी है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गांव उमरौड़ी गांव के सूबेदारखेड़ा निवासी सेवानिवृत्त फौजी अमर पटेल की पत्नी सुमन बृहस्पतिवार की शाम दरवाजे पर बैठी थी। उन्होंने बताया कि बाइक सवार दो लोग आए। जेवरात साफ करने का पाउडर और वाशिंग पाउडर बेचने की बात कही। जेवरात साफ करने का पाउडर दिखाकर सफाई का झांसा दिया। वह दो सोने की चेन, एक जोड़ी टाफ्स, एक जोड़ी पायल लेकर पहुंची। बाइक सवारों ने जेवर पानी भरी कटोरी में डाले। कछ हल्दी भी डाली। पायल साफ कर लौटा दी। बाकी जेवर कुछ देर बाद निकालने की बात कहकर चले गए। महिला ने कुछ देर कटोरी में हाथ डाला तो जेवर गायब थे। शोर मचाकर पड़ोसियों व परिजनों को खबर दी।

# ट्रैक्टर से कुचल कर तीन लोगों की मौत में गिरफ्तार

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** चांदपुर थाने के दपसौरा गांव में 24 मार्च की रात ट्रैक्टर से कुचलकर चाचा-भतीजे समेत तीन की मौत के मामले में पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों को गैरइरादतन हत्या में जेल भेजा है। दो अन्य की तलाश में पुलिस जुटी है।

चांदपुर थाने के रूरा निवासी मनोज निषाद लकड़ी कटाई व ट्रैक्टर से कृषि कार्य करता था। वह 24 मार्च को भतीजे कल्लू व दपसौरा गांव के मइयादीन के साथ दपसौरा गांव में रामबहादुर सिंह के खेत पर थ्रेसर से गेहूं की कतराई को गया था। मनोज के पिता रामखेलावन का आरोप है कि बेटे और उसके साथियों को दबाव बनाकर काम कराने ले गए थे। जहां रामबहादुर सिंह, चुन्नू सिंह परिहार, धीरज सिंह व दो अन्य लोगों ने बेटे, कल्लू व मइयादीन की कुचल कर हत्या कर टी थी। पुलिस ने नामजद तीन व दो अन्य के खिलाफ बलवा, गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने नामजद चुन्नू सिंह परिहार, रामबहादुर, धीरज सिंह को जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक बेचेलाल प्रसाद ने बताया कि नामजद आरोपियों को जेल भेजा गया है। अन्य की तलाश हो रही है।

# शिक्षक के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** माह के अंत में सेवानिवृत होने वाले भूतपूर्व सैनिक शिक्षक को भूतपूर्व सैनिक शिक्षकों ने स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर विदाई दी। वहीं उनके द्वारा किए गए योगदान की चर्चा भी की गई।

धाता के प्राथमिक विद्यालय प्रथम के सहायक अध्यापक जगत नारायण सिंह वायु सेना से सेवानिवृत होने के बाद भूतपूर्व सैनिक कोटेशन 2004 बैच में बीटीसी की जिनको टेट परीक्षा के बाद 2013 में विजयीपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जमकोईली में प्रथम तैनाती मिली। जगत नारायण सिंह अपना कार्य सजगता एवं समर्पण के साथ करने के लिए जाने जाते थे। अपने विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय बनाया। इसके बाद इनका तबादला धाता कस्बे के प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर हुआ। वायु सेवा से सेवानिवृत होने के कारण इनमें देश सेवा के प्रति हमेशा एक विशेष जज्बा देखने को मिलता था। जिसके चलते इन्होंने अपने विद्यालय को अंग्रेजी माध्यम के साथ बच्चों के संख्या में कई गुना वृद्धि होने में भी इनका विशेष योगदान रहा। उनकी सेवानिवृत्ति 31 मार्च को होनी है। जलवंत सिंह, एके अवस्थी, बुधराम गौतम सहित अन्य लोगों ने अवध नरेश सिंह के निवास पर विदाई समारोह किया।

विदाई समारोह में जुटे शिक्षक। अमृत विचार

स्वास्थ्य | ओपीडी में मौसमी बीमारी के मरीजों की भीड़, डॉक्टर कक्ष से पर्चा काउंटर तक कतार

# बुखार से तप रहे, सिर दर्द के साथ आ रहे चक्कर

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल की ओपीडी में शनिवार को मौसमी बीमारी के मरीजों की भीड़ रही। पर्चा कांउटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक भीड़ रही। मौसम का जो मिजाज बदला है उससे सेहत बिगड़ रही है, शरीर तप रहा है और चक्कर आ रहे हैं। ओपीडी में एक हजार से अधिक मरीज पहुंचे। इलाज कराया लेकिन इस दौरान दिखाने के लिए धक्का मुक्की भी हुयी।

सुबह 9 बजे के बाद से ही ओपीडी में भीड़ बढ़नी शुरू हो गयी। डॉक्टर देर से बैठे। ऐसे में पर्चा बनवाने के बाद बीमारों को इंतजार करना पड़ा। मौसमी बीमारी के मरीजों को हृदय रोग के डॉक्टर के साथ साथ फिजीशियन ने भी देखा। क्योंकि फिजीशियन का पद लंबे समय से खाली है। जो भी मरीज इलाज को पहुंचे उन्हें बचाव के तरीके बताये गये। मौसम में जो उतार चढ़ाव है उसमें खान पान को लेकर भी समझाया गया। डॉक्टर ने बताया कि इस समय पेट दर्द, पीठ दर्द, बुखार और सिरदर्द के मरीज सबसे ज्यादा आ रहे हैं। ऐसे बीमारों को देखकर दवा दी जा रही है और उन्हे बचाव के तरीके बताये जा रहे हैं जिससे कि लोग जल्द से जल्द स्वस्थ हो सकें। वहीं मरीजों को पर्चा बनवाने के बाद एक घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। तब जाकर उन्हें खांसी, जुकाम की दवा मिल पा रही है। थरियांव निवासी रामकिशोर ने बताया कि घुटनों में दर्द था। एक घंटे के इंतजार के बाद दवा मिली।

इसी तरह से अन्य कई रोगों के मरीज इलाज के लिए भटक रहे थे। सीएमएस डा. पीके सिंह का कहना है कि अस्पताल में इस समय मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इसके पीछे मौसम का कारण है। जो भी मरीज आ रहे हैं उन्हें देखकर दवा दी जा रही है और बचाव के तरीके बताये जा रहे हैं। डॉक्टर बीच में राउंड पर जाते हैं इसलिए दिक्कत आती है। प्रयास यही है कि कोई भी बीमार बगैर इलाज के न जाये।

ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### बिन्दकी सीएचसी में भी उमड़ रहे मरीज

सीएचसी में मौसमी बीमारी के मरीज सबसे ज्यादा इलाज के लिए पहुंचे। दोपहर तक डेढ़ सैकड़ा मरीजों ने ओपीडी के लिए पर्चे बनवाए थे। लैब में बीपी, शुगर, मलेरिया आदि की जांच हो रही थी। अस्पताल में आवारा कुत्ते और मवेशी भी घूम रहे थे। भीड़ के चलते पंजीकरण कक्ष के बाहर धक्का मुक्की हुयी। यहां के डाक्टर ने बताया कि मौसम बदलने के कारण अधिकतर मरीज चर्म रोग के हैं। इसके साथ ही साथ सर्दी, जुकाम और बुखार के भी मरीज आ रहे हैं। ऐसे बीमारों को देखकर दवा दी जा रही है और बचाव के तरीके बताये जा रहे हैं जिससे कि वह जल्द ठीक हो सकें।

# आए दिन आरोप लगाने वाले को बताया विक्षिप्त

संवाददाता फतेहपुर

- गांव के एक युवक पर लगाया था गोली मारने का आरोप
- कई लोगों के खिलाफ दे चुका है थाने में तहरीर

**अमृत विचार।** विक्षिप्त एवं नशेड़ी बेटे की हरकतों से आजिज पिता ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा आयदिन गांव के निर्दोष लोगों के ख़िलाफ़ थाने में तहरीर देता है। वह लोगों को मानसिक एवं आर्थिक रूप से भी प्रताड़ित करता है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर मकरंदपुर निवासी मोहम्मद अजीम पुत्र पीर बख्श ने थाने में पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका बेटा पुत्र नसीम जो ई-रिक्शा चालक है। आयदिन गांव के शरीफ लोगों के खिलाफ थाने में झूठे प्रार्थना पत्र देकर लोगों को मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित करता है।

ऐसा ही एक मामला शुक्रवार की रात का है, बताया कि अचानक रात में करीब एक बजे के बाद उसने अपने पैर में किसी चीज से मार लिया। चीख चीखकर गांव के गुफरान पर गोली मारने का आरोप लगाया जो पूरी तरह से निराधार है। इसके पूर्व भी कई बेगुनाहों पर फर्जी आरोप लगा चुका है।

बेटे की पत्नी नुरैशा बेगम ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसका पति अर्ध विक्षिप्त है। गांव के राम स्वरूप, प्रकाश, मुशरान, राजू, आबिद रजा सहित कई लोगों के खिलाफ यह बे-बुनियाद आरोप पत्र थाने में दे चुका है। ऐसी स्थिति में इसके द्वारा लोगों पर लगाए जा रहे आरोप निराधार है। इसकी गलत गतिविधियों के चलते गांव में भय का माहौल व्याप्त है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा यूपी बोर्ड का वर्ष 2017 हाईस्कूल अनुक्रमांक 1892111 तथा इन्टरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1480009 व बीओबी पाससबुक खाता– 36368100002117 वास्तव मे खो गया है। **अखिलेश कुमार वर्मा पुत्र महेन्द्र कुमार वर्मा, निवासी– ग्राम– मनिकापुर परासिन, विकवाजितपुर सुलतानपुर यूपी।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद वर्ष 2021 में अम्बिका संस्कृत उच्चतर माध्यमिक महाविद्यालय हनुमानगंज अठेहा जिला प्रतापगढ़ से उत्तीर्ण पूर्व माध्यमा द्वितीय वर्ष का मूल प्रमाणपत्र (सार्टिफिकेट) जिसका अनुक्रमांक 21224697 है वह कही खो गया है। **–प्रिंस तिवारी पुत्र संजय कुमार तिवारी, निवासी– ग्राम– महानन्दपुर , पोस्ट– परशदेपुर, तहसील– सलोन, जिला– रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गया प्रसाद पुत्र स्व0 राम आसरे, निवासी– गजवरियन खेडा कल्ली पश्चिम, थाना– एस0जी0पी0जी0आई0, तहसील– सरोजनीनगर जिला लखनऊ** मेरी पुत्री शिवानी उम्र लगभग 18 वर्ष ने अपनी मर्जी से सुरेन्द्र पुत्र अयोध्या निवासी– गजवरियन खेडा कल्ली पश्चिम, थाना– एस0जी0 पी0जी0आई0, तहसील– सरोजनीनगर जिला लखनऊ से विवाह कर लिया है। उसके इस कृत्य से क्षुब्ध होकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा । अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े पुत्र शशांक मिश्र व उसकी पत्नी किरन मिश्रा का चाल चलन व आचरण गलत है एवं विगत कई वर्षो से मेरा उसके परिवार से किसी प्रकार का सरोकार नहीं है, शशांक व उसकी पत्नी किरन से परेशान होकर दोनों को अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। **सर्वेश्वर मिश्र पुत्र भानु उदय मिश्र, निवासी– बभनान जमुनहा, शुगर मिल गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम उमेश दास सुत्त स्व0 भगवानदास, निवासी– ग्राम व पो0 व थाना – बारापट्टी, जिला– गया, बिहार ,** मेरे पुत्र क्षितिज तेजस्वी की जन्मतिथि विद्यालय में त्रुटिवश 10–02–2012 दर्ज हो गयी है जो गलत है जबकि सही जन्मतिथि– 10–02–2014 ई. है। अतः मेरे पुत्र की गलत जन्मतिथि को सही कर 10.02.2014 अंकित किया जाय है।

# बहू की हत्या में पति समेत तीन ससुरालियों को 10 साल कारावास

## छह वर्ष पूर्व मलवां क्षेत्र में हुई थी घटना, स्पेशल ईसी कोर्ट के न्यायाधीश ने सुनाई सजा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** दहेज हत्या के मामले में स्पेशल ईसी कोर्ट के न्यायाधीश विनय तिवारी ने पति, सास, ससुर को दोषी करार दिया। कोर्ट ने तीनों को 10-10 साल कैद और अर्थदंड से दंडित किया है।

मलवां थाना क्षेत्र के लिलंबरपुर निवासी विश्राम सिंह की पुत्री पारूल की शादी 16 फरवरी 2017 को शहर के आदर्श नगर निवासी विकास वर्मा के साथ हुई थी। शादी के बाद विवाहिता को पति, ससुर रवींद्र वर्मा, सास शिवदुलारी दहेज में दो लाख रुपये नकदी की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। विवाहिता

का 17 मई 2018 को फंदे से शव लटकता मिला था। मृतका के पिता ने पति समेत तीनों ससुरालियों के खिलाफ दहेज की मांग पूरी न होने पर फंदा लगाकर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। तत्कालीन सीओ सिटी ने विवेचना के बाद 10 जून 2018 को चार्जशीट दाखिल की थी। सहायक शासकीय अधिवक्ता शिवगोपाल ने बताया कि कोर्ट ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को कोर्ट ने दोषी मानकर 10 साल की कैद और सात-सात हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

### अगवा कर दुष्कर्म करने के दोषी को दस वर्ष की कैद

**फतेहपुर।** किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने 10 वर्ष कारावास की सजा और आठ हजार रुपया अर्थदंड से दण्डित किया हैं। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला 30 सितम्बर 2013 को अपने खेत गई थी। घर पर उसकी नाबालिग बेटी अकेली थी। तभी बांदा के रेउना निवासी सुनील कुमार ऊर्फ सुलोचन ने गांव के रहने वाले अपने रिश्तेदार सोहन धोबी और राहुल की मदद से किशोरी को अगवा कर ले गया था। मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचक ने विवेचना के दौरान चार लोगों के नाम मुकदमे से बाहर कर सुनील के खिलाफ चार्जशिट दाखिल की थी। अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अनिल कुमार की कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई हुई। मामले में सात गवाह पेश हुए। न्यायाधीश ने दोनों पक्षो की दलीले सुनने के बाद आरोपी सुनील को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 8 हजार रूपये के अर्थ दंड से दंडित किया है। कोर्ट ने 4 हजार रुपया पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने के आदेश दिए हैं।

## ट्रक ने टक्कर मारी, बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** किसी काम से शहर आ रहा एक बाइक सवार युवक शुक्रवार की शाम सड़क हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा गांव निवासी प्रमोद कुमार यादव का पुत्र अतुल कुमार यादव शुक्रवार रात करीब आठ बजे किसी काम से लखनऊ बाईपास से बाइक द्वारा नऊवाबाग जाने के लिए निकला था। जैसे ही वह हाईवे के भिटौरा बाईपास के पास पहुंचा था कि तभी तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। हादसा देख लोग दौड़कर मदद के लिए मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# आग लगने से दो घरों की गृहस्थी राख

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गुरुवल गांव में शनिवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते एक घर में भीषण आग लगी। कुछ देर बाद आग की लपटों ने पड़ोसी घर को भी कब्जे में ले लिया। घंटों मस्सकत के बाद किसी प्रकार से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दोनों परिवारों की गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी।

थाना क्षेत्र के गुरुवल गांव निवासी रामसेवक सविता के घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिस समय घर में आग लगी उस समय घर के सभी लोग खेतों पर काम के लिए गए थे। घर से उठता हुआ धुआं देख आस पड़ोस के लोगों ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। आग लगने की खबर सुन खेतों पर काम कर रहे परिजन दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। इस दौरान आग ने पड़ोस के रहने

आग लगने के बाद इधर उधर पड़ी गृहस्थी। अमृत विचार

वाले मेवालाल सविता के घर को भी अपने कब्जे में ले लिया। कुछ देर बाद दोनों घर आग की लपटों में समा गए और धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग को बढ़ता देख ग्रामीणों के बीच दहशत फैल गई। इस दौरान ग्रामीण इकट्ठा हो गए और आग पर काबू पाने के लिए हर संभव प्रयास करने लगे। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने हैंडपंप व निजी ट्यूबवेल से पानी लेकर आग पर डाल किसी प्रकार से आग को काबू में किया। लेकिन जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक आग ने दोनों घरों की गृहस्थी जलाकर राख कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों परिवार बेहद ही गरीब है और गांव के ही कुछ लोगों की जमीन बटाई में लेकर बच्चों का पेट भरते हैं। आग लगने से दोनों परिवारों के खाने-पीने की सामग्री कपड़े आदि जल गए हैं।

# मिली साइकिल तो उछले परिषदीय मेधावी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- प्राथमिक विद्यालय अस्ती में मेधावियों को सौंपी साइकिल
- सीडीओ ने बीएसए के साथ विद्यालय का जायजा लिया

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अस्ती का शनिवार को सत्र के अंतिम दिन मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना व बीएसए पंकज यादव ने विजिट किया। राष्ट्रपति पदक प्राप्त विद्यालय की एकल शिक्षिका आसिया फारुकी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अफसरों का स्वागत किया।

सीडीओ विद्यालय की लाइब्रेरी, टीएलएम, पोषण वाटिका व कक्षा-कक्ष आदि का अवलोकन कर काफी खुश हुए। उन्होंने शिक्षिका आसिया फारूकी के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। इस दौरान सीडीओ ने बच्चों के बीच कक्षा में लगभग एक घंटे बिताया तथा बच्चों से तमाम सवाल जवाब किए। वहीं विद्यालय में अंकपत्र वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सीडीओ पवन कुमार मीणा कक्षा-5 के छात्र अनस व छात्रा सोनल जिन्होंने विद्यालय में सर्वाधिक अंक

वार्षिक परीक्षा परिणाम के साथ मिला पुरस्कार तो चहके बच्चे। अमृत विचार

अर्जित किए उन्हें आगामी पढ़ाई में सहयोग के लिए साइकिल की चाभी अभिभावकों की उपस्थिति में प्रदान की। शिक्षिका आसिया फारूकी द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने निजी मद से मेधावियों को साइकिल दी जाती है। बच्चों को अंकपत्र व मोमेंटो प्रदान करने के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों के 5 अभिभावकों, 2 वालिंटियर तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष मेहशर जहां व उपाध्यक्ष को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कुछ शब्द विद्यालय की विजिटर्स बुक में दर्ज किए। इस दौरान विद्यालय स्टाफ, वालिंटियर व बच्चों समेत अभिभावक भी मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों ने खेली होली, गाई फाग

**फतेहपुर।** युवा विकास समिति के पदाधिकारियों द्वारा शनिवार को भिटौरा रोड मवई गांव के जेपी फाउंडेशन द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम में बृद्धजनो के साथ युवाओ ने होली मिलन समारोह का कार्यक्रम किया। जहां एक दूसरे के गुलाल लगाकर ढोलक की थाप में फ़ाग भी बृद्धजनों के साथ गाये गए।

खुशनुमां माहौल में एक दूसरे को गले मिलते देख लोगों में गंगा यमुनी तहजीब की यादें ताजा हो गई। होली मिलन समारोह में ऐसा रंग जमाया की हिन्दू-मुस्लिम एकता व सौहार्द देखा गया। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने सभी को संकल्प दिलाया की हर वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन कराया जाये। इस मौके पर संगठन प्रमुख संजयदत्त द्विवेदी ब्लाक प्रमुख अमित तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, संगठन प्रमुख संजयदत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, अमित, ज्ञान तिवारी रहे।

# प्री-प्राइमरी में दामिका तो 11वीं में हर्ष अव्वल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- वार्षिक परीक्षा परिणाम पाकर खिले नौनिहालों के चेहरे
- स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को दिए पुरस्कार

**अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड से संचालित शहर के महर्षि विद्या मंदिर में शनिवार को नर्सरी से 11वीं तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राज कुमार मौर्या व विशिष्ट अतिथि यूथ आइका न व वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव रहे। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मेडल व उत्कृष्टता प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

प्री-प्राइमरी वर्ग में दामिका शुक्ला, वारूनी सिंह, दिव्य शिवहरे आयाा मिश्रा, प्रान्वी उपध्याय, अमिता द्विवेदी आरना दुबे शिवांश यादव व रूद्र प्रताप आदि रहे। प्रथम कक्षा में इशिका सिंह, विराज सोनी शिवाय सिंह. आनिया सिद्दकी कनक सिंह व आरूष शुक्ला रहे। द्वितीय कक्षा में श्रेयांश यादव, अनुराग पाण्डेय, माहिम अस्लम व अभय

परीक्षा परिणाम पाकर खुशी का इजहार करते बच्चे। अमृत विचार

सिंह रहे। तृतीय कक्षा में गरिमा पाल, आन्या तिवारी, शगुन परमार अनिमेश शुक्ला व वासु आदि रहें। चौथी कक्षा में वैदेही अग्निहोत्री, दिव्येन्दु आयु वैश्य अदिती सिंह आदि रहे। पांचवी कक्षा में आर्यन यादव, प्रान्जुल श्रीवास्तव, इशिता उमराव व श्रद्धा आदि रहे। छठवी कक्षा में वेदान्त शुक्ला, सार्थक सिंह, अभय सिंह, सिद्धी श्रीवास्तव व आन्शी पटेल रहे। सातवी कक्षा में हर्ष गुप्ता, अजय यादव, आर्यन पटेल, लक्ष्य त्रिवेदी आदि रहे। वहीं आठवी कक्षा में आयुष तिवारी भारत पटेल आदित्य कुमार, अनामिका द्विवेदी, आकृति श्रीवास्तव व नैनम गुप्ता आदि रहे। नौंवी कक्षा में मैत्रेयी सिंह, मृदुल अग्निहोत्री पुष्पराज, सामिप्य शुक्ला, विदुषी संस्कृति गुप्ता, दक्षा लाल आदि रहे। ग्यारहवी की परीक्षा में हर्ष पाण्डेय युवराज शुक्ला अनामिका मिश्रा, अक्षत अग्निहोत्री सॉझी रस्तोगी अभय प्रताप सिंह, ऐश्वी श्रीवास्तव व महिमा गुप्ता आदि ने स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि महर्षि महेश योगी जी ने महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालयों की स्थापना कर शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति एवं संस्कारों का भी आदर्श स्थापित किया है। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने अभिभावकों का आहवान किया कि अभिभावक एक शिक्षक हो सकते हैं। उनसे बड़ा कोई शिक्षक नहीं हो सकता है। पढ़ाई में अच्छे होने से बेहतर एक अच्छा नागरिक बनाना समय की आवश्यकता है।

विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता सत्य नारायण तिवारी के अवकाश प्राप्त होने पर उनकी 30 वर्षों की सेवाओं को याद करते हुए विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा व अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# बेकाबू ट्रैक्टर पलटा दो लोग गंभीर घायल

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** दादों पुल के पक्के मार्ग से महावतपुर असहट गांव को जाने वाले मार्ग पर शनिवार दोपहर ईंटों से ओवरलोड एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक व साथ में बैठा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के सोनेमऊ गांव निवासी हीरालाल यादव रारी मोड़ के पास ईंट भट्ठे से ईंटो से भरा ट्रैक्टर लेकर महोली डेरा में छोड़ने जा रहा था। जैसे ही वह दांदो पुल के पक्के मार्ग से महावतपुर असहट को जाने वाले मार्ग में पहुंचा कि रास्ता खराब होने से अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रास्ते से नीचे खंदक में पलट गया। जिसमें ट्रैक्टर चालक हीरालाल यादव व ट्रैक्टर की बोनट में बैठा उसका चाचा मन्नीलाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पड़ोस से निकल रहे लोगों ने ट्रैक्टर पलटने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। बता दें कि थाना परिसर से चंद कदम की दूरी पर दादो पुल को जाने वाला मार्ग है। जहां रोजाना सैकड़ों की तादाद में ओवरलोड वाहन फर्राटा भरते हैं। जिन्हें रोकने में प्रशासन नाकाम है। स्थानीय लोगों की मानें तो पुल के पक्के मार्ग से महावतपुर असहट को जाने वाली मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने हल्की-फुल्की मिट्टी की पुराई कर आधा अधूरा छोड़ दिया।

# ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

संवाददाता फतेहपुर

- टायर के नीचे आकर दो हिस्सों में बंटा शरीर
- बाइक सवार दंपति को ट्रक ने मारी टक्कर

**अमृत विचार।** घर से शहर किसी काम से पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर आ रहे बुजुर्ग को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दंपती बाइक से गिर गए। ट्रक का टायर पति के ऊपर चढ़ने से शरीर के दो हिस्से हो गए और मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल पत्नी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव के रहने वाले 56 वर्षीय अश्वनी अवस्थी अपनी पत्नी के साथ गांव से शहर किसी काम से मोपेड बाइक से आ रहे थे। राधा नगर थाना क्षेत्र से कुछ दूर पर पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगते ही पति-पत्नी दोनों बाइक से सड़क

हादसे के बाद पहुंची पुलिस व जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

पर गिर गए। ट्रक का टायर पत्नी को घायल करते हुए पति के ऊपर चढ़ने से पति का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। शरीर के दो हिस्से में होते ही मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी रमेश कुमार पटेल ने कहा कि हादसे के बाद चालक चालक ट्रक छोड़कर भाग गया था, जिसको पकड़ लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बुजुर्ग की मौत पांच के खिलाफ रिपोर्ट, दो बंदी

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव में 27 मार्च की रात बुजुर्ग की पिटाई से मौत के मामले में पुलिस ने भतीजों व पौत्र पर गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। फरार आरोपियों में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के जोगापुर निवासी सरजू प्रसाद (65) भतीजी की पुत्री के छठी संस्कार में गए थे। जहां मजाक पर भतीजों से विवाद हो गया था। भतीजों ने घर में सरजू और उसके परिवार के सदस्यों को पीटा था। पिटाई से सरजू की हालत गंभीर हो गई थी। उनकी कानपुर हैलट में मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र सूर्य प्रकाश ने पिता के भतीजे रंजीत, इंद्रजीत, विकास, अजय व पौत्र मनीष के खिलाफ घर में घुसकर पिटाई से मौत की तहरीर दी।

## सार-संक्षेप

### गेहूं कतराई को लेकर मारपीट, पिता पुत्र घायल

**बिन्दकी।** घर के सामने गेहूं कतराने को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गयी। जिसमे पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल पिता पुत्र पुलिस के पास पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के हरबंसपुर गांव निवासी अनिल कुमार अपने गेंहू के खेत की मड़ाई कर रहा था। तभी गांव हाता के रहने वाले व शुभांकित, अजय, राधा देवी पत्नी समर ने मना किया तो अनिल कुमार ने थ्रेसर लगाने से नही माना तो दोनों पक्षो में पहले कहा सुनी हुई फिर बात इतनी बढ़ गयी कि दोनों पक्षो में मारपीट सुरू हो गयी। जिसमें पुत्र अनिल व पिता चन्द्रिका गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल पुलिस के पास पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल पिता पुत्र को मेडिकल परीक्षण के लिये समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है

### सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध हालात में मौत

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के इमादपुर मजरे कौंडर निवासी छिटवा उर्फ छोटू पाल का पुत्र राजकुमार कानपुर में तीन दशक से प्राइवेट फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में तैनात था। बताया हैं कि शनिवार की शाम संदिग्ध हालत में उसकी मौत हो गई। जिस पर शव को फतेहपुर जनपद लाकर पुलिस को सूचना दे दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पुत्र सुनील पाल ने बताया कि उसके पिता 30 वर्षों से कानपुर में रह रहे थे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

स्वास्थ्य | डेंगू-चिकनगुनिया समेत मच्छर जनित बीमारियों का खतरा मंडराया, लोगों ने सफाई ठीक से कराने की मांग उठाई

# शहर में बढ़ गया मच्छरों का आंतक, लोगों को कर रहे बीमार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम में गंदगी और नालियों के जाम होने की वजह से नगर पालिका व नगर पंचायतों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। कागज पर अफसर हर रोज फॉगिंग का दावा करने लगे हैं। जबकि सफाई पर हर महीने भारी रकम खर्च करने वाले ही अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते।

मलेरिया विभाग भी बजट का उपयोग सही जगह नहीं करता है। दोनों पालिकाओं व नगर पंचायतों में तो दवा और बजट दोनों का अभाव है। इससे तस्वीर साफ है कि मच्छरों के सामने व्यवस्था हांफ रही है। शहर के 34 वार्डों में जगह-जगह गंदगी से मच्छर खून पी रहे हैं। सफाई पर प्रतिमाह 20 लाख खर्च करने के बाद भी गंदगी है। इससे शहरवासी मच्छर के डंक से बचने के लिए क्वायल, बिजली

कुछ इस तरह से शहर में बजबजा रही नालियां। अमृत विचार

### मच्छरजनित रोगों से बचने के उपाय

मच्छर जनित रोगों से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास गंदे पानी का ठहराव न होने दें। घर में एंटी लार्वा का छिड़काव करें। फुल शर्ट पहने। बुखार आने पर तत्काल जांच करवा कर पॉजिटिव होने पर इलाज शुरू करें।

से चलने वाले उपकरण का उपयोग कर रहे हैं। बावजूद इसके लोगों को मच्छरों से राहत नहीं मिल रही है। तापमान बढ़ने से मच्छर पनपने लगे हैं। हर तरफ गंदगी पसरी है। कूड़े के ढेर हट नहीं रहे। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम में फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव भी नहीं हो रहा। बीते वर्ष डेंगू के मरीज बड़ी तादाद में मिले थे। अभी सावधानी न बरती गई तो हाल फिर खराब होंगे। पालिका और पंचायत के सफाई कर्मियों की मनमानी पर भी अंकुश

खाली पड़ें प्लाट बने कूड़े का ढेर। अमृत विचार

### खाली प्लॉट मच्छरों का बसेरा

विभिन्न मोहल्लों में चोक नालियों के साथ सबसे बड़ी समस्या खाली प्लॉट भी हैं। एक तो पानी जमा होता है, दूसरे लोग कूड़ा फेंकते हैं। इससे मच्छर पनपते हैं। शहर में ऐसे प्लाट के चिह्नांकन के लिए 2023 में योजना भी बनी थी, पर अफ़सरों के तबादलों के बाद उस पर काम पूरा नहीं हुआ। योजना के मुताबिक शहर के ऐसे प्लाट मालिकों को नोटिस दी जानी चाहिए।

नहीं है। कई गांवों में सफाई कर्मी तक नहीं जा रहे हैं।

**नीम की पत्तियों का धुआं करें:** जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार घर के आसपास पानी जमा न होने दें। नालियों में केरोसिन या सरसों का तेल डालें। परफ्यूम कम लगाएं पूरी बांह के कपड़े पहनें, कम रोशनी करें। एंटी लार्वा का छिड़काव करना क्यूलेक्स, एनाफिलीज, एडीज मच्छरों के हमले से बचा सकता है। नीम की पत्तियों को जलाकर धुआं करने से भी मच्छर और अन्य कीट समाप्त हो जाते हैं।

### मच्छरों के लिए चल रहा मुफीद समय

जानकार बताते हैं कि इन दिनों तापमान 16 से 37 डिग्री सेल्सियस तक रह रहा है। इसके कारण मच्छरों की संख्या बढ़ी हुई है। जैसे ही यह तापमान 40 के ऊपर जाएगा वैसे ही मच्छरों की संख्या में काफी कमी होगी। फिर भी एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाना चाहिए। वहीं लोगों की मानें तो गांव से लेकर शहरों तक में गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है। नालियां गंदे पानी से पूरी तरह से चोक पड़ी हुई हैं। जिससे मच्छरों को बढ़ावा मिल रहा है। फिलहाल अभी वायरल बुखार से ही लोग ग्रसित हो रहे हैं। डेंगू चिकनगुनिया स्क्रब टायफस के अभी तक इस सीजन में कोई मरीज नहीं मिले हैं।

# करोड़ों की लागत से पड़ी भूमिगत बिजली लाइन फेल

## जिले में आये दिन हो रहे फाल्ट, मानकविहीन लाइन होने से विभाग नहीं हटवाएगा पोल पर लगे तार

योगेंद्र मिश्रा, कन्नौज

- इमरजेंसी में पोल पर लगी लाइनों से ही मिलेगी बिजली
- कन्नौज व तिर्वा में डाली गई थी अंडरग्राउंड केबल

**अमृत विचार।** करोड़ों रुपये खर्च कर मानकविहीन डाली गई अंडरग्राउंड केबल में आये दिन हो रहे फाल्ट से परेशान बिजली विभाग का इससे विश्वास उठ गया है। इसलिए विभाग ओवरपोल लगे बिजली तार नहीं हटवायेगा। फाल्ट होने की दशा में इमरजेंसी पड़ने पर पोलों से निकली बिजली लाइन से उपभोक्ताओं तक बिजली पहुंचाई जायेगी। तिर्वा व कन्नौज कस्बे पड़ा अंडरग्राउंड केबल फेल होने से परेशान अधिशाषी अभियंता ने यह निर्णय लिया है।

कन्नौज व तिर्वा कस्बे में डाली गई अंडरग्राउंड केबल दगा दे रही है। आये दिन इन लाइनों में फाल्ट होने से विभाग व उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। जबकि कार्य पूर्ण होने से पांच वर्ष तक लाइन को सही सलामत चलाने के लिये ठेकेदार की जिम्मेदारी होती है। तिर्वा कस्बे में ठेकेदार की जिम्मेदारी समाप्त हो चुकी है पर कन्नौज शहर में अभी ठेकेदार फाल्ट होने पर काम करता है। कभी-कभी तो फाल्ट होने पर कर्मचारी उसे खोज नहीं पाते इससे आठ से 10 घंटे बिजली गुल रहती है। बिजली न मिलने से उपभोक्ता लाइनमैन से लेकर जेई को फोन करता रहता है।

इससे बिजली विभाग को दिक्कत होती है। इसी को देखते हुए एक्सईएन विद्युत मगन सिंह का कहना है कि अंडरग्राउंड केबल में आये दिन हो रहे फाल्ट को देखते हुए तिर्वा व कन्नौज कस्बे में पोल पर लगे तारों को नहीं हटाया जायेगा। इसका मुख्य कारण उनका अंडरग्राउंड केबल से विश्वास उठ गया हा। कब फाल्ट आ जाये कोई भरोसा नहीं। इसी लिये वह पोलों पर लगे तारों को नये तरह से ठीक करायेंगे। जिससे जरुरत पड़ने पर इन लाइनों से कस्बों के उपभोक्ताओं को बिजली दे सकें।

कन्नौज शहर में पड़ी अंडरग्राउंड केबिल।

### केबल डालने में खर्च हुए 70 करोड़ रुपये

कन्नौज व तिर्वा कस्बों में बिजली चोरी रोकने, आंधी, तूफान बारिश होने पर बिजली गुल न हो इसी को देखते हुए अंडरग्राउंड लाइन डाली गई थीं। जहां कन्नौज कस्बे में अंडरग्राउंड लाइन डालने में करीब 70 करोड़ रुपये का खर्च आया था। वहीं तिर्वा कस्बे में करीव दो करोड़ रुपये खर्च किया गया। अब लाइन में फाल्ट होने से उसके मानक विहीन होने का मामला उजागर हुआ है।

### विभाग मानक भूला

कन्नौज व तिर्वा कस्बे में अंडरग्राउंड केबल डालने में ठेकेदार जहां मानक भूल गया वहीं बिजली विभाग के अधिकारी भी जांच करने के नाम पर धन उगाही कर मानक विहीन अंडरग्राउंड केबल को पास करते चले आये। मानकों की बात करें तो किसी भी अंडरग्राउंड केबल को डालने के लिये पहले ईट व बालू से नाली का निर्माण किया जाना था। इसके अंदर बालू डाल कर लाइन के अंदर पाइप डाल कर इन नालियों में डालना था। पर कन्नौज कस्बे में इन मानको को भूल कर बिजली लाइन में मिट्टी में दबा दिया गया। बारिश होने पर इन लाइनों में पानी चला जाता है। इससे फाल्ट हो जाता है। इसी तरह मकान में कनेक्शन देते समय भी लाइन को एक पाइप के अंदर डाल कर लेजाना चाहिये पर यह भी नहीं किया गया।

जिले के दो कस्बों डाली गई बिजली की अंडरग्राउंड केबल में आये दिन फाल्ट होने से विभाग को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहीं केबल जमीन के अंदर है तो कहीं बाहर पड़ी है। इसी लिये फाल्ट हो रहे हैं। अब पोल पर लगे पुराने तारों को ठीक करा कर चालू करायेंगे। अंडरग्राउंड में फाल्ट आने पर इन पोल की लाइन से बिजली शुरू कर दी जायेगी।

**मगन सिंह (अधिशाषी अभियंता विद्युत कन्नौज)**

### बिना सूचना सात घंटे गुल रही बिजली

कन्नौज। मकरंदनगर तिराहे पर पोल लगाए जाने के चलते बिजली विभाग ने शनिवार को दोपहर करीब एक बजे शट डाउन करते हुए काम शुरू करा दिया। करीब पौने तीन बजे आपूर्ति चालू हुई जो करीब चार बजे फिर से गुल हो गई। इसके बाद लगातार गायब रही। कई बार अधिकारियों को फोन करने पर आश्वासन मिलता रहा कि कुछ देर और। मोहल्ले के लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम साढ़े सात बजे बिजली बहाल की गई। इस कार्य को लेकर मकरंदनगर के लोगों को कोई सूचना पहले से नहीं दी गई थी।

मंडी समिति में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जायजा लेते एसपी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# ईवीएम लेकर वाहन सीधे जाएंगे मंडी में

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसपी ने एसडीएम, यातायात प्रभारी के साथ किया निरीक्षण
- स्ट्रांग रूम की परखी सुरक्षा व्यवस्था, बनेगी बैरीकेडिंग

**अमृत विचार।** एसपी ने यातायात प्रभारी व एसडीएम के साथ स्ट्रांग रुम की सुरक्षा परखी। इस वार ईवीएम लेकर आने वाले वाहन सीधे मंडी के अंदर जायेंगे। वहां ईवीएम उतारी जायेंगी। एक गेट से वाहन प्रवेश करेंगे, तो ईवीएम उतरने के बाद दूसरे गेट से बाहर निकाले जायेंगे।

लोक सभा सामान्य निर्वाचन को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। शनिवार को एसपी अमित कुमार आनन्द ने एसडीएम सदर अविनाश कुमार गौतम व यातायात प्रभारी के साथ मंडी समिति में बनने वाले स्ट्रांग रुम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंडी के कर्मचारी गुड्डू ने पूरी स्ट्रांग रुम की व्यवस्था की जानकारी दी। बताया गया कि ईवीएम मशीनें लेकर आने वाले वाहनों को मंडी गेट तक लाया जाता है। गेट पर कर्मचारी उतरने के बाद मतदान की गिनती का चार्ट तैयार करते हैं। इस पर एसपी ने कहा कि ईवीएम मशीनें लेकर आने वाले वाहनों को सीधे ही प्रवेश दिया जायेगा। यहां करीव 150 वाहनों को रुकने की व्यवस्था की जायेगी। पहले गेट से वाहनों को प्रवेश दिया जायेगा। वाहनों से ईवीएम उतरने के बाद दूसरे गेट से वाहनों को बाहर निकाला जायेगा। दूसरे गेट से निकलने वाले चुनाव में लगे वाहन पूर्वी बाईपास से ओवरब्रिज पर चढ़ने के बाद पाल चौराहा होते हुए जहां जाना होगा वहीं जायेगा। शाम पांच बजे के बाद मण्डी की ओर जाने वाले वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। इस संबंध में एसपी ने रूट चार्ट तैयार करने को कहा। इसी तरह उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर बैरियर लगाने के लिये मैप तैयार करने के निर्देश दिये।

# तीन बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** श्रम विभाग ने छापा मारकर तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया और दुकानदारों को चेतावनी दी। उन्होंने दुकानदारों को बालश्रम निरोधक अधिनियम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को श्रम विभाग की योजनाओं के बारे में बताया।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी डॉ. संसार सिंह के निर्देश पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) के प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल हिमेश रावत तथा जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सरायमीरा, मकरन्दनगर मार्केट, तिर्वा क्रॉसिंग, पाल चौराहा गोलकुआं मार्केट इत्यादि स्थानों तथा होटल- ढाबों, मैकेनिक की दुकानों, मन्दिर आदि स्थानों पर बाल श्रम रोकथाम एवं जागरुकता अभियान चलाया।

- एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की टीम ने की छापेमारी

इसके अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवायोजकों को बालश्रम निरोधक अधिनियम के बारे में बताया गया एवं सघन चेकिंग अभियान के दौरान तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। अधिकारियों ने लोगों को श्रम विभाग की योजनाओं और कानूनों के बारे में जानकारी दी।

दुकान का निरीक्षण करते जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव।

## युवक को बेहोश कर लूट लिया सामान

**छिबरामऊ।** अहमदाबाद जाने के लिए बस में बैठा युवक जहर खुरानों का शिकार हो गया और जेब में रखे हजारों रुपए, मोबाइल, बैग सहित जूते भी लूट लिए। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया है। कस्बा सकरावा निवासी धर्मवीर ने बताया कि उनका भाई राजेश शुक्रवार की देर रात अहमदाबाद जाने के लिए कस्बे से छिबरामऊ गया था। वहां से रोडवेज बस में बैठकर जा रहा था, तभी वह जहर खुरानों का शिकार हो गया। हालत बिगड़ती देख युवक नवीगंज टोल के पास उतर गया। जैसे-तैसे वह पास में ही रिश्तेदारी तक पहुंच गया। रिश्तेदारों ने उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। राजेश ने बताया कि उसकी जेब में रखे पांच हजार रुपये, मोबाइल फोन, बैग तथा जूते लूट लिए।

# 254 बंदियों को निःशुल्क कानूनी मदद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- लीगल एड डिफेंस काउंसिल मॉनीटरिंग समिति की बैठक में दी जानकारी
- प्रभारी जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में लीगल एड डिफेंस काउंसिल मॉनीटरिंग समिति की बैठक की गई, जिसमें बताया गया कि इस साल 254 विचाराधीन बंदियों को निशुल्क कानूनी सहायता दी गई। ऐसे बंदियों से आवेदन मांगे गए हैं, जिनके परिवार में कोई पैरवी करने वाला नहीं है।

शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में हुई लीगल एड डिफेंस काउंसिल मॉनीटरिंग समिति की बैठक में प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल व सेवानिवृत्त न्यायाधीश एमपी सिंह ने समीक्षा की। बैठक में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण तिवारी द्वारा मार्च 2024 का कार्य विवरण समिति के समक्ष पेश किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 254 विचाराधीन बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा रही है। सचिव ने पैनल के अधिवक्ताओं को निर्देश दिए प्रदत्त वादों में विधि पूर्वक पैरवी करें एवं जो भी प्रार्थना पत्र अथवा वाद उनको प्राप्त कराये जाते है उन मामलों से सम्बन्धित व्यक्तियों व पक्षकारों से तत्काल वार्ता कर संबंधित न्यायालयों में तिथिवार पैरवी तथा उन प्रार्थना पत्र एवं वादों में कार्रवाई की रिपोर्ट प्रतिदिन समिति के समक्ष रखने के निर्देश दिए।

जानकारी देते प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण, एडीजे लवली जायसवाल।

## मारपीट में दंपति सहित पांच घायल

**गुरसहायगंज।** अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटना में दंपति सहित पांच लोग घायल हो गए। ग्राम रौरा निवासी रानी देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के किरन, संदीप, मकरन्द, योगेन्द्र ने 26 मार्च की रात लगभग 11 बजे रंजिश को लेकर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे, उसकी पुत्री प्रिया, पुत्र मोनू यादव व पति रमेश चन्द्र को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इसी प्रकार ग्राम सराय प्रयाग निवासी विनोद गुप्ता ने बताया कि गांव के अनिल कटियार, अनूप ने 27 मार्च की शाम लगभग 08 बजे उसकी दुकान पर आकर बेबजह गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

छात्रा को पुरस्कृत करते यातायात प्रभारी आफाक खां।

# पुलिस ने बताए सड़क हादसे से बचने के उपाय

संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये यातायात प्रभारी ने स्कूली बच्चों को जागरुक किया। इस मौके पर बच्चों को दुर्घटना से बचाव के तौर तरीके बताये। यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने एल एन शिक्षा सदन जूनियर हाई स्कूल बाजार कला के प्रधानाचार्य अवनीश गुप्ता एवं डायरेक्टर तौकीर ज़िया के सहयोग से एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने छोटे-छोटे बच्चों को सड़क पर सुरक्षित चलने के तरीके, बसों में चढ़ना उतरना, स्कूल आते जाते समय साइकिल चलाना, सड़क को पैदल चलते हुए क्रॉस करना आदि के बारे में विस्तार से समझाया।

## ट्रेन के आगे कूद कर युवक ने की आत्महत्या

**कन्नौज।** हरदोई मोड तिराहे के निकट अज्ञात युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

शनिवार को 12:05 बजे हरदोई रोड तिराहे के निकट कन्नौज से कानपुर एक्सप्रेस ट्रेन निकल रही थी। उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति करीव 45 वर्ष तेजी से भागता हुए रेलबे पटरी पर ट्रेन के आगे कूद गया। जब तक ट्रेन का चालक कुछ प्रयास करता तब तक ट्रेन उसके ऊपर से गुजर गई। इसे उसका शरीर के कई भाग हो गये। यह देखलोगों की भीड लग गई।चालक ने ट्रेन रोक कर शव गेंग सुपरवाइजर को सौपा। इसके बाद ट्रेन चली गई। धटना की सूचना मानीमऊ चौकी प्रभारी को प्रशांत पोरवाल को हुईतो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक की शिनाख्त का कराने प्रयास किया लेकिन असफल रहे।

# वार्डों में कराएं खेलकूद की व्यवस्था

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** ट्रेड यूनियन कोऑर्डीनेशन सेंटर के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज अकेला के नेतृत्व में शनिवार को नगर की समस्याओं व सुझाव को लेकर अधिशासी अधिकारी को सात सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। इसमें नगर में विकास कार्यों सहित निर्माण कार्य कराएं की मांग गई।

अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित को सौंपे गए ज्ञापन में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा स्थापित कराए जाने की मांग की गई। साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों में खेलकूद के लिए व्यवस्था कराने, सामुदायिक भवन का निर्माण कराने सहित तिराहा से जीटी रोड फतेहगढ़ रोड पर डिवाइडर का निर्माण कराने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि इस प्रकार की व्यवस्थाओं से युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। नगर में प्रेस क्लब, पुस्तकालय, वाचनालय, विद्यालय स्थापित करने के साथ संविदा, ठेका कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजना के प्राविधानों, न्यूनतम वेतन को लागू करने की भी मांग की गई। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में पारदर्शिता लाने सहित अन्य बिंदुओं पर पर भी चर्चा की गई। इस दौरान सुभाष चंद्र दोहरे, ज्ञानेंद्र गुप्ता, कृष्ण कुमार राठौर, दविरुल हसन, प्रह्लाद सिंह, रामचंद्र दोहरे, रामबाबू गौड़, हर्षित राज आदि मौजूद रहे।

- टीयूसीसी के पदाधिकारियों ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौपते टीयूसीसी के पदाधिकारी।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने रंगे हाथ चोरी करते युवक को पकड़ा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला बनवारी नगर स्थित दुर्गेश दुबे ने बताया कि रात में मोहल्ले का ही निवासी ग्रीशचंद्र यादव उर्फ बब्बा पुत्र चंदर यादव उनके अहाते में घुस गया और अंदर भैंस की जंजीर, पानी की टोटी व जनरेटर का हैंडल चोरी करके निकलने लगा। गृह स्वामी ने चोर के घर से निकलने से पहले ही पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। पुलिस ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया और कोतवाली ले गई। कोतवाल ने बताया कि उसे जेल भेजा जाएगा।

### वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर आज खुलेगा पालिका कार्यालय

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए रविवार को भी नगर पालिका कार्यालय खुला रहेगा। किसी भी प्रकार के बिलम्ब शुल्क से बचने के लिए नागरिक अंतिम तिथि 31 मार्च तक बकाया स्वकर, जलमूल्य को समय से जमा कर दें। यह जानकारी अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने शनिवार को दी। बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए रविवार को भी कार्यालय खुला रहेगा। जिसमें सभी पटल प्रभारी मौजूद रहकर बकाया जमा करेंगे।

### युवक को मारपीट कर दी धमकी

**तालग्राम, कन्नौज।** कस्बा के मोहल्ला नक्कालान निवासी सचिन उर्फ अजय ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि मोहल्ला कटरा निवासी अंकित, दिलीप व अमित पंडित ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सीओ सदर ने तालग्राम थाना का किया निरीक्षण

**तालग्राम, कन्नौज।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीओ सदर कमलेश कुमार ने थाना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों का निरीक्षण कर लंबित मामलों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुंडा, सक्रिय अपराधी, एचएस रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। चुनाव रजिस्टर का निरीक्षण कर 30 बिंदु सूचना की समीक्षा की। एलओआर की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पर थाना प्रभारी पारुल चौधरी, उपनिरीक्षक ज्योति सिंह, दिनेश चन्द्र, किशनवीर सिंह मौजूद रहे।

### ईओ आवास के सामने लगी स्ट्रीट लाइट खराब

**गुरसहायगंज।** नगर के नंगापुरवा रोड स्थित अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के आवास के सामने लगी स्ट्रीट लाइट काफी दिनों से खराब है। इससे स्थानीय लोगों सहित राहगीरों को रात के समय आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने पालिका प्रशासन से स्ट्रीट लाइट को सही कराने की मांग की है।

### पालिका ने कराई नालियों की सफाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन पर सफाई कर्मियो ने नगर के नंगापुरवा रोड, मोहल्ला आजाद नगर व मोहल्ला विजय नगर में नाला, नालियों की सफाई की। जबकि संचारी रोगों से बचाव के लिए गलियों में कीटनाशक का छिड़काव भी किया। ईओ ने बताया कि नगर के सभी मोहल्लों में कीटनाशक का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए है।

### विवाहिता को मारपीट कर किया बेघर

**तालग्राम, कन्नौज।** ग्राम बघेलनपुर्वा निवासी रत्नेश की पत्नी खुशबू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सास गंगा देवी, जेठ धर्मपाल, ननद सुधा व नन्दोई पवन आए दिन गाली गलौज कर उसका उत्पीड़न करते है। गुरुवार जब उसने विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कीटनाशक दवा से किसान की हालत बिगड़ी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम अकबरपुर निवासी पंकज पुत्र रामऔतार अपने खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा था। किसी प्रकार स्प्रे मशीन की टंकी का पाइप फट गया और उसमें भरी दवा पंकज के चेहरे पर जा गिरी, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी।

**कवायद** मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के साथ ही टीबी रोगी खोजे जाएंगे

# कल से संचारी रोग नियंत्रण, 10 से दस्तक अभियान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम आने के साथ ही संक्रामक रोगों का प्रकोप शुरू हो जाता है। इनकी रोकथाम के लिए हर बार की तरह इस साल भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 30 अप्रैल तक चलाया जाना है। इसके साथ ही 10 से 30 अप्रैल तक घर-घर दस्तक अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ टीबी रोगी भी खोजे जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि यह मौसम मच्छरों के पनपने के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त होता है। इनके काटने से होने वाले रोग भी इसी समय पैर पसारते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों के सहयोग से सोमवार पहली अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू किया जा रहा है।

इसके तहत जिले भर में स्वच्छता, नालियों की सफाई, झाड़ियों की सफाई समेत मच्छरनाशी व एंटीलार्वा छिड़काव आदि के काम किए जाएंगे। स्कूलों में बच्चों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। जानकारी दी कि 10 अप्रैल से चलने वाले दस्तक अभियान में आशा व आंगनवाड़ी घर-घर जाकर जानकारी करेंगी कि किसी को बुखार तो नहीं है या किसी को दो हफ्ते से अधिक समय से खांसी तो नहीं आ रही, किसी को उल्टी दस्त की शिकायत तो नहीं है आदि। कहीं बुखार का रोगी पाया जाता है तो उसे साथ ले जाई दवा उपलब्ध कराएंगी। इसी तरह दस्त के रोगी मिलने पर साथ में मौजूद ओआरएस का पैकेट देकर तत्काल उपचार में मदद करेंगी। इसके साथ ही कुपोषण के शिकार बच्चों को भी खोजकर सूची बनाते हुए उन्हें जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड में भर्ती कराया जाएगा।

बताया कि दस्तक अभियान में 537 से अधिक आशा व आंगनवाड़ी को लगाया जाएगा। प्रत्येक टीम में एक आशा व एक आंगनवाड़ी कार्यकत्री रहेगी।

सीएमओ डॉ. विनोद कुमार।

### संचारी रोगों से बचाव को बरतें एहतियात

- झाड़ियों में मच्छर पनपते हैं तो इनको साफ करा दें। दो हफ्ते से अधिक खांसी आए तो बलगम की जांच कराएं। कूलर, टायर, गमलों में पानी न जमा रहने दें। इनमें ही डेंगू के मच्छर पनपते हैं। नालियों की सफाई का ध्यान रखें ताकि मच्छर व कीटाणु न पनपने पाएं। रात में सोते समय मच्छरदानी, मच्छर से बचाव की क्रीम का प्रयोग करने के साथ ही पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। साफ सफाई का ध्यान रखें क्योंकि गंदगी के कारण ही टाइफाइड भी फैलता है। लोगों को अपने-अपने घरों के आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

कथा का श्रवण करते भक्त व इनसेट में पंडित वीरेन्द्र शास्त्री।

# भागवत कथा के श्रवण से ही मिलती है मुक्ति

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत खुदलापुर के मजरा मसीटपुरवा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस शनिवार को कासगंज के कथावाचक पंडित वीरेन्द्र शास्त्री ने राजा परीक्षित की कथा का भक्तों को श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी लोक पर बार-बार परमात्मा का अतवरण होता है। उन्होंने नारद भक्ति, गोकर्ण कथा, परीक्षित जन्म, परीक्षित श्राप, भगवान विष्णु के 24 अवतार आदि लीलाओं का प्रमुखता से वर्णन किया। कहा कि हर प्राणी के लिए श्रीमद्भागवत कथा सर्वश्रेष्ठ है। ऋषी ऋषि से श्रापित होने के बाद राजा परीक्षित को भागवत कथा के सुनने से ही मुक्ति मिली थी। इस दौरान प्रदीप, करन पाल, राजीव, निमित यादव, अरविंद, मान सिंह, अमित पाल, रवि पाल, शिवम, नीरज, श्यामू यादव, मंगू पाल, जितेंद्र मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों को समय पर नहीं मिले रिपोर्ट कार्ड

## कई विद्यालयों के लिए दिए गए कार्ड रखे रहे, रिपोर्ट कार्ड न मिलने से ज्यादातर विद्यार्थियों को नहीं बांटे गए अंकपत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के 1459 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को 30 मार्च को रिपोर्ट कार्ड बांटने का समय था। सैकड़ों स्कूलों में समय से कार्ड न दिए जाने की वजह से वितरण नहीं हो सका। कई स्थानों के लिए शनिवार को ही रिपोर्ट कार्ड दिए गए, जिससे उनको भरकर वितरण करना मुश्किल हो गया। हजारों विद्यार्थी बिना अंक पत्र के ही घर लौट गए।

बेसिक शिक्षा के निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने 30 मार्च को परिषदीय स्कूलों में वार्षिक गृह परीक्षाओं का रिपोर्ट कार्ड बांटने का आदेश दिया था। एक दिन पहले तक किसी भी विद्यालय में बीआरसी की ओर से रिपोर्ट कार्ड नहीं पहुंचाए गए। इसकी जानकारी होने पर बीएसए उपासना रानी वर्मा ने सभी बीईओ को निर्देश दिए। उसके बाद शनिवार को कुछ बीआरसी से परिषदीय स्कूलों को ब्लैंक रिपोर्ट कार्ड बांटे गए। हालांकि सभी विद्यालयों को इसका लाभ नहीं मिला। जिन स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं की संख्या बेहतर थी, वहां कार्ड भरकर छात्र-छात्राओं को वितरित कर दिए गए। जहां स्टॉफ की कमी थी, वहां के विद्यार्थी खाली हाथ घर लौटे। ज्यादातर परिषदीय स्कूलों में बच्चों व उनके अभिभावकों को बोलकर ही परीक्षा परिणाम सुनाया गया। कुछ उत्साही शिक्षकों ने निजी खर्चे से पहले ही रिपोर्ट कार्ड की व्यवस्था कर वितरण किया। कंपोजिट स्कूल मानपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक शशि बाथम, प्राथमिक स्कूल बहादुरपुर उज्जैना की प्रधानाध्यापक गुंजन भदौरिया ने रिपोर्ट कार्ड बांटे। साथ ही नौनिहालों को उपहार भी दिए। इस बाबत बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि बीआरसी से परिषदीय स्कूलों के लिए रिपोर्ट कार्डों का वितरण हुआ है। अगर समय पर विद्यालयों में कार्ड नहीं मिले तो इसकी जांच कराई जाएगी।

कंपोजिट विद्यालय मानपुर में बच्चों को उपहार बांटतीं प्रभारी प्रधानाध्यापक शशि बाथम। छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते एसडीएम उमाकांत तिवारी। छात्रा को प्रमाणपत्र व उपहार देते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### दृढ़ इच्छाशक्ति से हासिल होगा लक्ष्य: एसडीएम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल शुक्ल ने बताया कि वार्षिक परीक्षा में शिशु वाटिका वर्ग के हर्ष दीक्षित ने 96.6 फीसदी अंक पाकर टॉप किया। शिशु वर्ग के अर्जुन दुबे ने 91.8, बाल वर्ग की मानवी चौहान ने 94.6, किशोर वर्ग के धैर्यदेव गुप्ता ने 91.8 तथा तरुण वर्ग के अर्षित चौहान ने 85.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एसडीएम उमाकांत तिवारी ने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति से ही लक्ष्य हासिल हो सकता है। विद्यार्थियों को मोबाइल और टीवी में अपना समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। जिला प्रचारक अंकित ने कहा कि विद्यार्थियों में बचपन से ही देशभक्ति का भाव जगाना चाहिए। वरिष्ठ कवि ओमप्रकाश शुक्ला अज्ञात ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर भी बल दिया जाता है। रजनीश दुबे ने कहा कि संस्कारवान व्यक्ति ही समाज और राष्ट्र का उत्थान कर सकता है। कोषाध्यक्ष दिवाकर त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में संस्कार युक्त शिक्षा की महती आवश्यकता है। इस दौरान डॉ. दिवाकर श्रीवास्तव, अरविंद वर्मा, डॉ. सुभाष यादव, माधुरी श्रीवास्तव, संजय सिंह चंदेल, अनुराग त्रिपाठी, हरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, विपिन शुक्ला, प्रिया मिश्रा, सपना मिश्रा, शिवम दुबे आदि मौजूद रहे।

### बेहतर शिक्षा से जीवन में मिलती सफलता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम का छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की आरती वंदना कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि शंभू दयाल गुप्ता, आरबी शर्मा व प्रधानाचार्य नवनीत सिंह सहित शिक्षकों ने संस्कृत ज्ञान परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कक्षा व विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उपहार देकर उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर ही एक मात्र ऐसा विद्यालय है। जहां बेहतर शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार भी दिए जाते है। आज की युवा पीढ़ी संस्कार विहीन होती जा रही है। यही कारण है कि समाज में दूरियां बढ़ रही है। अभिभावक अपने बच्चों को संस्कार से जोड़ें और एकजुट होकर सशक्त समाज का निर्माण करें। इस दौरान नन्हे गुप्ता, अरविंद कुमार, जितेन्द्र यादव, शैलेश गुप्ता, ग्रीशभान सिंह, आशीष, प्रीती पाठक, पूजा यादव, स्वास्तिका त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# परीक्षाफल जानकर छात्रों के चेहरे पर आई मुस्कान

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- शैक्षिक सत्र के समापन पर विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**अमृत विचार।** स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की परीक्षा समाप्त होने के बाद शनिवार को शैक्षिक सत्र समापन पर परीक्षाफल वितरण किए गए। उनको यादगार विदाई दी गई। इससे विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी देखी गई।

परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा के बाद मूल्यांकन कार्य पूरा किया गया। ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल महसौनापुर में प्रधानाध्यापक वैभव राजपूत ने परीक्षा फल वितरण किया। उन्होंने बताया कि अपने निजी प्रयास से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कस्बे के सिटी पब्लिक स्कूल में रिजल्ट कार्ड और पुरस्कार वितरित हुआ। प्रबंधक हरिश्चंद्र प्रजापति व प्रधानाचार्य मालती देवी उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्राथमिक स्कूल महसौनापुर में रिजल्ट कार्ड लेकर खुशी मनाते छात्र-छात्राएं।

### छात्रों को उपहार भेंटकर दी गई यादगार विदाई

**जसोदा, कन्नौज।** शनिवार को ग्राम पंचायत तेरारगी के मजरा सरैया स्थित प्राथमिक विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रधान प्रतिनिधि अजीत पांडे व शिक्षकों ने कक्षा 05 के छात्र-छात्राओं को उपहार देकर विदाई दी गई। प्रधानाचार्य मनोज यादव ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए अगली कक्षा में जाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान भाजपा नेता सतेंद्र कटियार, शिक्षिका रूबी गौतम, अंकिता दीक्षित, सूर्यकांत, प्रीती पटेल, रामनिवास आदि मौजूद रहे।

मतदाता जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# मतदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता छिबरामऊ,कन्नौज

- नेहरू महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने ग्राम कमालपुर में निकाली रैली

**अमृत विचार।** नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने ग्राम कमालपुर में रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया। इसके साथ ही एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों तथा ग्रामीणों को जल की उपयोगिता के बारे में अवगत कराते हुए जल संरक्षण के उपाय बताए, जिसमें गड्ढे खोदना, नवीन तालाबों का निर्माण करना तथा जल की बर्बादी को रोकना आदि शामिल है। शिविर का संचालन एनएसएस अधिकारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह, डॉ. राजीव कुमार सिंह, किरन, सतीशचंद्र समेत लोग मौजूद रहे।

# किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी फरार

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- तीन युवकों ने घर से खेत पर ले जाकर की वारदात

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार की रात उसके दो भाई पड़ोस के गांव मे हो रहे धार्मिक कार्यक्रम को देखने गए थे। घर पर उसके पिता और एक भाई दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। रात करीब तीन बजे दरवाजे खटखटाने की आवाज सुनाई दी। उसने भाइयों के वापस आने की सोच कर दरवाजे खोल दिए। जैसे ही उसने दरवाजा खोला तो घात लगाए भुनियापुर गांव निवासी अंश यादव पुत्र शिव सिंह, अमन यादव पुत्र सिपाहीलाल, रवि यादव पुत्र रामा यादव ने उसे जबरदस्ती पकड़ लिया और गांव के बाहर मक्का खेत में खींच ले गए। वहां तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर तीनों आरोपी धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायलावस्था मे वह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट को दर्ज कर पीड़िता को डाक्टरी परीक्षण हेतु चिकित्सालय भेजा। कोतवाल जेपी गंगवार ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पकड़ने के लिए दबिश दी।

# छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने सुनाई सजा, पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया
- सौरिख क्षेत्र के स्पोर्ट्स स्टेडियम में काम करता था अभियुक्त

**अमृत विचार।** खेत पर जा रही नौ साल की बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने स्टेडियम कर्मी को तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार दुबे ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 अगस्त 2015 को एक नौ साल की बच्ची शाम को छह बजे घास लेने के लिए खेत पर जा रही थी। रास्ते में गोरखपुर हरिभानपुर स्थित स्टेडियम के कार्यरत श्रमिक गजोधर पासी पुत्र

विशोखर निवासी वस्तौली ब्लॉक इंद्रानगर थाना गाजीपुर लखनऊ ने दस रुपये का नोट गिरा दिया। उसने बच्ची से नोट उठाने को कहा। उसने रुपये नहीं उठाए तो गजोधर पास के ही ढेंचा के खेत में घुस गया और वहां बुलाने लगा। डर के मारे बच्ची भाग खड़ी हुई और शोर मचाया तो गजोधर ने उसे खदेड़ लिया। ग्रामीणों के ललकारने पर वह भाग गया। बच्ची के पिता ने बताया कि गजोधर नशे का आदी था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर 10 मार्च 2021 को उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि अभियोजन पक्ष की तरफ से पांच गवाह पेश किए गए। शनिवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अलका यादव ने गजोधर को दोष सिद्ध करते हुए बालकों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के अंतर्गत तीन वर्ष का कठोर कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# बीडीओ ने गौशालाओं के निर्माण की जानी हकीकत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास खंड कार्यालय परिसर में खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने सचिव व ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर गोशालाओं के निर्माण की हकीकत जानी। गाजियाबाद-कानपुर ग्रीनफील्ड हाईवे के किनारे की आठ ग्राम पंचायत में गौशाला निर्माण अधूरा होने की जानकारी दी गई।

बीडीओ ग्राम पंचायत सलेमपुर में गोशाला का संचालन शुरू हो जाने के बारे में बताया गया। पशुधन प्रसार अधिकारी ने ग्राम पंचायत कसावा में संचालित गोशाला में छाया का समुचित इंतजाम न होने की जानकारी दी। इस पर बीडीओ ने ग्राम प्रधान व सचिव से वार्ता कर अस्थाई रूप से पन्नी का इंतजाम करने को कहा। ग्राम पंचायत मिघौली व सलेमपुर में संचालित गोशाला का खाता खुलने गया है लेकिन अभी तक इन ग्राम पंचायत की आइडी जेनरेट नहीं की गई है। इस पर उन्होंने सचिवों को आइडी बनवाने के निर्देश दिए। इस दौरान ज्वाइंट बीडीओ दिनेश चंद्र, एडीओ आइएसबी अनिल कुमार व एडीओ पंचायत यशकरन सिंह मौजूद रहे।

# विभाग कसेंगे संचारी रोगों पर शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभागार में की बैठक

**अमृत विचार।** तैयारियों के साथ कार्य करेगें, तभी लोगों को बीमारियों से बचा सकते हैं। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जागरूकता, सफाई, लक्षण युक्त लोगों को चिन्हित करने का है। सफाई, छिड़काव आदि से रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गाँधी सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफलता पूर्वक संचालन की बैठक के दौरान कही।

उन्होंने कहा है कि दूषित जल की वजह से बीमारियां अधिक फैलती है। इसलिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण के अंतर्गत साफ-सफाई एवं नाले, नालियों की सफाई अभियान चलाकर कराई जाए। इसके साथ ही ब्लीचिंग पाउडर आदि का छिड़काव अभियान चलाकर कराया जाए। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होनें कहा कि बीमारियों वाले स्थलों को चिन्हित कर रणनीति बनाकर कार्य करें। उन गांवों का चयन किया जाये, जहां पिछले वर्षों में संचारी रोगों के प्रकरण अधिक पाये गये थे। डेंगू चिंताजनक होता है, छत, टायर, कूलर आदि में जल का जमाव न होने दें। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत विभाग और शहरी क्षेत्रों में नगर विकास विभाग का मुख्य रोल है। ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय पंचायत के अन्तर्गत जितने भी सफाई कर्मी है उनका रोस्टर तैयार कर सफाई करायी जाये। कूड़ा कलेक्शन को डोर-टू-डोर करने के उपरान्त आरआरसी सेंटर पर निस्तारण करायें। उन्होनें निर्देश दिये कि दूषित पेयजल की जांच एंव खराब हैण्डपम्पों को मरम्मत कराई जाये। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी विनोद कुमार, डीआईएस डॉ. पूरन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांत वर्मा मौजूद रहे।

# मां-बेटी को जान से मारने का किया प्रयास

**छिबरामऊ।** कूड़ा डालने के विवाद में दबंगों ने मां-बेटी को जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता ने पुलिस ने शिकायत की, जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी उषा पत्नी सुनील कुमार ने बताया कि अपने घर के पास बाहर कूड़ा फेंकने गई थी। इसी दौरान गांव के ही कुछ दबंगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। बचाने आई उनकी पुत्री अनामिका को भी उक्त दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद कोतवाली पहुंची पीड़ित मां बेटी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## सार-संक्षेप

### तालाब पर हो रहे निर्माण को लेखपाल ने रुकवाया

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका की बेशकीमती जमीन पर दुकानदारों की नजर लगी हुई, इस पर हो रहे निर्माण को लेखपाल ने बंद करवा दिया। ईओ ने तालाब की पैमाइश के लिए पहल शुरु कर दी। शहर के कोलियान मोहल्ले का लश्करी तालाब पर नगर पालिका परिषद अपनी सम्पत्ति मान रहा। इसी तालाब के पास नेहरू कालेज का कई दशक पुराना छात्रावास है। ऐसे में दोनों ही सम्पत्ति को लेकर मालिकाना हक जता रहे इसीलिए विवाद चल रहा है। दोनों के बीच विवाद के चलते जीटी रोड के दुकानदार दुकानों के पीछे कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। शनिवार को एक दुकानदार के कब्जा करने की जानकारी होने पर लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी मौके पर पहुच कर मामले पड़ताल कर अधिकारियों को जानकारी देते हुए काम बंद करवा दिया। वहीं अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह का कहना कि उच्च अधिकारियों से बात तालाब की पैमाइश कराई जाएगी।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक बेहोश

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शुक्रवार की देर रात लगभग 11 बजे नगर के मोहल्ला रामनगर स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में काम करने वाला कर्मचारी मयंक यादव पुत्र राजू यादव चीख पुकार मचाने लगा, काम करते समय उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया था। युवक को सांप द्वारा काटे जाने का शक होने पर चीख रहा था। कुछ देर में वह बेहोश हो गया। कुछ लोगों की मदद से वह उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल पहुंच गया।

### छत से गिरकर बच्चा घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना विशुनगढ़ बॉर्डर क्षेत्र के ग्राम कंज निवासी राम बहादुर का एक वर्षीय पुत्र आर्या अपने घर की छत पर खेल रहा था। तभी अचानक किसी प्रकार वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। गिरने की आवाज सुनकर दौड़े परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से उसे उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हो गया।

### करंट की चपेट में आने से महिला झुलसी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोजीपुर निवासी कुसमा देवी पत्नी सत्यभान ने बताया कि वह शनिवार की सुबह अपने घर में काम कर रही थी। तभी बोर्ड में प्लग लगाते समय अचानक करंट की चपेट में आकर झुलस गई। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान हालत में सुधार होने पर घर वापस भेज दिया गया।

### कंपोजिट विद्यालय से पंखा चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार की रात चोर ने विद्यालय के कक्षा पांच के कक्ष का ताला तोड़कर पंखा चोरी कर लिया। इसके अलावा चोरों ने विद्यालय आफिस का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया। ग्राम प्रधान माधुरी देवी ने बताया कि चोरों द्वारा निशाना बनाए गए कक्ष को प्रशासन ने चुनाव के लिए बूथ बनाया है। प्रधान ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

### भाजपा महिला नेत्री ने भोजनालय पर काटा हंगामा

**कन्नौज।** मकरंदनगर स्थिति एक भोजनालय पर किसी बात से नाराज तिर्वा की भाजपा नेत्री ने शुक्रवार की देर शाम जमकर हंगामा काटा। भोजनालय संचालक को गालीगलौज की। यह देख लोगों की भीड़ लग गई। लोग कह रहे थे कि भाजपा नेत्री शराब के नशे में थी। भोजनालय के सामने लोगों की खासी भीड़ लगी रही। जो भी महिला को समझाने का प्रयास करता, उस पर भी वह हावी हो जाती। इसीलिये लोग खड़े होकर मौज तो ले रहे थए पर कोई रोकने का प्रयास नहीं कर रहा था।

### दबंगों ने मंदिर निर्माण करवाने पर की युवक से मारपीट

**तिर्वा, कन्नौज।** राममंदिर निर्माण में बाधक बने दबंगों ने युवक से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने राज्य मंत्री को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

यूपी बोर्ड | हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की तीन लाख 50 हजार 797 उत्तरपुस्तिकाएं जांची गईं

# 15वें दिन समाप्त हो गया बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन का काम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के दो केंद्रों पर 16 मार्च से चल रहा यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार को समाप्त हो गया। 15 दिनों में कुल तीन लाख 50 हजार 797 कॉपियां जांची गईं। हालांकि तीन दिन अवकाश व शिक्षक की हत्या के विरोध में दो दिनों तक हड़ताल के चलते मूल्यांकन नहीं हुआ। उसके बावजूद भी समय से कार्य पूरा हो गया।

जिले में तीन लाख 68 हजार 536 कॉपियों का आवंटन मिला था। उसके सापेक्ष तीन लाख 40 हजार 797 उत्तरपुस्तिकाएं ही जांचने को मिलीं। केके इंटर कॉलेज के उप नियंत्रक एके शर्मा ने बताया कि इंटरमीडिएट की एक लाख 51 हजार 942 कॉपियों के सापेक्ष एक लाख 43 हजार 116 कॉपियां मिलीं थीं। निर्धारित समय से एक दिन पहले कार्य समाप्त हो गया। इसी तरह एसबीएस इंटर कॉलेज के उप नियंत्रक एसएल सिंह ने बताया कि दो लाख 16 हजार 594 उत्तरपुस्तिकाओं के सापेक्ष एक लाख 97 हजार 681 कॉपियां केंद्र पर आईं थीं। शनिवार को सभी कॉपियां जांच दी गईं। दोनों केंद्रों पर अंतिम दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कुल 2228 कॉपियां जांची गईं। कॉपियां जांचने के बाद कोठार में सुरक्षित रख दी गईं हैं। उप नियंत्रक एसएल सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की ओर से पांच अप्रैल को संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में मंगवा लिया जाएगा। 31 मार्च को जिन परीक्षक व उप प्रधान परीक्षकों ने अभिलेख व बिल नहीं दिए हैं।



शहर स्थित केके इंटर कॉलेज में मूल्यांकन करते परीक्षक। अमृत विचार

# 39 शिक्षक-प्रधानाध्यापक आज हो जाएंगे सेवानिवृत्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के 39 शिक्षक, प्रधानाध्यापक व प्रधानाचार्य आज सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

डीआईओएस कार्यालय के मुताबिक राजकीय हाईस्कूल ड्योढ़ा और राजकीय विद्यालय किसई जगदीशपुर से एक-एक शिक्षक रिटायर हो रहे हैं। इसी तरह सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में चार प्रधानाचार्य, चार प्रवक्ता व तीन सहायक अध्यापक भी सेवानिवृत्त हो जाएंगे। बेसिक शिक्षा कार्यालय के मुताबिक नौ प्रधानाध्यापक व 17 सहायक अध्यापक 31 मार्च को रिटायर हो रहे हैं। इसमें ब्लॉक उमर्दा, तालग्राम से छह-छह शिक्षक, कन्नौज व सौरिख क्षेत्र से पांच-पांच, हसेरन से एक व छिबरामऊ से दो अध्यापकों की सेवाएं पूरी हो रहीं हैं।

बताया गया है कि फंड व पेंशन आदि के लिए विभाग ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर दी है। वैसे तो 31 मार्च को ही समय पूरा हो रहा है, रविवार का साप्ताहिक अवकाश होने की वजह से कई विद्यालयों में एक दिन पहले ही विदाई समारोह हुए। हालांकि नियम मुताबिक बेसिक शिक्षा महकमा भी शिक्षकों की सेवाएं पूरी होने के बाद सम्मान करता है।

# गंदे शौचालय, टूटी कुर्सियां, नल की टोंटियां देखकर भड़के डीएम

## मतदान केंद्रों पर पाई गईं कई खमियां, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए सख्त निर्देश

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीकेसिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालगंज व कन्या जूनियर हाई. स्कूल कमालगंज में फर्नीचर टूटा हुआ पाया गया। शौचालय गंदे पाये गये। दोनों विद्यालयों में शिक्षा का स्तर खराब मिला। नलों की टोंटियां टूटी पाई गईं, कमरों में रोशनी कम पाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने तत्काल सभी व्यवस्था सही कराने के निर्देश दिये। कन्या जूनियर स्कूल जरारी में कमरों में रोशनी कम पाई गई। शौचालय गंदे पाये गये। जिलाधिकारी ने रैंप की रेलिंग की पुताई के निर्देश दिए। हैंडपम्प का प्लेटफॉर्म टूटा पाया गया। स्कूल के बाहर नालियों में अत्यधिक गंदगी पाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तीन सफाई कर्मी तैनात हैं। जिसमें से केवल दो कार्य कर रहे हैं, एक अनुपस्थिति रहता है। इस पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जूनियर हाई स्कूल भड़ोसा में अत्यधिक गंदगी पाई गई। जिलाधिकारी ने पूरे परिसर की सफाई के निर्देश दिये। बूथ संख्या 301 पर रैंप नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने तत्काल निर्माण के निर्देश दिए। विद्यालय के सभी शौचालय खराब मिले। किसी भी शौचालय में पानी की सप्लाई नहीं मिली। टोंटियां टूटी पाई गईं। लाइट की व्यवस्था अत्यधिक खराब पाई गई। तत्काल सही कराने के निर्देश दिए व बीएसए को निर्देशित किया कि वह खुद विजिट कर अपनी निगरानी में काम करवाएं।

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीके सिंह। अमृत विचार

- बीएसए को अपनी देखरेख में कार्य दुरुस्त कराने को कहा

## पुलिस ने छह आरोपियों को जेल भेजा

**फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर के संकिसा में बरामद पड़ोसी जिला कन्नौज के युवक की हत्या में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित छह लोगों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। मुख्य आरोपी ने साथियों की मदद से मजदूर के शव को जमीन के अंदर दफनाया था। जनपद कन्नौज कोतवाली छिबरामऊ गांव नगला सबसुखपुर निवासी अंकुश शाक्य को गांव का ही कमलेश बुधवार को मेरापुर थाना क्षेत्र के संकिसा में लगी प्रदर्शनी दिखाने के बहाने ले आया था। अंकुश ने तीन माह पहले कमलेश की मां के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की थी। इसका बदला लेने के लिए कमलेश ने अंकुश को प्रदर्शनी दिखाने के बाद संकिसा नगर पंचायत के निर्माणाधीन भवन में शराब पिलाई। नशा होने पर उसने अंकुश के सिर में ईंट से कई प्रहार कर हत्या कर दी। शव को मजदूरों की मदद से नगर पंचायत के निर्माणाधीन भवन के अंदर ही जमीन में दफना दिया।

# बीएएमएस के छात्र को सहपाठियों ने लाठी-डंडों से पीटा, हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- मेजर एसडी सिंह आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज का है छात्र
- बरेली जिले के फरीदपुर का रहने वाला है छात्र

**अमृत विचार।** कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र में बीएएमएस के छात्र की सहपाठियों ने जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने घायल का डॉक्टरी परीक्षण कराया है। मऊदरवाजा क्षेत्र में मेजर एसडी सिंह आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज से जिला बरेली थाना फरीदपुर क्षेत्र के मोहल्ला एसडीएम कॉलोनी निवासी शैलेन्द्र मिश्रा का पुत्र अदित्य मिश्रा (23) बीएएमएस कर रहा है। आदित्य मिश्रा अपने दोस्त के पास फतेहगढ़ कोतवाली के जयनरायन वर्मा रोड पर गया था। उसी समय इसी मेडिकल कॉलेज के बीएएमएस के छात्र मयंक यादव, अखिल यादव, क्षत्रेस आये और आदित्य मिश्रा को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल आदित्य को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर इलाज के बाद छात्र आदित्य मिश्रा का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले पर फतेहगढ़ कोतवाल हरश्याम सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में प्रशिक्षु डाक्टर आदित्य ने तहरीर दी है। मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल ने कहा कि कानून से खेलने की किसी भी व्यक्ति को इजाजत नहीं दी जाएगी। बताते चले की मेजर एसडी सिंह आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज नाला बघार पर एक पहले भी छात्रों के दो गुटों में संघर्ष हो चुका है।

लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराता आदित्य मिश्रा। अमृत विचार

# चोरी की बाइक बरामद कर चोरों को बेचने का आरोप

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** चोरी की बाइक बरामद कर दरोगा ने उन्हीं चोरों को बेच दी। सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने दरोगा सहित तीन के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर कर कार्रवाई की मांग की है। कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला तलैया नगला निवासी पिंकी ने सीजेएम कोर्ट में थाने में तैनात दरोगा महेंद्र सिंह, गांव जगन्नाथपुर निवासी आदर्श, कालीचरन के खिलाफ अर्जी दायर की। इसमें बताया कि तीन फरवरी को एसबीआई बैंक के बाहर से उसकी बाइक अज्ञात चोर चुराकर ले गए। छानबीन करने पर पता चला कि बाइक गांव जगन्नाथपुर निवासी आदर्श व कालीचरण चोरी कर ले गए। थाने में सूचना दी। दरोगा महेंद्र सिंह ने आदर्श व कालीचरण से चोरी की बाइक बरामद कर ली। बाइक को थाने में खड़ा करा लिया। उस दौरान बाइक के प्रपत्र बने नहीं थे। कुछ दिन बाद बाइक के प्रपत्र लेकर थाने पहुंचा तो पता चला कि दरोगा महेंद्र सिंह ने आदर्श व कालीचरण को ही बाइक बेच दी।

### गन प्वाइंट पर लेकर शिक्षक से मोबाइल, रुपये छीने

**फर्रुखाबाद।** शिक्षण कार्य करके स्कूल से लौट रहे शिक्षक को दिन दहाड़े गन प्वाइंट पर लेकर मोबाइल और नकदी छीन ली। पीड़ित अमोद कुमार पुत्र रघुवंशी मूल रूप से अवंती बाई नगर कस्बा व थाना मोहम्मदाबाद के मूल निवासी हैं। उनकी नियुक्ति शिक्षक के रूप में कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम ज्यौना प्राथमिक विद्यालय में हैं। रोज की तरह आज वह विद्यालय आए हुए थे। यहां से अपने घर वापस लौट रहे थे। उसी समय रास्ते में अचानक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इनके ऊपर फायर कर भयभीत कर दिया। शिक्षक आमोद कुमार को गन प्वाइंट पर लेकर 12 हजार रुपये, मोबाइल छीन लिया।

## पैसे मांगने पर फास्ट फूड विक्रेता को ईंट से मारा, हुआ घायल

**फर्रुखाबाद।** रोडवेज बस अड्डे पर फास्ट फूड विक्रेता को एक यात्री ने ईंट मार कर घायल कर दिया। थाना कादरीगेट क्षेत्र के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी चंद्रसेन गुप्ता के पुत्र प्रमोद कुमार गुप्ता की रोडवेज बस स्टेशन पर फास्ट फूड की दुकान है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जिला सीतापुर निवासी अनिल शर्मा का पुत्र गौरव शर्मा ने फास्ट फूड विक्रेता प्रमोद कुमार से चाट-पकौड़ी खाई। विक्रेता प्रमोद कुमार ने जब गौरव शर्मा से रुपए मांगे तो उसने सिर पर ईंट मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया है तथा आरोपी गौरव शर्मा को पकड़ लिया है। घटना के दौरान आसपास के दुकानदार और लोग वहां जमा हो गए।

# शिक्षकों का कार्यकाल पूरा, समारोह में दी विदाई

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आर्मी पब्लिक स्कूल में शनिवार को लंबे समय तक विद्यालय में अपनी सेवायें देने के बाद 4 शिक्षकों का कार्यकाल पूरा होने पर विदाई दी गई। शिक्षक रंजू चतुर्वेदी, अर्चना सेंगर, जितेंद्र कुमार मिश्रा और मोहम्मद जाकिर को विद्यालय के साथी शिक्षकों ने उनके साथ बीते समय की स्मरणीय बातों को साझा करते हुए उन सभी के लिए स्वस्थ जीवन की कामना की।

विद्यालय के शिक्षक डॉ सुनील कुमार त्रिपाठी ने गणित की शिक्षिका रंजू चतुर्वेदी को एक आदर्श परिश्रमशील तथा शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में अत्यन्त लोकप्रिय शिक्षिका बताया तथा उनके कार्य और व्यवहार से शिक्षा लेने के लिए नये शिक्षकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने उनके सम्मान में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या अवकाश प्राप्त मेजर नीताशा हेब्बर ने कहा कि इन चारों शिक्षकों ने अपने-अपने विषयों में सराहनीय कार्य करके विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शिक्षित कर उनके लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सराहनीय योगदान कर विद्यालय को उच्चासीन किया। विद्यालय परिवार सदैव इनकी सेवाओं के लिये ऋणी रहेगा। कार्यक्रम के अन्त में उन्हें उपहार देकर उनके सराहनीय कार्य के लिये विद्यालय परिवार की ओर से कृतज्ञता प्रकट करते हुये सम्मानित किया गया।

समारोह में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### पारिश्रमिक के लिए मई में बजट की करेंगे मांग

**फर्रुखाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2023-24 के मूल्यांकन कार्य के लिए मई में शासन को पत्र भेजकर बजट की मांग की जाएगी। बजट मिलते ही परीक्षकों के खातों में पारिश्रमिक की धनराशि भेज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जीजीआईसी, जीआईसी मूल्यांकन केंद्र पर लगभग 850 व रस्तोगी इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र पर करीब 550 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। इनमें कई परीक्षक अनुपस्थित भी रहे थे।

### यूपी बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य समाप्त

**फर्रुखाबाद।** राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में चल रहा यूपी बोर्ड परीक्षा 2023-24 का मूल्यांकन कार्य शनिवार को समाप्त हो गया। 416 में 48 परीक्षक अनुपस्थित रहे। 3714 हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाएं इसमें जांची गईं। इस मूल्यांकन केंद्र पर कुल 89566 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मूल्यांकन कार्य समाप्त हो गया है। तीनों केंद्रों पर कोठार में कड़ी निगरानी में उत्तर पुस्तिकाएं रखवा दी गई हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश मिलते ही उत्तर पुस्तिकाओं को माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय प्रयागराज भिजवाया जाएगा।

## परिषदीय विद्यालयों में 10.89 लाख से होगा विद्युतीकरण

**फर्रुखाबाद।** जनपद के चार परिषदीय विद्यालयों में विद्युतीकरण के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने 10.89 लाख रुपया आवंटित कर दिया है। इसमें राजेपुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मंझा की मडैया का सर्वाधिक इस्टीमेट 80,00,41 रुपये बना था। विभाग ने चार स्कूलों में विद्युतीकरण किए जाने के लिए 10,89,200 रुपये का बजट भेज दिया है। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने वित्त एवं लेखाधिकारी फर्रुखाबाद को निर्देश दिए हैं कि संबंधित धनराशि बिजली विभाग को हस्तांतरित करवाते हुए स्कूलों में विद्युतीकरण का कार्य करवाएं। इसके साथ ही 31 मार्च तक उपभोग प्रमाण पत्र भी भिजवा दें। यह धनराशि किसी अन्य कार्य में खर्च न की जाए। लेखाधिकारी छत्रपाल वर्मा ने बताया कि शनिवार को बिजली विभाग को 10,89,200 रुपये की धनराशि भिजवा दी।

# विद्यालयों में किताबों का वितरण शुरू

कार्यालय संवाददाता,फर्रुखाबाद

- 1.82 लाख बच्चे पंजीकृत हैं परिषदीय विद्यालयों में
- ब्लॉकों में किताबों की खेप पहुंचना शुरू

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों का वितरण शुरू कर दिया है। राजेपुर ब्लॉक में शनिवार को ट्रैक्टर-ट्राली से किताबें भिजवाई गईं। जनपद के 1576 परिषदीय विद्यालयों में करीब 1.82 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। बच्चों को मुफ्त पाठ्य पुस्तक व कार्य पुस्तिका के लिए 13.96 लाख रुपये का टेंडर हुआ था, जिसमें 13.65 लाख किताबें आ गई हैं। किताबों को नरेंद्र सरीन मांटेसरी स्कूल में रखवाया गया है। शनिवार को दो ट्रैक्टर-ट्राली से किताबें राजेपुर ब्लॉक में किताबों को भिजवाया जाना शुरू कर दिया। बीआरसी से किताबें स्कूलों तक भिजवाई जाएंगी। ठेकेदार अमित मिश्र ने बताया कि किताबों का वितरण शुरू करा दिया है। जल्द से जल्द सभी स्कूलों में किताबें पहुंच जाएंगी। करीब 36 हजार किताबें राजेपुर ब्लॉक भिजवाई जा चुकी हैं। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया कि अप्रैल तक सभी स्कूलों में किताबें पहुंचवा दी जाएंगी।

राजेपुर में पुस्तकें वितरित करते शिक्षक। अमृत विचार

### अच्छे अंक पाने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

फर्रुखाबाद अमृत विचार। जय नरायन वर्मा रोड फतेहगढ़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि अजय द्विवेदी ने कक्षा छह में अच्छे अंक लाने वाले छात्र प्रवीन कुमार, छात्रा कौशिकी कुमारी, कक्षा सात के अंशिका सक्सेना, सानिया यादव, कक्षा आठ की मानवी यादव, कक्षा नौ के अक्षत कुमार को पुरस्कृत किया। इसके साथ ही अभिनव, मोहम्मद फाजिल, अंशुल दीक्षित, आकाश कानौजिया, अदीबा, प्रियांशी पाल, ध्रुव, धानवी और मानवी दुबे आदि छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

## सर्पदंश से बिगड़ी बच्चे की हालत

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र कंपिल के गांव त्यौरखास निवासी सुभाष का 7 वर्षीय बेटा करन अपने घर के पास बने घेर में खेल रहा था। जहां उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। जब तक घर वालों को सर्प दंश की जानकारी हुई । तब -तक बच्चे की हालत काफी नाजुक हो चुकी थी।

घबराए परिजन बच्चे को लेकर कायमगंज नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने देखने के बाद बच्चे को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार बच्चे के शरीर में जहर काफी फैल चुका था, जिसका उपचार सही ढंग से करने की यहां व्यवस्था फिलहाल नहीं थी। इसलिए बच्चे को उच्च चिकित्सा की सलाह देकर रेफर करना पड़ा। इस दौरान परिजनों का रोरोकर बुरा हाल रहा।

# संगम क्लब ने एफएससी को सात विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** संगम क्रिकेट क्लब ने एफएससी क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराकर रिवेंज सीरीज पर कब्जा जमाया। जीत के बाद विजेता खिलाड़ियों ने खुशी का इजहार किया। याकूतगंज स्थित मैदान पर संगम क्रिकेट व एफएससी क्रिकेट क्लब के बीच चल रही तीन मैचों की रिवेंज सीरीज का अंतिम मुकाबला शनिवार को खेला गया। एफएससी क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एफएससी क्लब की पूरी टीम 19.5 गेंदों पर 133 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बंटू यादव ने 44 व विशाल छाबड़ा ने 28 रन बनाए। संगम क्रिकेट क्लब के गेंदबाज डॉ. अमित सक्सेना ने चार, सनी दुबे, आर्यन व धीरेंद्र कुमार ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संगम क्रिकेट क्लब ने 17वें ओवर में ही तीन विकेट खोकर मैच जीत लिया। सनी दुबे ने 87 और आरुष चतुर्वेदी ने 23 रनों की पारी खेली। सनी दुबे को मैन ऑफ द मैच चुना गया। विजेता टीम के कप्तान डॉ. अमित सक्सेना को ट्राफी प्रदान की गई। ट्राफी पाकर टीम के खिलाड़ियों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस अवसर पर संरक्षक रामप्रसाद सक्सेना, संदीप सिंह, नितिन कुमार आदि मौजूद थे।

खेल मैदान में शॉट लगाता खिलाड़ी।

## सार-संक्षेप

### रोजेदारों ने मांगी मुल्क के अमन चैन की दुआ

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** रमजान के पाक महीने में अकीदतमंद रोजा रखकर इबादत कर रहे हैं। नगर के मोहल्ला कुकी खेल में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन पूरी शिद्दत के साथ किया गया। जिसमें देश में अमन चैन की दुआ मांगने के लिए रोजेदारों ने परवरदिगार से इबादत की। इफ्तार पार्टी में वसीम खां, नईम खां, नदीम खां, शहरोज खां, लाला अकील - आसिम खां, अफसर खां, आरिफ खां, जुनैद खां, तोहीद खां, यावर खां, नन्हें खां, सहित बड़ी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

इफ्तार पार्टी में मौजूद रोजेदार।

### गर्म दूध से झुलसा बालक, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी कौशल गंगवार का 5 वर्षीय बेटा साहिल गंगवार अपने घर के आंगन में खेल रहा था । खेलते समय वह खौलते हुए दूध के भगौने में जा गिरा । जिससे वह जलकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए कायमगंज नगर स्थित सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बच्चे को डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### महिला ने खाया जहर, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र कंपिल के गांव घुंडी नगला निवासी सत्तार की 45 वर्षीय पत्नी नफीसा ने किसी घरेलू परिस्थिति से खिन्न होकर संदिग्ध परिस्थिति में कीटनाशक पी लिया । परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया।

नवदिया आश्रम में 99वां उत्सव | ब्रिटिश काल में फर्रुखाबाद के डीएम के यहां पेशकार हुआ करते थे महात्मा रामचंद्र महाराज

# महात्मा रामचंद्र की समाधि पर माथा टेकने वालों का तांता

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सूफी संत महात्मा रामचंद्र महाराज के नवदिया स्थिति आश्रम पर 99वां वार्षिक उत्सव शुरू हो गया है। इस उत्सव में देश भर के महात्मा रामचन्द्र महाराज के अनुयायी यहां पहुंच उनकी समाधि पर माथा टेक रहे हैं।

सबसे खास बात यह है कि इस उत्सव में हिन्दू, मुस्लिम एक साथ हिस्सा लेकर अध्यात्म की अनूठी गंगा में गोता लगा रहे हैं। इसी क्रम में दिल्ली गांधीनगर के बीजेपी विधायक अनिल बाजपेई ने यहां आकर महात्मा रामचंद्र की समाधि पर मत्था टेका। विधायक ने बताया कि वह 1985 से लगातार फर्रुखाबाद महात्मा रामचंद्र की समाधि पर आ रहे हैं। बताते चलें कि महात्मा रामचंद्र महाराज ब्रिटिश काल में फर्रुखाबाद के डीएम के यहां पेशकार हुआ करते थे। वह शुरुआत से ही सूफी साधना में मस्त रहते थे। एक दिन एक कमिश्नर डीएम कार्यालय का मुआयना करने आ गए। जिस समय कमिश्नर यहां पहुंचे उस समय महात्मा रामचंद्र ध्यान में लीन थे। कमिश्नर ने मुआयना किया तो पेशकार का काम सबसे बेहतर पाया। कमिश्नर ने पेशकार को इनाम दिया। महात्मा रामचंद्र की जब समाधि खुली तो उन्हें पता चला कि कमिश्नर कार्यालय में एकाएक आ गए थे। वह भागे हुए ऑफिस पहुंचे और डीएम से क्षमा याचना करने लगे। डीएम ने कहा कि क्षमा याचना क्यों कर रहे हो।

कमिश्नर के मुआयने के समय तुम उपलब्ध थे। कमिश्नर ने तुम्हें पुरस्कृत भी किया है। महात्मा रामचंद्रजी को जब यह जानकारी लगी तो वह डीएम के सामने रोने लगे। उन्होंने सोचा कि अब उनका काम परमात्मा करने लगा है। वह अब परमात्मा को अपने काम के लिए कष्ट देना नहीं चाहते। यही सोचकर उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया और अखंड साधना में लीन हो गए। महात्मा रामचंद्रजी फतेहगढ़ में ही देहत्यागी। फतेहगढ़ की नवदिया स्थित उनकी समाधि बनी हुई है। महात्मा रामचंद्र के विश्व भर में आश्रम चल रहे हैं और सूफी संत हर वर्ष यहां आकर महात्मा जी की समाधि स्थल पर गहन ध्यान में डुबकी लगाकर आत्मिक आनंद और मानसिक शांति की अनुभूति कर रहे हैं। जिसमें भारी संख्या में लोग पहुंचकर महात्मा जी की समाधि पर माथा टेक रहे हैं। महात्माजी के करीबी दिनेश सक्सेना बताते हैं कि वह हर समय ध्यान में लीन रहते थे। दीन दुनिया से उन्हें कोई मतलब नहीं था। आज पूरे विश्व मे हर जाति हर मजहब के लोग उनके अनुयायी हैं।

महात्मा जी की समाधि पर माथा टेकते भक्त। अमृत विचार

- उत्सव में दूरदराज से हिंदू मुस्लिम समाज के लोग एक साथ लेते हैं भाग

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के गांव दीनदयाल बाग निवासी सुरेश का पुत्र नवल किशोर की घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। तभी गुस्से में आकर युवक नवल किशोर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घर वालों ने आननफानन में युवक नवल किशोर को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाया हुआ युवक नवल किशोर को लाया गया है। हालत गंभीर है । भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। नवल किशोर के घर वालों के मुताबिक घर में किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। तभी गुस्से में आकर युवक नवल किशोर ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। खबर लिखे जाने तक युवक की हालत नाजुक बनी हुई थी।

जांच-पड़ताल करती टीम। अमृत विचार

# आम के बाग में फांसी पर लटका मिला युवक

संवाददाता अमृतपुर, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चाचूपुर में एक बाग में युवक ने आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र नाथ राय ने मौके पर पहुंचकर युवक की तलाशी ली। युवक के पास आधार कार्ड पुलिस को प्राप्त हुआ। जिसमें जितेंद्र पुत्र रामसागर निवासी सठिया थाना सांडी जिला हरदोई लिखा हुआ है। उसने राजीव पुत्र जादुनाथ निवासी चाचूपुर के बाग में खड़े पेड़ में सफेद अंगौछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर शव को नीचे उतरवाया और पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

# जीआरपी ने सरगना सहित चार अंतर्राज्यीय चोर पकड़े

## सवा दो लाख के सोने चांदी के आभूषण और आठ मोबाइल बरामद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जीआरपी ने सरगना सहित चार अंतर्राज्यीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से आठ एंड्राइड मोबाइल फोन तथा 88 ग्राम सोने व चांदी के आभूषण बरामद किए है। बरामद सामान की कीमत लगभग सवा दो लाख रुपये बताई गई है। संगम व मरुधर एक्सप्रेस में चोरी किए गए मोबाइल की घटनाओं को भी पकड़े गए चोरों ने कबूल है। जीआरपी ने सभी आरोपियों को जेल भेजा है ।

प्रभारी निरीक्षक जीआरपी शैलेश निगम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रेलवे आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलती ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर आपराधिक घटनाओं की रोकथाम, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे के पर्यवेक्षण में उनके नेतृत्व में गठित टीम में शामिल एसआई अजब सिंह, हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह, कांस्टेबल अनुज कुमार, शैलेंद्र कुमार व सूरज सिंह ने मुखबिर की सूचना पर फरुखावाद ओवर ब्रिज के नीचे से चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों ने अपना नाम दीपक उर्फ दीपू निवासी सड़क बाजार मोहल्ला कुम्हरान थाना इकदिल, रवि प्रकाश निवासी भूलपुर थाना इकदिल, अजय कुमार उर्फ छंगा निवासी ग्राम मुमियन खेड़ा थाना निधौली कला जिला एटा तथा चौथे अभियुक्त ने अपना नाम शिवा उर्फ शिवम निवासी आशा आईटीआई के सामने 16 फुटा रोड जिला फिरोजाबाद बताया ।

### सरगना दीपक पर दर्ज हैं 18 मुकदमे

**इटावा।** थानाध्यक्ष शैलेश निगम ने बताया कि गैंग का सरगना दीपक उर्फ दीपू है। इस पर जिले के थाना इकदिल, कोतवाली, जीआरपी इटावा, झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल पर 18 मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त शिवा पर जीआरपी इटावा, फर्रुखाबाद व टूण्डला में सात, रवि पर जीआरपी आगरा कैंट व इटावा में चार तथा अजय पर जीआरपी इटावा में तीन मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि जब ट्रेन धीमी होती है व प्लेटफार्म पर रुकती है तो वह ट्रेनों में चढ़ जाते हैं और सो रहे यात्रियों का बैग, मोबाइल, सामान, आभूषण चोरी करने के बाद ट्रेन धीमी होने पर उतर जाते हैं।

### चोरों से यह सामान हुआ है बरामद

**इटावा ।** थानाध्यक्ष जीआरपी शैलेश निगम ने बताया कि पकड़े गए चोरों के पास से आठ एंड्राइड मोबाइल फोन, सफेद धातु की तीन पायल, तीन जोड़ी बिछुआ, पीली धातु की एक चेन, पीली धातु की एक लेडीज अंगूठी व एक पुरुष अंगूठी बरामद हुई है। बरामद सामान की कीमत लगभग सवा दो लाख रूपये है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में संगम एक्सप्रेस से दो मोबाइल तथा अगस्त 2023 में मरुधर एक्सप्रेस से एक मोबाइल चोरी हुआ था जो अभियुक्तो से बरामद हुआ है।

# केंद्रीय कारागार में बंदियों को नए कानूनों की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जिला शासकीय अधिवक्ता के मार्गदर्शन में कार्यशाला आयोजित

**अमृत विचार।** केंद्रीय कारागार में नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर विचाराधीन बंदियों में जागरुकता लाने के लिए जिला शासकीय अधिवक्ता के मार्गदर्शन में अन्य अपर शासकीय अधिवक्ता की मौजूदगी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नए कानून के संबंध में जानकारी दी गई।

जागरुकता कार्यक्रम में शासकीय अधिवक्ताओं रमाकांत चतुर्वेदी, मंजू शाक्य, अनुग्रह चौहान, विवेक राजपूत ने अपने-अपने विषय पर चर्चा की तथा आगामी नवीन न्याय प्रणाली में बंदियों को होने वाली सुवधाओं के संबंध में कानूनी धाराओं के बारे में बताया।

कार्यक्रम का सफल संचालन संजीव चतुर्वेदी ने किया। दसरथ सिंह ने आभार प्रकट किया। शिव कुमार शुक्ल, तरुण शुक्ल, अजीत सिंह तोमर, कोशलेंद्र तोमर, योगेन्द्र सिंह,गौरव दीक्षित, आशीष तिवारी, डॉ राम धनी, एके गुप्ता, बलवीर राजपूत, तुषार गुप्ता मौजूद रहे।

केंद्रीय कारागार में बंदियों को जानकारी देते शासकीय अधिवक्ता। अमृत विचार

# बच्चों ने पंजाबी व राजस्थानी नृत्य पेश कर जमकर लूटी वाहवाही

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- प्रियांशी संस्कार वैली स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित
- मुख्य अतिथि डीजीसी क्राइम ने विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

**अमृत विचार।** प्रियांशी संस्कार वैली स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने स्वागत नृत्य, रंगारंग पंजाबी एवं राजस्थानी नृत्य और संगीत प्रदर्शन से लेकर विचारोत्तेजक संस्कार और नाटक, प्रेरणादायक भाषणों में सभी दर्शकों को बांधे रखा।

मुख्य अतिथि डीजीसी क्राइम शिव कुमार शुक्ला ने कहा कि युवा प्रतिभा को पोषित करने और छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया।

विशिष्ट अतिथि एडवोकेट ब्रजेश कुमार दुबे और अजय दुबे आईईएस, संयुक्त निदेशक रक्षा मंत्रालय दोनों ने प्रोत्साहन और ज्ञान के अपने शब्दों से छात्रों और दर्शकों को समान रूप से प्रेरित किया। प्रबंधक अरुण दुबे, अध्यक्ष रीना दुबे और प्रिंसिपल स्नेहलता उमराव के नेतृत्व में उच्च स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीजीसी शिव कुमार शुक्ला एवं अन्य।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# फर्नीचर की दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख

संवाददाता बसरेहर, इटावा

**अमृत विचार।** बसरेहर कस्बा के किल्ली रोड पर शनिवार की सुबह शॉर्ट सर्किट के चलते फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। लोग जब तक आग पर काबू पाते तब तक दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। आग से 100 से अधिक फोम के गद्दे जल गए।

क्षेत्र के गांव रिटौली निवासी मुन्ना मंसूरी की किल्ली रोड पर फर्नीचर की दुकान है। शनिवार की सुबह उसने दुकान खोली और साफ सफाई करने लगा। सफाई करने के बाद वह दुकान पर बैठ गया तभी बिजली आ गई। बिजली के आने से अचानक शार्ट सर्किट हो गया जिससे दुकान में आग लग गई।

दुकानदार ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक काफी सामान जलकर नष्ट हो गया। दुकान के संचालक मुन्ना मंसूरी ने बताया की सुबह दुकान खोली और साफ सफाई करवाई और कुछ देर बाद जैसे ही बिजली आयी तो अचानक दुकान में आग लग गयी। दुकान में रखे सात कूलर, सात अलमीरा, चार सोफा सेट ,डबल बेड चार, एलईडी टीवी सात, 160 तकिया करीब ढाई लाख के गद्दे आग में जल कर नष्ट हो गए। मुन्ना ने बताया की आग में करीब दस से बारह लाख का नुकसान हुआ है। बसरेहर पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन तब तक कस्बा के लोगों ने आग पर काबू पा लिया था ।

# युवक पर फायर करने के दो आरोपी धरे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- आरोपियों के कब्जे से दो तमंचा कारतूस बरामद

**अमृत विचार।** सैंफई थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रूकईया नहर पुल के पास से एक युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से दो तमंचा, कारतूस भी बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि सैफई क्षेत्र के गांव नगला लाले निवासी दुर्वेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि 25 मार्च की शाम को उसका भाई योगेश उर्फ लउआ अपने दोस्तों के साथ ग्राम नगला नत्थू अपने रिश्तेदार की गमी में गया था। ग्राम नगला नत्थू में अर्जुन सिंह पुत्र फतेह सिंह व गौरव पुत्र मोहर सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर रंजिश के चलते योगेश को जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली उसके पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा अपनी टीम के साथ गस्त के दौरान उसरई के पास वाहनों की चैकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दोनों आरोपी रूकईया नगर पुल के पास कहीं भागने की फिराक में है। इस सूचना पर उन्होंने छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से दो तमंचा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए दोनों के अपने नाम गौरव पुत्र मोहर सिंह व अर्जुन पुत्र फतेह सिंह निवासी नगला नत्थू थाना सैफई बताया।

### छुरा सहित शातिर अपराधी गिरफ्तार

**बकेवर।** थाना पुलिस ने गस्त के दौरान व्यासपुरा संपर्क मार्ग के पास से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से छुरा बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना मिली कि गांव व्यासपुरा सम्पर्क मार्ग पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस पर उन्होंने नगर इंचार्ज आरपी सिंह के साथ घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। उसके पास से छुरा बरामद हुआ, उसने अपना नाम हरि ओम निवासी किदवई नगर बकेवर बताया। वह क्षेत्र का शातिर अपराधी है। उसे जेल भेज दिया गया है।

# पहले जमीन मां को दान दी, फिर कर दिया बैनामा

संवाददाता बकेवर, इटावा

- चकरनगर थाने में आरोपियों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम बिधीपुरा में दो भाइयों ने अपनी जमीन को पहले तो अपनी मां के नाम दान स्वरूप दे दिया। इसके बाद उसी जमीन को उन दोनों पुत्रों और उसकी मां सहित दो अन्य लोगों के सहयोग से पुनः बैनामा करके रुपये हड़प कर लिए। इस फर्जीवाड़े को लेकर चकरनगर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है।

एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में अजीत तिवारी पुत्र रामगोविन्द तिवारी निवासी बसैयाहार लवेदी ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी सुहाती शर्मा के नाम से विधीपुरा निवासी सत्येन्द्र पाठक से 11 मार्च 2024 को कृषि भूमि बैनामा चकरनगर तहसील में कराया था।

जमीन का बैनामा कराने के बाद जब इस जमीन को लेने की लखना में भाई प्रवीण तिवारी ने चर्चा की तो लोगों ने बताया कि उस जमीन को पांच छह माह पूर्व सत्येन्द्र पाठक अपनी मां रीता देवी के नाम दानस्वरुप नाम कर चुके हैं। अब उनका कुछ नहीं रहा लेकिन दाखिल खारिज न होने के कारण अभी उसका नाम लिख कर आ रहा है। तहसील में पता करके इस मामले की तहरीर देकर चकरनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस जांच करने में जुटी हुई।

# महिला के साथ गालीगलौज और मारपीट की रिपोर्ट

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सराय इलाही में चोरी छिपे खेत की नींव भर रहे पांच लोगों ने महिला को जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। ग्राम निवासी जावित्री पत्नी रवीन्द्र सिंह ने न्यायालय में दिए शिकायती पत्र में बताया है कि गांव के समीप उनके खेत हैं। गांव के ही लोगों ने चोरी छिपे खेत के चारो ओर पक्की नीव भरवा दी। विरोध किया तो छेड़छाड़ करते हुए महिला को निर्वस्त्र कर दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सुशील, सिद्धार्थ, भुवनेश कुमार, ह्रदेश कुमार के अलावा सत्यवीर के विरुद्ध साढ़े तीन माह बाद एससी एसटी एक्ट व अन्य धाराओ में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# हत्या में तीन दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट ने छह-छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय दिनेश गौंड ने पांच साल पुराने हत्या के मामले में तीन लोगों को दोषी पाया। इस पर उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही छह-छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। इसके अलावा कोर्ट ने दो लोगों को संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह वर्मा ने बताया कि सैफई थाना क्षेत्र के गांव नगला दरियाव निवासी सत्यवीर सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसका भाई राजबीर सिंह 23 अप्रैल 2018 की रात को अपनी मक्का की फसल में पानी लगाने के लिए गया था। उसके साथ गांव का साझीदार राकेश कुमार भी साथ था। तभी गांव के ही विनय कुमार पुत्र सुभाष चंद्र निवासी नगना दरियाव, देवेश उर्फ बब्लू पुत्र फेरम सिंह निवासी नगला दरियाव, उदयवीर उर्फ पप्पू पुत्र राम भरोसे, संजीव उर्फ पप्पू पुत्र श्री कृष्ण निवासी नगला दरियाव व सुभाष पुत्र तुला राम निवासी नगला दरियाव ने एक राय होकर राजवीर सिंह के ऊपर हमला कर दिया तथा गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या जान माल की धमकी व मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। छानबीन के बाद पुलिस ने सभी पांचों आरोपियो के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायालय फास्ट ट्रैक कोर्ट, द्वितीय की कोर्ट में हुई।

अपर शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने देवेश उर्फ बब्लू , संजीव उर्फ पप्पू व उदयवीर को हत्या का दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही छह छह हजार का जुर्माना लगाया। जबकि विनय व सुभाष को साक्ष्यों के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया।

# मंदिर के सरकारी मार्ग पर दबंगों ने कर लिया कब्जा

**भरथना, इटावा।** भरथना तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विरसिंहपुर में नामजद एक दबंग ने गांव के देवस्थल देवी माता मन्दिर के सरकारी मार्ग पर अवैध कब्जा करने की नियत से मार्ग नष्ट कर दिया है। ग्रामीण देवी भक्तों को देवस्थल तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा।

ग्राम विरसिंहपुर निवासी उमेश यादव पुत्र लाखन सिंह,देवेन्द्र कुमार पुत्र रमेश चन्द्र,नरेन्द्र सिंह व गजेन्द्र सिंह पुत्रगण बारेलाल, सुभाष चन्द्र पुत्र मेहताब सिंह,दुर्वेश यादव पुत्र मुलायम सिंह,नेम सिंह पुत्र फतेह सिंह,राजेन्द्र सिंह पुत्र महाराज सिंह,विवेक यादव पुत्र दलवीर सिंह सहित एक दर्जन ग्रामीणों ने भरथना के उप जिलाधिकारी को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि उपरोक्त दबंग ने विगत बर्ष 2021 में भी देवस्थल के उक्त सरकारी मार्ग पर अवैध रूप से जबरन कब्जा कर लिया था। जिसे ग्रामीणों की शिकायत पर तत्कालीन राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ उक्त मार्ग कब्जा मुक्त करते सुरक्षित करा दिया था। लेकिन उपरोक्त दबंग ने सरकार के कानून को अंगूठा दिखा कर ग्रामीणों को धमकाते हुए पुनः उम्र मार्ग को नष्ट कर कब्जा कर लिया है और मार्ग पर अपना निजी भवन निर्माण शुरू कर दिया है।

# घायल तेंदुआ की सेहत में सुधार

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में रेस्क्यू करके लाए गए घायल तेंदुए को इलाज से फायदा है और इसकी सेहत में सुधार हो रहा है। सफारी में 3 फरवरी को बागपत वन प्रभाग से रेस्क्यू कर एक नर तेन्दुआ घायल अवस्था में लाया गया था। सफारी में लाए जाने के 15 दिन पूर्व इस तेंदुआ के एक ही मुद्रा में बैठने के कारण बेडसोर हो गया था। बीच-बीच में तेंदुआ द्वारा अपना पूर्ण रूप से भोजन भी ग्रहण नहीं किया जा रहा था। इटावा सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों द्वारा पशु अस्पताल में लगातार उसका इलाज किया जा रहा है। अब तेंदुआ भोजन कर रहा है तथा घाव में सुधार हो रहा है।

## सार-संक्षेप

फाग गायन में भाग लेते कलाकार एवं जिला पंचायत सदस्य भुजवीर सिंह।

### फाग और गीत गाकर मनाया होली का त्योहार

**जसवंतनगर, इटावा।** कचौरा रोड स्थित जिला पंचायत शिविर कार्यालय पर जिला पंचायत सदस्य भुजवीर सिंह यादव एडवोकेट ने होली फाग का आयोजन किया। फाग का शुभारंभ पूर्व प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह यादव ने फाग गीत गाकर किया। जिला पंचायत सदस्य भुजवीर सिंह यादव ने कहा ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में जरूरी हैं। फाग में बादाम सिंह जनकपुर, मंशाराम जनकपुर, अजंटी दद्दा पीहारपुर, ऊदल सिंह सिरसा, जयवीर सिंह सिसहाट, मुन्नालाल डूंढपुरा, कमलेश सिसहाट, मनोज यादव जुगौरा, बाबा रामदास ज्वालापुर, कृष्णपाल चक फाग गायकों सहित श्री बलवीर सिंह यादव, विनोद यादव, सूर्यप्रकाश, राजू, रामनरेश नेता जी, सुनील यादव, रवी, बबलू, नीरज, कपिल यादव, वीरेंद्र अन्य सैकड़ों क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### इटावा ताइक्वांडो कप आज, 10 जिलों से आएंगे खिलाड़ी

**इटावा।** ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में 31 मार्च को इटावा ताइक्वांडो कप का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता महात्मा ज्योतिबा फुले खेल स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। जिसमें 10 अन्य जिलों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। संघ के महासचिव हिमांशु यादव ने बताया कि बच्चों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अनुभव देने के लिए वह प्रयासरत है। जिसके लिए उन्होंने इटावा में पहली बार सेंसर उपकरणों पर आधारित प्रतियोगिता का प्रबंध किया है। इससे बच्चों के उत्साह में वृद्धि होगी तथा खिलाड़ियों के बीच भेदभाव को कम किया जा सकेगा। कोषाध्यक्ष नबीला ने बताया कि 31 मार्च को सुबह 10 बजे सांसद डा. रामशंकर कठेरिया प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे।

### भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी का स्वागत

**इटावा।** भाजपा कानपुर लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी का दिल्ली से कानपुर जाते समय छात्र नेता आदित्य मोहन शर्मा के नेतृत्व में इटावा रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया। उन्हें पगड़ी, माला पहनाकर, अंगवस्त्र उढ़ाकर सम्मान किया। आदित्य ने बताया कि हम सभी अधिवक्ता टीम के साथ कानपुर में भी ज्यादा से ज्यादा जन संपर्क कर रहे हैं। भाजपा का नारा, अबकी बार-400 पार का आंकड़ा भी अखंड सच साबित होगा। प्रशांत गुप्ता, सचिन अवस्थी, प्रमोद , अमन तिवारी, वैभव, सुधीर, बीटू कुशवाह, अमित दीक्षित, गुफरान खान, रिंकू, शुभम भट्ट, सचिर्वंद्र सेंगर, करन अहिरवार, शिवांग मिश्रा, अक्षय त्रिपाठी, ऋतिक आदि मौजूद रहे।

रमेश अवस्थी का स्वागत करते आदित्य शर्मा।

परीक्षाफल वितरण

## सरस्वती इंटर कॉलेज मोतीझील का परीक्षाफल घोषित, छात्र-छात्राओं को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने किया सम्मानित

# अच्छे अंक लाने पर विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार

प्रधानाचार्य भारत सिंह को स्मृति चिह्न देते प्रबंधक संतोष हयारण। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज मोतीझील का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष कमाण्डर नरसिंह भदौरिया, प्रबंधक संतोष हयारण, प्रधानाचार्य भारत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया।

कक्षा पंचम में प्रथम स्थान जाग्रति और गत सत्र में कक्षा दशम में प्रथम अमन यादव को सह प्रान्त कार्यवाह डॉ. प्रदीप भदौरिया ने चांदी का मेडल, रुपये व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कक्षा दशम में द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा सम्मानित किया ।

चार वर्ष से विद्यालय में प्रधानाचार्य रहे भारत सिंह का स्थानांतरण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मौदहा, हमीरपुर हो जाने पर विद्यालय समिति द्वारा स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर विदाई दी गई। प्रधानाचार्य भारत सिंह ने विद्यालय के आचार्य परिवार, प्रबन्ध समिति, अभिभावक व भैया/बहनों द्वारा मिले सहयोग व स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के पूर्व कोषाध्यक्ष विमल कुमार गुप्ता, डॉ. अखिलेश सिंह भदौरिया, डॉ. आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षाफल वितरित

**इटावा ।** सीबीएसई बोर्ड से संचालित पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड़ पर वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारित होने पर बल दिया। कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। छोटे बच्चे पुरस्कार पाकर अत्यंत प्रसन्न दिखे। अभिभावक अजीत प्रताप ने विद्यालय के अल्प समय में उत्तम परिणाम देने पर प्रसन्नता व्यक्त की। अभिभावक उद्देश अग्निहोत्री ने शिक्षा एवं संस्कार देकर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। अभिभावक अनैया पोरवाल ने कहा कि विद्यालय का संचालन अनुभवी एवं कुशल हाथों में है तथा वे अपने बच्चों को यहां पढ़ाकर बेहद निश्चिंत हैं। गौरव यादव, गौरव वर्मा, मनीष यादव, बिग्नेश व कविता ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

छात्रा को पुरस्कृत करते डॉ. कैलाश यादव। अमृत विचार

छात्रा को पुरस्कृत करते बीईओ नवाब सिंह वर्मा। अमृत विचार

### परीक्षाफल वितरित, पदक पाकर चहके बच्चे

**सैफई, इटावा।** सैफई के खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा ने बताया कि सैफई में 85 प्राथमिक, 19 जनियर, 30 कंपोजिट विद्यालयों में शनिवार को परीक्षाफल वितरित किया गया। प्राथमिक विद्यालय गींजा में कक्षा एक के अभय प्रताप सिंह प्रथम, सेल्वा कुमारी द्वितीय, हिना तृतीय, कक्षा दो में तृप्ति प्रथम, सक्षम द्वितीय, कार्तिक तृतीय, कक्षा तीन में तनु प्रथम, वरदान द्वितीय, महक तृतीय, कक्षा चार में बिंदिया प्रथम, जानवी द्वितीय, राम तृतीय, कक्षा पांच में तपस्या प्रथम, जेसिका द्वितीय, सत्यनारायण तृतीय स्थान पर आए सभी छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा ने मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। कक्षा पांच की छात्रा मोना को खंड शिक्षा अधिकारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग के लिए सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याम बिहारी, सहायक अध्यापक रजनी बाला, पुष्पा देवी, विमलेश कुमारी, शर्मिला यादव ने खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय रनुआ के सहायक अध्यापक अनिल यादव व प्राथमिक विद्यालय भाऊपुर के शिक्षा मित्र सुघर सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी का माला पहनकर स्वागत किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# आम चुनाव सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है।

आम चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सामान्य संवाद की भाषा बदल गई है। शब्द आक्रामक हो गए हैं। संवाद की शालीनता समाप्त हो रही है। कायदे से दलतंत्र को लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संवाद की भाषा परस्पर प्रेमपूर्ण होनी चाहिए। दल परस्पर शत्रु नहीं हैं। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को आमजनों तक ले जाने और मजबूत करने के उपकरण हैं। लेकिन शब्द अपशब्द हो रहे हैं। वैचारिक आधार पर दलों के मध्य बहस नहीं है। प्रधानमंत्री तक को अपशब्द कहे गए हैं। भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव हैं। लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उतप्त कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिए गए हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, सम्प्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। संहिता में राजनैतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है। आलोचना में भी संयम बरतने के निर्देश हैं। सबसे बड़ी बात है कि नेताओं और कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी की आलोचना नहीं करेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता में इसी तरह के तमाम संयम की अपेक्षा की गई है। इस सब के बावजूद व्यक्तिगत आरोपों के माध्यम से वातावरण को बिगाड़ने का काम हो रहा है।

शब्द की शक्ति बहुत बड़ी है। शतपथ ब्राह्मण के ऋषि ने वाणी को विराट कहा है। बाईबल में घोषणा है कि सबसे पहले शब्द था-'इट वाज लोगोस फर्स्ट'। महर्षि व्यास ने शब्द को ब्रह्म कहा है। शब्दों के सदुपयोग से सृजन की गतिविधि चलती रही है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में ध्यान दिलाया है कि एक ही शब्द का स्थान के अनुसार प्रयोग भिन्न भिन्न अर्थ देता है। कबीरदास ने भी कहा है कि, ''शब्द की मार बड़ी है।" शब्द साधना स्तुतियों, काव्य और गीतों में प्रकट होती है। शब्द संयम अपरिहार्य है। ऐतरेय उपनिषद के शांति पाठ में प्रार्थना है, "हे परमात्मा मेरी वाणी मन में स्थित हों और मन वाणी में स्थित हो जाए। मेरे मन और वाणी साथ साथ काम करे। मेरे संकल्प और वचन विशुद्ध होकर एक रहे। मेरा सुना हुआ और अनुभव में आया हुआ ज्ञान मेरा त्याग न करे। मेरा ज्ञान मुझे सदा स्मरण रहे।" मन का अनुशासन जरूरी है। अनुशासित मन से सुन्दर शब्द और अर्थ निकलते हैं। मन और वाणी एक साम्य में हमारा मार्गदर्शन करें। ऋषि संकल्प करते हैं, "मैं अपनी वाणी से सदा ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करूंगा, जो दोषरहित हो। मैं सत्य बोलूंगा-सत्यं बदिष्यामि। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। भारतीय परंपरा में शब्द अनुशासन पर अतिरिक्त जोर दिया गया है।"

सृष्टि के जन्म और विकास के अनेक सिद्धांत हैं। चार्ल्स डारविन का सिद्धांत विकासवादी कहा जाता है। स्टीफेन हाकिंग जैसे ब्रह्माण्ड विज्ञानी सृष्टि के उद्भव पर काम करते रहे हैं। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का कथन है कि एक समय सृष्टि का सारा पदार्थ और ऊर्जा एक छोटे से बिंदु पर थी। इसे ब्रह्म अण्ड भी कहा जाता है। अत्यधिक दबाव के कारण ब्रह्म अण्ड फूटा। उसके कण गतिशील हुए और इस तरह सृष्टि का विकास आगे चल पड़ा। वैज्ञानिक कार्ल सागन ने इसे कॉस्मिक एग 'ब्रह्म अण्ड' कहा है। ऋग्वेद में इसे हिरण्यगर्भ कहा गया है। हिरण्य का अर्थ स्वर्ण या कोई अति चमकीली धातु है। ऋग्वेद में कहते हैं कि सबसे पहले हिरण्यगर्भ ही थे। ऐतरेय उपनिषद ऋग्वेद के आरण्यक का भाग है। उपनिषद (खण्ड 1-4) में कहा गया है, "हिरण्यगर्भ पुरुष ने स्वयं को प्रकट करने के उद्देश्य से तप किया। तप के फलस्वरूप हिरण्यगर्भ फूट गया। इससे फूटकर मुख छिद्र बना। इसी मुखछिद्र से वाणी उत्पन्न हुई।" वाणी आराध्य है। वाणी से ही विचार प्रकट होते हैं। वाद, विवाद और संवाद वाणी से ही संभव है। वाणी के ही सम्यक प्रयोग से संस्कृति का विकास हुआ। ऋग्वेद (10-125) में वाणी सम्पूर्ण प्रकृति को धारण करती है। वाणी में समूचा संसार व्याप्त है।

ऋग्वेद में वाणी का सुन्दर विवेचन है। वाणी के चार रूप बताए गए हैं। पहले रूप को 'परा' कहा है। यह मन में स्थित रहती है। दूसरी का नाम 'पश्यन्ती' बताया गया है। इस मनोदशा में वाणी प्रकट करने का विचार उठता है। तीसरी 'मध्यमा' है। इस तल पर विचार शब्द अपना रूप ग्रहण करता है। शब्द योजना बनती है। शब्दों का विवेकीकरण होता है। चौथी का नाम 'बैखरी' बताया गया है। यह प्रकट वार्ता है। लेकिन साधारण लोग पहली तीन स्थितियां कम जानते हैं। वे केवल चौथी का ही प्रयोग करते हैं। वाणी के सभी रूप पालनीय हैं।

प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है। शब्द शक्ति की खोज और पहचान का आदिस्रोत भारत है, ऋग्वेद है। चीन के एक दार्शनिक लाओत्सु (ईसापूर्व 400 वर्ष लगभग) ने भी सृष्टि के विकास पर लिखा है। 'ताओ ते चिंग' उनकी महत्वपूर्ण पुस्तक है। 'ताओ ते चिंग' भी वाणी और शब्द का चमत्कार है। वाणी आराध्य है। छान्दोग्य उपनिषद में व्यथित नारद को सनत् कुमार ने वाणी की शक्ति का दर्शन बताया था। भारत में शब्द और वाणी का जैसा सदुपयोग हुआ है, वैसा अन्य सभ्यताओं में नहीं मिलता। वाणी के सम्यक ज्ञान और सम्यक सदुपयोग से मंत्र शक्ति का पादुर्भाव हुआ। मंत्र शब्दों के सम्यक प्रयोग से बनते हैं। मंत्रों का उच्चारण अनुशासित वाणी द्वारा ही संभव होता है। सुने गए शब्द अपनी अर्थवत्ता के कारण चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाते हैं। मंत्र के प्रभाव होते हैं या नहीं? यह विषय वैज्ञानिक और दार्शनिक विवेचन का है। लेकिन वाणी की शक्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। मधुर वाणी से गीत काव्य प्रकट होते हैं। इसी के सम्यक उपयोग से स्तुतियां बनती हैं।

वाणी की शक्ति अपरिमित है। संस्कृति मनुष्य को उदात्त बनाती है। संस्कृत देववाणी है। इसमें संस्कृति के विकास की विराट क्षमता है। भारतीय संस्कृति में वाणी और शब्द के आश्चर्यजनक सदुपयोग मिलते हैं लेकिन राजनैतिक क्षेत्र में सामान्य वक्तव्य भी हिंसक हो जाते हैं। भारतीय सुभाषितों में कहा गया है कि सत्य बोलो-सत्यम ब्रूयात। प्रिय बोलो-प्रियं ब्रूयात। लेकिन अप्रिय सत्य मत बोलो। यहां सत्य को भी अप्रिय होने के कारण उचित नहीं कहा गया। 2024 के महासमर में सुन्दर वाणी का प्रयोग जरूरी है। लेकिन प्राचीन भारत के युद्धों में भी अश्लील और असभ्य शब्द प्रयोग नहीं मिलते। महाभारत का बड़ा हिस्सा युद्ध का है। सेनाएं आमने सामने हैं। तब दोनों पक्षों के योद्धा परस्पर शालीन वार्तालाप करते थे। भारतीय लोकतंत्र में वैदिक काल से ही सभा समितियां हैं। स्तोता देवताओं से प्रार्थना करते हैं, "मैं सभा में मधु बोलूं। मैं सभा में यशस्वी होऊं। उग्र विषय भी मधुर वाणी में बोलूं। आश्चर्य है कि जिस भारत में मधुर बोलने की प्रतिस्पर्धा थी, उसी परम्परा के उत्तराधिकारी होकर भी हम शब्द संयम तोड़ रहे हैं। वातावरण नई पीढ़ी के लिए अप्रिय हो गया है।

# गलत है महापुरुषों पर जाति का ठप्पा लगाना

अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है?



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल दत्तचित्त है। यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा, भाई। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था, जो इस देश की अनन्य विरासत है।

अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है? सभी दल समान रूप से जाति नामक प्राचीन भारतीय संस्था के संरक्षण-परिरक्षण के महान दायित्व का निर्वाह करते पाए जा रहे हैं या नहीं? जिन दलों ने इंडिया नामक महागठबंधन बनाया है उनमें सीटों का बंटवारा अंत में किस बात पर आकर अटकता है?

हां, जिस दल ने समूचे हिन्दू समाज का उद्धार करने का बीड़ा उठा लिया हो, उसे इस मामले में कुछ छूट तो मिलनी ही चाहिए। उसे तो एक ही मजहब वालों को टिकट देना है। बाकी मजहबों के लिए और सारे दल हैं न? लेकिन इस हिंदू-उद्धारक दल में भी टिकट के बंटवारे में जाति की बेकदरी होती हो, ऐसा कतई नहीं। बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं।

पता लगाएं, महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा, पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिल ही जाएंगे, पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं। बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाकों में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं, पता करिए, इन्हें खोलने वाले किस जाति के हैं और इनकी प्रबंध-समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है। आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का कब्जा हो गया है, महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है।

बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में आ पड़े हैं तो क्या किया जाए? एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी, अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना पसंद करेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है, वे कब तक अन्य जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं?

# नवीन शैक्षिक सत्र: चुनौतियां और संभावनाएं

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए।

नवीन शैक्षिक सत्र पहली अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। यह समय लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और तैयारियों का भी है। अलग-अलग चरणों में मतदान तथा उससे संबंधित क्रियाकलापों के चलते इन कार्यों में विद्यालयीय स्टाफ की संलग्नता भी रहेगी। ऐसे समय में विद्यालय संचालन तथा निर्वाचन संबंधी दायित्वों हेतु एक विशिष्ट कार्ययोजना की आवश्यकता होगी, ताकि दोनों ही दायित्वों का सम्यक निर्वहन हो सके। यह संभव हो इसके लिए जरूरी होगा कि बच्चों तथा सामुदायिक ज्ञान संदर्भों का समुचित उपयोग करते हुए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है।

सबसे पहले बात करते हैं लोकतंत्र के महापर्व की। बच्चों को मतदान जागरूकता फैलाने, अपने घर-परिवेश में वोट का महत्व समझाने तथा सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित करने जैसी ज़िम्मेदारियां देकर भविष्य के एक प्रखर व जागरूक मतदाता के रूप में विकसित करने का यह सही अवसर होगा। आवश्यक यह होगा कि सत्रारंभ में ही इस प्रकार की सुनियोजित कार्ययोजना बना ली जाए कि इस अवधि में बच्चे निरंतरता के साथ जागरूकता तथा पठन-पाठन संबंधी क्रियाकलापों से जुड़े रहें। इसके लिए नवीन शैक्षिक सत्र में पहले दिन से ही विद्यालयों का वातावरण वेलकमिंग बनाना होगा। बच्चों को विद्यालय में आकर लगे कि इस स्थान पर उन्हें पर्याप्त अहमियत दी जाती है। सत्र के प्रारंभिक दस-पंद्रह दिन विद्यालयों में विविधता पूर्ण खेल-गतिविधियों का आयोजन कराया जाए। बच्चे अपने स्थानीय परिवेश में विभिन्न प्रकार के खेल खेलते हैं। इन खेलों में ऐसे कई कौशल होते हैं, जो पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को पूर्ण करते हैं। बच्चों के सहयोग से इन स्थानीय खेलों की सूची बनाकर दिवस वार खेल गतिविधियां निर्धारित करते हुए तथा बच्चों का सहयोग लेते हुए रोचक व रचनात्मक वातावरण का सृजन किया जाए। बच्चे विभिन्न प्रकार के कला-कौशल और स्थानीय शिल्प में निपुण होते हैं। आरंभिक दिनों में उनकी इस प्रतिभा उपयोग किया जाए। विद्यार्थी अपने विद्यालय को सजाएं-संवारें और पूरे विश्वास-उल्लास के साथ कहें कि 'मेरी भी आभा है इसमें'।

विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए। इससे बच्चों में न केवल दायित्व बोध विकसित होगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। योजना का स्वरूप इस प्रकार निर्धारित हो कि हर बच्चे को किसी न किसी जिम्मेदारी को निभाने का अवसर प्राप्त हो। दायित्वों का दिवसवार मैपिंग करते हुए विभाजन भी निर्धारित किया जा सकता है। इससे चुनावी व्यस्तता के दिनों में भी विद्यालय भलीभांति संचालित होता रहेगा।

बच्चे अपने परिवार और परिवेश से रागात्मक रूप से जुड़े होते हैं। इन सबके बीच उनके रिश्तों और भूमिकाओं का संसार होता है। इन रिश्तों और भूमिकाओं में ज्ञान-विज्ञान के असीमित क्षेत्र और संभावनाएं छिपी होती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलापों में इस समृद्ध संसार को शामिल करना सीखने और सिखाने को सुगम व रोचक बनाता है। आवश्यक होगा कि नवीन सत्र हेतु निर्धारित की जा रही योजनाओं में बच्चों के इस ज्ञान-विज्ञान को समुचित स्पेस दिया जाए। शिक्षार्थियों का गुणात्मक उन्नयन काफी हद तक शिक्षण की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। इसी प्रकार शिक्षण की गुणवत्ता निरीक्षणकर्ता के गुणवत्ता परक कार्य, व्यवहार और पारस्परिक सहयोग पर निर्भर करती है। अतः प्रत्येक स्तर पर यह तय करना जरूरी होगा कि सभी का सहयोगात्मक प्रदर्शन सत्रांत में संस्थागत उत्कृष्टता के रूप में उभर कर आए।

विद्यालयों में वर्ष पर्यन्त शिक्षक तथा बच्चे शैक्षिक पंचांग/ वार्षिक कैलेंडर में निहित क्रियाकलापों के अलावा विभिन्न विभागीय तथा अंतरविभागीय गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं। विभागीय स्तर पर इन गतिविधियों पर ज़रूरी फिल्टर लगाकर शिक्षण अधिगम के अवसरों को बढ़ाया जा सकता है। अनावश्यक मेले-रैलियों, फ़ोटो प्रेषण की गतिविधियों को संक्षिप्त करते हुए इनके स्थान बच्चों की गुणात्मक वृद्धि में सार्थक नतीजे देने वाले काम कराया जाना ज्यादा जरूरी होगा। निश्चित ही इससे बच्चों की जिंदगी में कई गुणवत्तापरक बदलाव प्रदर्शित होंगे। समय-समय पर विविध प्रकार की सूचनाओं के आदान-प्रदान को एक समस्या के रूप में देखा जाता है। सूचनाओं का प्रवाह कम हो इसके लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान से जुड़ा तंत्र यह निर्धारित करे कि सूचनाएं कम से कम समय में कैसे मैनेज हों ताकि बच्चों के हिस्से का समय प्रभावित न हो। तकनीक समृद्ध समय में सूचना प्रबंधन को कहीं ज्यादा बेहतर और सुव्यवस्थित किया ही जाना चाहिए। सत्रारंभ किसी भी शिक्षार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण क्षण होता है। जरूरी है कि शिक्षा से जुड़ा हर व्यक्ति इस बारे में गंभीरता से सोचे कि हम सब मिलकर ऐसा क्या करें कि सत्रारंभ से ही पाठशाला बच्चे के लिए आनंद शाला बन जाए। वह आनंदशाला जिसमें हर बच्चा अपनी रुचि और गति से सीखते हुए अपनी उम्र व कक्षा के अनुसार अपेक्षित ज्ञान, कौशल व दक्षताएं प्राप्त कर रहा हो तथा हम इस बदलाव के वाहक और संवाहक बनने का गर्व-गौरव और सुकून हासिल कर रहे हों।

# कलकत्ता 'मिनी राजस्थान'

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

जड़ों से उखाड़कर नई जमीन में पौधे को लगाकर पुनर्जीवित करना बेहद कठिन होता है। केवल धान का पौधा ही ऐसा है, जो उखड़ने के बाद फिर रोपे जाने के बाद पनपता है, लेकिन बाकी उखड़ते ही अधमरे हो जाते हैं या मुरझाकर प्राणविहीन हो जाते हैं। केवल उनके प्राण बचते हैं जिनकी जिजीविषा-शक्ति अत्यंत प्रबल रहती है।

पूरी दुनिया के लोग भटकते हैं, कोई रोजगार-व्यापार के लिए, कोई नौकरी के लिए, कोई आसरे के लिए, कोई पढ़ने के लिए, कोई कुछ जानने के लिए, कोई घूमने के लिए तो कोई अपना मुंह छुपाने के लिए। अपने घर को छोड़कर दूसरी दुनिया में जाने का निर्णय लेने वाले या तो अपने हालात से मजबूर होते हैं या वे दुस्साहसी होते हैं। ऐसा देखा गया है कि जिसने अपना घर-परिवार छोड़ा, किसी नई जमीन में जाकर बस गया, वह एक-न-एक दिन खुद को साबित कर देता है। गर्म-रेतीले रेगिस्तान में भटकता इंसान पानी और छांव की तलाश में अनवरत चलते रहता है, क्योंकि उसके पास और कोई विकल्प नहीं रहता। इस कहानी को भारत के उस रेगिस्तानी इलाके से शुरू करते हैं जिसे राजस्थान, मारवाड़ और हरियाणा कहते हैं। अति प्राचीन काल में राजस्थान वैसा बीहड़ मरुस्थल नहीं था, जैसा आज है। वहां सरस्वती और दृषदवती जैसी बड़ी नदियां बहती थी, लेकिन ऋतु-परिवर्तन के कारण भौगोलिक परिस्थितियां बदली और वहां की हरियाली ने थार मरुभूमि का रूप धारण कर लिया। राज्य के पूर्वी भाग को छोड़कर पूरा प्रदेश पानी के लिए तरसता था। पानी नहीं था तो कृषि भी कम थी। कम पानी से होने वाली उपजें हुआ करती थी जैसे ज्वार, बाजरा, काकड़ी, मिर्च, सांगरी आदि। रोजगार नहीं थे इसलिए हरेक घर में फुर्सत का राज्य था, शतरंज की महफिलें लगती, गपशप होती, बहसबाजी होती परिणाम स्वरूप कभी-कभी लट्ठ चल जाते। बीसवीं शताब्दी की शुरुआत में अंग्रेजों ने भारत में अपने पैर पसारने शुरू कर दिए थे और कलकत्ता को उन्होंने अपना 'गेट-वे' बनाया।

जिन बड़े घरानों का नाम आज संपूर्ण भारत में उजागर है जैसे बिरला, डालमिया, मोदी, बांगड़, जालान आदि वे इसी इलाके से कलकत्ता पहुंचे लोग हैं, जो अंग्रेजों को मजदूर मुहैय्या कराने या दलाली जैसा छोटा-मोटा काम किया करते थे। इनको अपने काम की देखरेख के लिए आदमी चाहिए थे। कलकत्ता के निवासी-बंगालियों का काम उन्हें पसंद नहीं था, क्योंकि वह घड़ी देखकर काम करने वाला समुदाय था, जबकि उन्हें दिन-रात काम करने वाले लोग चाहिए थे। व्यापार का हिसाब-किताब रखने के लिए विश्वसनीय मुनीम भी चाहिए थे। इसलिए वे 'देश' के परिचित लोगों को कलकत्ता बुलाकर बसाने और उन्हें काम सिखाने लगे और धीरे-धीरे कलकत्ता 'मिनी राजस्थान' हो गया।

# संतन को कहां सीकरी सो काम

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कुंभनदास साहित्य के क्षेत्र में भारत की 16-17 वीं शताब्दी अपने संत कवियों के लिए जानी जाती है। वह युग था जब भक्ति आत्म सम्मान का पर्याय थी और व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह के स्वर में मुखरित हुई थी। इन्हीं संत कवियों में एक कुंभनदास हुए। मथुरा के समीप जमुनावतो गांव के निवासी, जन्म से क्षत्रिय और वृत्ति से कृषक। वे कृष्ण-भक्त थे और मथुरा के गोवर्धन पर्वत स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना और गायन किया करते थे। एक बार बादशाह अकबर ने कुंभनदास का कोई भजन किसी से अपने दरबार में सुना। भजन उसे इतना अच्छा लगा कि उसे कुंभनदास को देखने और उनसे भजन सुनने की इच्छा हो आई। तब अकबर अपने फतेहपुर सीकरी के किले में रह रहा था। उसने कुंभनदास को दरबार में आने का आमंत्रण भेजा। कुंभनदास जाना नहीं चाहते थे, पर दूतों का बार-बार आग्रह देखकर वे सीकरी को चल पड़े। अकबर द्वारा भेजी गई शाही गाड़ी पर सवार होकर नहीं, बल्कि पैदल। अकबर ने उनका काफी आदर भाव किया और चलते वक्त उन्हें कोई भेंट देना चाहा, पर धन, मान, राज-सम्मान की किसी भी इच्छा से विरक्त संत ने एक ही चीज की मांग की कि उन्हें फिर कभी सीकरी न बुलाया जाए। सीकरी से लौटने के बाद कुंभनदास ने अपना प्रसिद्ध पद लिखा था। संतन को कहां सीकरी सों काम।/आवत जात पनहिया टूटी बिसरि गयो हरि नाम॥/ जाको मुख देखे दुख लागत, ताको करन परी परनाम॥ 'कुंभनदास' लाल गिरिधर बिन यह सब झूठो धाम॥/ सत्ताधारियों से चिपके रहने वाले आज के स्वार्थ-लिप्त निकृष्ट चोलाधारी संत क्या जाने की भक्ति क्या होती है?

# मनुष्य की गहनतम अनुभूति है ईश्वर

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है।

आप उसे कल्पना कहते हैं, तब उसका अर्थ कुछ और हो जाता है। लोक जीवन में विद्यमान है, उसे तो कल्पना नहीं कहा जा सकता। वह तो वास्तविकता बन गया न! यह बात अलग है कि संसार में जितने सांस्कृतिक समूह हैं, उतनी ही ईश्वर की अवधारणा हैं। जिस दिन ईश्वर की परिभाषा पूरी हो जाएगी, उस दिन ईश्वर ईश्वर नहीं रह जाएगा, परिभाषा करने वाला ही ईश्वर हो जाएगा।

शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है। वास्तव में ईश्वर की यह खोज जीवन की खोज है, सुख की खोज है, आनंद-मंगल की खोज है, शक्ति की खोज है, सत्य की खोज है, पूर्णत्व की खोज है, अंतर्तम की खोज है, मनुष्यता की खोज है, स्वयं अपनी खोज है। ईश्वर की अवधारणा समष्टिगत भी है और व्यक्तिनिष्ठ भी होती है। हर आदमी अपनी तरह से वंदना करता है।

अपनी तरह से परिभाषा करता है, ईश्वर मेरा है, ऐसी भावना भी करता है। जरूरी नहीं कि वह किसी किताब की परिभाषा को लेकर चले। ईश्वर मनुष्य की गहनतम अनुभूति है। वेद ईश्वर की वाणी इसलिए है कि लोक ने उसे प्रतिष्ठित किया है। बाइबिल, कुरान, त्रिपिटक, अवेस्ता, गुरुग्रंथ साहब अपने-अपने लोक समुदाय के द्वारा प्रतिष्ठित ईश्वर-वाणी हैं। ईश्वर की अवधारणा को लेकर बुद्धिजीवी की बहस हम फेसबुक पर नित्य ही देखते हैं, पर मुश्किल यह है कि वे अपने को लोक से भिन्न और ऊंचा मान लेते हैं और सामान्यजन को मूर्ख! वैज्ञानिक समाजवाद कहें या जनवाद कह लें, यदि उस पुस्तक में यह लिखा है कि निर्बल के साथ रहो सहो, उसके दुख को अपना दुख मानो, उसके पक्ष में खड़े हो जाओ, उसको इतनी ताकत दो कि वह न्याय पा सके तब तो ठीक है और यदि आप अपने अहंकार में धर्म, ईश्वर और आस्था को ही अपना निशाना बना रहे हैं तो स्पष्ट है कि आपके पास लोकजीवन को देने के लिए कुछ भी नहीं है। निश्चित ही धर्माडंबर, चमत्कारवाद, जड़ता और भेड़चाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। महात्मा गांधी और भारत की विस्तृत संत परंपरा ने इनका निषेध भी किया था, परंतु आप अपनी सनक में उस गरीब का भरोसा या तिनके का सहारा भी छीन लेना चाहते हैं। ईश्वर की कोई भी परिभाषा अंतिम नहीं हो सकती। सात समुद की मसि करूं, लेखनि सब बन-राय। /सब धरती कागद करूं, तव गुन लिखा न जाए। (कबीर) सात-समुद्र में स्याही घोलूं/ सारी महावृक्षों की कलम बनाऊं।/सारी धरती पर तेरे गुणों का बखान करूं/तो भी तेरे गुणों को नहीं लिखा जा सकेगा। असित गिरि समं स्यात्कज्जलं सिंधुपात्रे, सुरतरुवर-शाखा लेखनी पत्रमुर्वी/ लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं तदपि तव गुणानामीश पारं न याति। वेदशास्त्र उसे जान चुके होते तो भला नेति क्यों कहते? वह कहने की बात होती तो ब्रह्मा कब का कह चुका होता।

अवाङ्ग्नसगोचर या गिराज्ञानगोऽतीत क्यों कहा जाता? अव्यक्त क्यों कहा जाता? वह भाव-रूप न होता तो तुलसी या दूसरे मनीषी उसे भावगम्य क्यों कहते? भाव ही साधन है और भाव ही साध्य है। जीवन में भाव की कितनी सशक्त भूमिका होती है? आप उसे मनुष्य का विश्वास कहें या कुछ और मनुष्य अपने साथ ईश्वर की अवधारणा को अपने साथ लेकर चलता है। जीवन में कितनी बार याद कर लेता है? सुख-दुख, भय-संकट, रोग-शोक, जय-पराजय, आंधी-तूफान, पीड़ा-संताप, जन्ममरण कितने संदर्भ हैं।

# नर हो, न निराश करो मन को

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्मस्थलों में नियमित जाकर प्रार्थना या गुहार लगाने से भौतिक वस्तुओं की यदि प्राप्ति होती रहती तो फिर उद्यम या मेहनत करने की जरूरत नहीं करनी पड़ती जिसने भी इस तरह के उपायों को अपनाया,उन्हें अंत में निराशा ही होती है। ऐसे लोग प्रार्थना और दुआ की महत्ता नहीं जानते, क्योंकि प्रायः इस तरह की बातें धर्माधिकारियों द्वारा दी जाती है कि धर्मस्थलों पर प्रार्थना और मन्नत मानने एवं चढ़ावा चढ़ाने से मन की मुरादें पूरी हो जाएंगी। धर्मस्थलों में जाना कोई गलत बात तो नहीं, लेकिन वहां जाने और मत्था टेकने से रुपए-पैसे मिलने लगेंगे, यह मान लेना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

धार्मिक स्थलों पर जाने का उद्देश्य तो अच्छे संस्कार एवं आचरण अपनाने के लिए हो तो बेहतर है। धर्मस्थलों में जब कभी प्रसाद के रूप में कुछ भी मिलता है तब उसे बड़ी आस्था से लेकर घर वापसी होती है और घर-परिवार के सदस्यों में उसे बांटा भी जाता है, लेकिन यदि किसी उपदेशक, पुजारी या मौलवी आदि ने अच्छे संस्कारों को अपनाने की सलाह दी तो उसे वहीं छोड़ दिया जाता है। उपदेशक समूह में यदि संदेश या खुतबा देता है,'सदैव सत्य बोलो, असत्य बोलने से ईष्टदेव नाराज होते हैं, अनीतिपूर्वक काम न करो' तो उपस्थित लोगों में अधिकांश को महसूस यही होता है कि यह उपदेश मेरे लिए नहीं, बल्कि अन्य लोगों के लिए है। अधिकांश को अपना अनीतिपूर्ण कार्य जायज और जरूरी भी लगता है।

ऐसी ही एक बोध कथा है, 'एक अंधा व्यक्ति मस्जिद के बाहर खड़ा होकर गुहार लगा रहा था,'परवरदीगार मेरी आंखों की रोशनी गायब हो गई है, उसे लौटा दो।' उस रास्ते से एक बादशाह गुजरा और बोला, 'कब से यहां खड़े होकर गुहार लगा रहे हो?' वह अंधा व्यक्ति बोल पड़ा, 'तकरीबन 10 साल से।' बादशाह बोला, 'जा रहा हूं किसी काम से, एक सप्ताह में लौटूंगा, यदि तब तक तुम्हारी आंख की रोशनी नहीं लौटी तो तलवार से तुम्हारी गर्दन काट दूंगा। मेरे राज्य का हर आदमी इसी तरह अपना समय बर्बाद करेगा तो राज्य की स्थिति खराब हो जाएगी। 'अंधा व्यक्ति घबरा गया। जब आंख की रोशनी नहीं जिंदगी पर आफत आ गई तब घबराया हुआ वह चिकित्सक के पास गया और सारी बात बताकर जल्द रोशनी लौटा देने की डॉक्टर से कहा। उसने यह भी कहा कि चाहे जितना पैसा लगे, वह देने के लिए तैयार है। डॉक्टर ने इलाज किया और एक सप्ताह में आंखों की रोशनी लौट आई। जब बादशाह लौटा तो बोल पड़ा, 'जहांपनाह, रोशनी लौट आई है।' बादशाह बोला,'फिर दस साल से यहां आकर नाटक कर रहे थे? खुदा को छोटे-छोटे कामों में उलझा रहे थे?' इसलिए धर्म-पथ पर चलते हुए अच्छे विचार तथा संस्कार की प्रार्थना या दुआ ही करनी चाहिए।

अत्यंत आस्था के ग्रंथ रामचरितमानस का पाठ करते समय प्रायः 'दीनदयाल विरद संभारी, हरहु नाथ मम संकट भारी' चौपाई पढ़ी जाती है। इस चौपाई पर गौर किया जाए तो यहां संकट रुपए, पैसे, गाड़ी-बंगला, नौकरी का नहीं, बल्कि मानसिक विकारों से ग्रस्त मन में जो संकट है,उससे मुक्ति की प्रार्थना समझ कर करनी चाहिए, क्योंकि जीवन में लोभ, लालच, क्रोध, हीनता की भावनाएं प्रवेश करती रहती हैं। इस तरह की भावनाओं से मन द्विविधाग्रस्त होता है। आत्मबल कमजोर होता है,जबकि आत्मबल ही ईश्वरीय शक्ति है। मशहूर कवि मैथिलीशरण गुप्त की कविता पंक्ति 'नर हो, न निराश करो मन को' से यही ध्वनित होता है कि जिसका आत्मबल सशक्त होता है,वह नर ही नहीं,बल्कि खुद नारायण हो जाता है। नारायण का अर्थ ही नर का आयण यानी आश्रम। मजबूत आत्मबल नारायण स्वरूप प्रदान करता है। वहीं नारायण आकर विराजते हैं। ऐसी स्थिति में कोई कार्य असंभव भी नहीं लगता और नकारात्मक कार्य की ओर मन नहीं जाता। धार्मिक ग्रंथों में कही गई बातों का मर्म समझने की जरूरत है। मर्म समझे बिना धर्मपथ पर चलना निरुद्देश्य भटकना ही साबित होता है।

## एक नजर

### ट्रक गड्ढे में गिरा

**अछल्दा।** कस्बा के तेजपुर अड्डा पर शुक्रवार रात लगभग सवा 10 बजे एक ट्रक तेजपुर अड्डा से मूंगफली के छिलके लेने आया था। लोड करने के बाद ट्रक मोड़ने के लिए बैक करने लगा। तभी, ट्रक सड़क से उतर कर गड्ढे में उतर गया और बिधूना अछल्दा मार्ग के बीचों बीच सड़क पर आ गया। जिससे रोड पर गुजरने वाले वाहन जाम में फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व मौजूद लोगों ने जेसीबी की मदद से करीब आधे घंटे बाद ट्रक को निकाल कर रोड पर किया व वाहनों को निकाला गया।

### मारपीट का लगाया आरोप

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के सराय खाती निवासी अखिलेश कुमार पुत्र वीरभान ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि शनिवार की सुबह 9 बजे करीब अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी, गांव के ही चार लोग दरवाजे पर आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उनके साथ लात-घूसों से मारपीट की। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि जांच की जा रही है।

### शौच के लिए गई महिला से छेड़छाड़, तहरीर दी

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में शिकायती पत्र में बताया कि 28 मार्च को रात 8 बजे वह खेतों पर शौच के लिए गई थी। तभी, गांव के दो लड़कों ने खेत पर आकर अश्लील हरकत करने लगे। उसने विरोध किया तो उन्होंने लात-घूसों, डंडों से मारपीट कर दी। जब वह खेत से भागने लगी तो उसके पैर में डंडा मार दिया। वह घर पर अकेली थी। उसका पति अपनी बहन को लेने इटावा गया था। जब वह घर लौटा, तब उसने सारी घटना उसे बताई। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### बचपन प्ले स्कूल में हुआ परीक्षाफल वितरण

**फफूंद, औरैया।** कस्बे के प्रतिष्ठित बचपन प्ले स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में कक्षा एलकेजी के रितिक व राज ने 99 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान तथा यूकेजी की काव्या गौतम ने 98.25 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कस्बा फफूंद के अध्यक्ष अनवर कुरैशी व मोहल्ला चमनगंज से आरती दोहरे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सभी बच्चों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य विजय सिंह, फिजा, रचना, सोनिका, पुष्पा आदि मौजूद रहे।

### दो दुकानों से नकदी चोरी

**फफूंद।** कस्बा के मुरादगंज तिराहा पर बीती रात अमित कुमार की मिठाई की दुकान का टट्टर काटकर गोलक में रखे आठ हजार रुपये और मिठाई चोरी कर ले गए। वहीं, चोरों ने तिराहे पर ही दूसरी घटना को अंजाम दिया। जहां बृजेश कुमार की सब्जी की दुकान के टट्टर काटकर चोर उसमें रखी गोलक से छह हजार रुपये चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने पुलिस गश्त पर सवाल उठाये हैं। दुकानदारों ने पुलिस को तहरीर दी है। चोरी की घटना से इंकार करते हुए थाना अध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया की घटना संदिग्ध है जांच की जा रही है जबकि दूसरी ओर दुकान के पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करता हुआ एक युवक कैद हुआ है।

### कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने पर खुशी जताई

**बिधूना, औरैया।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को राष्ट्रपति के द्वारा भारत रत्न दिए जाने से सविता समाज में खुशी का माहौल है। नंदवंशी सविता महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश सह संयोजक एवं भारत रत्न जन नायक कर्पूरी ठाकुर महासभा उत्तर प्रदेश के सह संयोजक चंद्र किशोर शास्त्री ने कहा कि आज का दिन उनके समाज के लिए गौरवमई होने के साथ ऐतिहासिक है। कहा कर्पूरी ठाकुर बिहार जैसे राज्य को एक बार कैबिनेट मंत्री, दो बार नेता प्रतिपक्ष, और दो बार मुख्यमंत्री पद से सुशोभित किया है जिनको जननायक की उपाधि एवं नाम से जाना जाता है।

# बदमाशों ने एटीएम उखाड़ा फायरिंग से घबराकर भागे

## मकान मालिक की सक्रियता से बड़ा नुकसान होने से बचाव

संवाददाता, फफूंद औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के फफूंद-दिबियापुर रोड पर ब्लॉक भाग्यनगर के पास स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम को बदमाशों ने उखाड़ लिया और कार पर लादने के लिए बाहर खींचने लगे। आवाज सुन मकान मालिक की आंख खुल गई। शोर मचाने पर मकान मालिक के पुत्र ने लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग शुरू कर दी, जिससे घबराकर बदमाश फफूंद की ओर भाग निकले। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और घटना की जांच की।

फफूंद थाना के अति व्यस्त रहने वाली दिबियापुर-फफूंद रोड पर भाग्यनगर गांव में सड़क किनारे पूर्व प्रधान समाजसेवी चंद्रप्रकाश अवस्थी के मकान में पहली मंजिल पर सेंट्रल बैंक की शाखा है। बाहर दुकान में एटीएम

एटीएम चोरी करने का प्रयास करते चोर।

लगा हुआ है, जो 24 घंटे खुलता है। ऊपरी हिस्से में उनका परिवार रहता है। शुक्रवार की रात एक कार से कुछ बदमाश आए और एटीएम की दुकान में घुस गए। उन्होंने वहां लगे कैमरो पर पेंट पोतने के बाद बिजली के वायर भी काट दिए और एटीएम को उखाड़ लिया। बदमाश वहां से कुछ दूर खड़ी कार में लादने के लिए एटीएम को दुकान से बाहर खींचने लगे। जिसकी आवाज से मकान मालिक की आंख खुल गई। उन्होंने बाहर झांक कर देखा तो बदमाश खड़े थे। जिस पर उन्होंने अपने पुत्र रिंकू अवस्थी को उठाया और घटना की जानकारी दी।

रिंकू अवस्थी अपनी बंदूक लेकर घर की छत पर जा पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। अचानक गोलियां चलने से बदमाश भोचक्के रह गए और जान बचाने के लिए भाग निकले। मकान मालिक की सूचना पर रात में ही सीओ और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। व्यस्त मार्ग किनारे हुई घटना ने पुलिस की रात गश्त की पोल खोल दी। वहीं, मकान मालिक की सक्रियता से बड़ा नुकसान होने से बच गया।

# ग्रामीणों ने दी चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** सहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत ढिकियापुर में स्थित डेरा जोगी में सड़क पर पानी भर जाने से बस्ती के लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम बिधूना के नाम दिए गए ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया है कि सड़क के किनारे नाली न बनी होने के कारण जल निकासी नहीं हो पाती। इस कारण यह जटिल समस्या बस्ती के लोगो के सामने खड़ी हो गई है।

बस्ती के लोगों ने यह भी बताया कि कई बार ग्राम प्रधान दिनेश राठौर से नाली बनवाने के लिए कहा लेकिन कोई ध्यान नही दिया। सपेरा समुदाय के प्रदेश अध्यक्ष सूरज नाथ सपेरा ने शासन-प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि चुनाव से पहले सड़क नहीं बनी तो बस्ती में रहने वाले सभी सपेरा समुदाय के लोग चुनाव से बहिष्कार करेंगे। इस पर एसडीएम बिधूना ने बताया कि बीडीओ सहार को सूचना दे दी गई है। कल वे स्वयं आकर उक्त स्थान का निरीक्षण करेंगे और शीघ्र ही समस्या का निराकरण किया जाएगा।

### साफ पानी और हवा का वादा मांगे मतदाता : नेहा

**औरैया।** पर्यावरण के क्षेत्र में 3334 पौधों का योगदान देने वाली दिबियापुर निवासी राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एवं वाटर हीरो नेहा कुशवाहा ने लोकसभा चुनाव के सभी प्रत्याशियों से मांग की कि वे अपने चुनावी वादे में साफ पानी और हवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी वादा करें। क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रही पर्यावरणीय चुनौतियों से देश भर में करीब 20 लाख लोग हर साल काल के गाल में समा जाते हैं। देश के कई शहर वायु प्रदूषण के गंभीर संकट से घिरे हैं। जल प्रदूषण के कारण भी लोग दूषित भूमिगत जल को पीने को मजबूर हैं। ऐसे में राजनीतिक और गैर राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को इस लोकसभा चुनाव में अपनी कार्यप्रणाली को स्पष्ट करना होगा कि आखिर वे किस तरह वायु और जल प्रदूषण से जुड़ी इन चुनौतियों से निपटेंगे।

नेहा कुशवाहा।

# नपं का टोल फ्री नंबर और वाई-फाई शुरू

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नगर वासियों की समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए नगर पंचायत द्वारा टॉल फ्री नंबर डेस्क की शुरुआत की गई है। टॉल फ्री नंबर पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए एक नगर पंचायत कर्मी की भी तैनाती की गई है।

कस्बावासियों को साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य किसी शिकायत के लिए नगर पंचायत नहीं दौड़ना पड़े और उनका तत्काल निस्तारण हो सके। शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अनवर ने हेल्प डेस्क की शुरुआत की। जिसमे लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए टॉल फ्री नंबर 05683299199 की शुरुआत की

वाईफाई सुविधा के लिए लगा सिस्टम।

गई। अधिशाषी अधिकारी डॉ. विनय शुक्ला ने बताया कि टॉल फ्री नंबर पर आने वाली शिकायतों को दर्ज करके उन्हें दूर करने के लिए नगर पंचायत कर्मी शुभम कुमार की तैनाती की गई है। नगर पंचायत द्वारा मुख्य बाजार चमनगंज में फ्री वाई फाई सुविधा की भी शुरुआत शनिवार से कर दी गई है जिससे बाजार के लोगों को नेटवर्क की व्यस्तता से सहूलियत होगी।

# बदमाशों ने दिनदहाड़े छात्रा के अपहरण का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के खानपुर चौराहे के पास बेखौफ बदमाशों ने बाइक से दिनदहाड़े छात्रा का अपहरण करने का प्रयास किया। छात्रा द्वारा चिल्लाने पर बदमाश भाग गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में भी ले लिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के तिलकनगर जमालशाह निवासी अमन खान पुत्र सलीम खान ने शनिवार को सदर कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि सुबह करीब साढ़े दस बजे बहन मुस्कान उम्र करीब 10 वर्ष अपने स्कूल

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी हिरासत में

सीसीटीवी फुटेज में दिखता आरोपी।

से परीक्षा देकर घर वापस आ रही थी। तभी हाईवे के पास खानपुर चौराहे के बगल में जनता फर्नीचर वाली गली में बाइक सवार बहन को जबरदस्ती पकड़कर बाइक पर बैठाकर कहने लगा कि तुम्हारे पापा बुला रहे है। जब उसकी बहन बचाव-बचाव चिल्लाने लगी तो बाइक सवार छोड़कर भाग गया। घटना सीसीटीवी कैमरे कैद हो गई।

वहीं, जब परिवहन विभाग की साइट पर बाइक का नंबर चेक किया तो उक्त वाहन भोलन शुक्ला पुत्र विजय शुक्ला निवासी ग्राम पिंडार्थू जनपद कानपुर देहात के नाम से पंजीकृत है। सीओ एमपी सिंह ने बताया कि एक बाइक सवार द्वारा लड़की को अपहरण करने का प्रयास किया गया। लेकिन, लड़की के चिल्लाने पर भाग गया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पिंडार्थू कानपुर देहात का रहने वाला है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# बैंड-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** आवास विकास कॉलोनी, औरैया स्थित आंबेडकर पार्क में हरिवोल-कुटीर हरिद्वार के आचार्य पं. हरगोविंद बाजपेई द्वारा श्रीशिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। इसके अंतर्गत शनिवार को बैंड बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा आंबेडकर पार्क से शुरू होकर नरायनपुर स्थित काली माता मंदिर,

- विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा व जलपान से हुआ स्वागत

गोपाल वाटिका होते हुए तहसील चौराहा, बताशा मंडी, फूलमती मंदिर से लोहा मंडी होते हुए सुभाष चौक से कानपुर रोड का नगर भ्रमण करते हुए भोले बाबा के मनोहारी भजनों के साथ नाचते गाते हुए आंबेडकर पार्क पहुंची।

शोभायात्रा का शहर के विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा व जलपान के साथ अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में अजय कांत गुप्ता, रवि पोरवाल, रश्मि बेबी, कृष्णा, यश पोरवाल, शुभी पोरवाल, कपिल गुप्ता, आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट, रमन पोरवाल, लालजी अग्रवाल, आनन्द गुप्ता (डाबर), आदित्य पोरवाल, सोनू यादव, शिक्षक नवीन पोरवाल, सभासद विनोद यादव (कल्लू), गोरा मिश्रा, मुकेश बिश्नोई, हिमांशु दुबे, गोपाल अग्रवाल, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने जय गुरुदेव आश्रम हर्बल पार्क का किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में अव्वल रहे 100 छात्र, छात्राओं को एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट पर पड़ोसी जिले के सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय इकाईयों वृन्दा हर्बल पार्क व जय गुरुदेव आश्रम खितौरा का भ्रमण कराया गया। शनिवार सुबह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया।

ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान क्विज परीक्षा में अव्वल 100 बच्चों का एक्सपोजर विजिट के लिए चयन हुआ। इन बच्चों को टी-शर्ट, टोपी, बैग, कॉपी, पेन, विज्ञान प्रैक्टिकल कॉपी आदि प्रदान की गई। इस दौरान मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय बच्चों के कक्षा छह, सात व आठ के छात्र-छात्राओं के लिए एक्सपोजर विजिट की योजना बनाई गई है। अतः विभाग

बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बीएसए अनिल कुमार। अमृत विचार

की ओर से वृन्दा हर्बल पार्क और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जय गुरुदेव आश्रम खितौरा का भ्रमण कराया गया।

वृन्दा हर्बल पार्क में बच्चों ने आम, चीकू, सिंदूर, लीची, नाशपाती, बेर, इमली, नीबू, संतरा, कटहल, अशोक, अंजीर , चेरी, करौंधा, अखरोट, फालसा, अनार, अमरूद, नारियल के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के औषधि पौधों के महत्व के बारे में जानकर अपनी नोटबुक में लिखा। इसके बाद बच्चों के दल को जय गुरुदेव आश्रम का भ्रमण कराया गया।

# फाटक तोड़कर भागा लोडर चालक, जाम

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रूट पर बना 13 बी क्रॉसिंग शनिवार दोपहर सवा 3 बजे गेटमैन फाटक बंद कर रहा था। तभी, बिधूना की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहा अज्ञात लोडर फाटक के बंद होते समय टकरा गया और लोडर चालक लोडर लेकर भाग गया। गेटमैन ने फाटक बंद करने का प्रयास किया। लेकिन, फाटक टेढ़ा होने की वजह से बंद नहीं हो सका। गेटमैन ने बूम टूटने की सूचना स्टेशन मास्टर को दी।

स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंचे रेलकर्मी व आरपीएफ कांस्टेबल ने इमरजेंसी बूम लगा कर

- रेलकर्मी व आरपीएफ कांस्टेबल ने इमरजेंसी बूम लगाकर फाटक को बंद कराया

फाटक को बंद कराया। इस दौरान इटावा से कानपुर की तरफ जा रही कालका एक्सप्रेस-वे कोलकाता सुपरफास्ट एक्सप्रेस व सीमांचल एक्सप्रेस को आउटर पर रोका गया था। ट्रेनों को इमरजेंसी बूम लगाकर गंतव्य की ओर रवाना किया गया। फाटक बंद होने से क्रासिंग के 13 बी के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। इस दौरान अस्पताल जा रही दो एम्बुलेंस भी जाम में फंसी रही। रेलकर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बूम को सही कर 5 बजे फाटक को खोला गया।

**परीक्षाफल** गेल डीएवी मॉडल स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन

# आरोही सिंह शैक्षणिक सत्र का उभरता सितारा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार को गेल डीएवी मॉडल स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में गेल कंप्रेसर स्टेशन दिबियापुर के (ओआईसी) जितेंद्र पाठक, प्रगति महिला क्लब की अध्यक्ष सरोज पाठक, गेल कंप्रेसर महाप्रबंधक अजय रावत तथा अनिल त्रिवेदी ने किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत करके मुख्य अतिथियों का अभिवादन किया। इसके बाद पुरस्कार वितरण का आरंभ हुआ। ओवरऑल एवन

वार्षिक परीक्षाफल वितरित करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

ग्रेड के लिए कक्षा एक के चिराग, साध्वी, आराध्या, रुद्रांश गुप्ता तथा कक्षा दो के आरव, अनन्या, शिवाय तथा कक्षा तीन की उन्नति, शशांक, अथर्व कक्षा पांच की शांभवी, वर्षिता, क्षितिज को पुरस्कृत किया गया।

100 अटेंडेंस अवार्ड में एलकेजी की इकरा अली, कक्षा दो के अविरल, कक्षा चार का ध्रुव, तथा कक्षा पांच के तेजस तथा आरोही को पुरस्कृत किया गया। शैक्षणिक सत्र का उभरता सितारा का अवार्ड कक्षा पांच की आरोही सिंह को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के क्षेत्र में इस वर्ष का अवार्ड कक्षा पांच की आद्या को दिया गया। वर्ष 2023-24 का ओवरऑल हाउस के विजेता का अवार्ड आजाद हाउस को दिया गया। मुख्य अतिथि जितेंद्र पाठक, अजय रावत, अनिल त्रिवेदी तथा प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## सार-संक्षेप


बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

### अच्छे अंक लाने वाले बच्चो को किया सम्मानित

**फफूंद, औरैया।** क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय कोठीपुर में परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अच्छे अंक लाने वाले बच्चो को ग्राम प्रधान ने शील्ड और पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। शनिवार को कोठीपुर गांव में आयोजित परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अमरेश पांडे ने अच्छे अंक लाने वाले कक्षा आठ के छात्र कृष्णा राठौर, मोहित और छात्रा नव्या एवं कक्षा सात के छात्र अनित कुमार, कृष्ण और अंशिका शुक्ला कक्षा छह की छात्रा निधि कुशवाह, माही और अनिका कक्षा पांच की छात्रा नैना, काजल को शील्ड और पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कक्षा एक से कक्षा पांच की परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को भी पुरुस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया। कहा की शिक्षा एक ऐसी ताकत है जिसके द्वारा व्यक्ति बदलाव करता है कुरीतियों के विरुद्ध समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करता है। प्रधानाचार्य सुनील यादव, राकेश राजपूत आदि मौजूद रहे।


लिपिक को सम्मानित करते चेयरमैन। अमृत विचार

### सेवानिवृत्ति पर लिपिक को दी भावभीनी विदाई

**दिबियापुर, औरैया।** दिबियापुर की नगर पंचायत कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक नरेन्द्र सिंह राजावत के सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। अध्यक्ष राघव मिश्रा ने बड़े बाबू की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके अनुभव और कर्तव्य निष्ठा से नगर पंचायत उनका आभारी है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में नियुक्ति और सेवानिवृति एक सामान्य प्रक्रिया है। लेकिन जब भी जरूरत होगी नगर पंचायत नरेन्द्र बाबू की मदद लेगी। नगर पंचायत के सभासद इकरार खान, राजीव शर्मा, राहुल दीक्षित, अजय पोरवाल, अभय प्रजापति, सचिन गुप्ता, राहुल अम्बेडकर, रिशी पोरवाल, रवी प्रकाश, धर्मपाल सेंगर, राजकुमार, राजेश कुमार, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी अमित तिवारी रवी आदि लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व अध्यक्ष एवं सभासदों आदि ने वरिष्ठ लिपिक का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता मनमोहन सिंह सेंगर ने किया।

छात्र-छात्रा को शपथ दिलाते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### कैप्टन ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

**फफूंद, औरैया।** विकास खंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत फफूंद देहात के मजरा फक्कड़पुर में स्थित मां सरस्वती शिक्षा निकेतन स्कूल में कक्षा सात की छात्रा तनु कुमारी ने कैप्टन पद पर पद व गोपनीयता की शपथ ली। शनिवार को ब्लाक क्षेत्र के ग्राम फक्कडपुर में स्थित मां सरस्वती शिक्षा निकेतन में कक्षा सात की छात्रा तनु कुमारी को विद्यालय में अच्छे अंक लाने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश पाल ने छात्रा को सोलहवें कैप्टन पद पर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उप प्रधानाचार्य राम सेवक ने इनके साथ उपकैप्टन शिवानी कुमारी, कोषाध्यक्ष सिमरन, कक्षा सचिव पल्लवी कुमारी, सहित आयुष कुमार, आर्यन पाल, सुनैना, लक्ष्मी, हर्ष ने विद्यालय परिसर में सदस्य पद की शपथ ली। तनु कुमारी ने कहा कि मुझे जो भी विद्यालय द्वारा जिम्मेदारी दी गई है। मैं भली भांति निर्वाह करूंगी। राम सेवक, तार बाबू, धीर सिंह, अनुज कुशवाहा, महेंद्र दास, अभिषेक शुक्ला, रविकमल, प्रिंस पांडेय, नाजिम खान सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### अध्यापक पर लगाया छात्र को पीटने का आरोप

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र सरमन लाल ने थाना में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसका पुत्र रितिक कुमार गांव के ही उच्च माध्यमिक विद्यायल सलेमपुर में कक्षा 6 का छात्र है। 30 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे विद्यालय में तैनात अध्यापक अनिल कुमार ने उसके पुत्र को घूंसों से मारा तथा उल्टा लटका दिया। उसे चोटें आयीं हैं जिसका उपचार चल रहा है। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि मौके पर पुलिस भेजी गई थी जांच की जा रही है। वहीं शिक्षक अनिल कुमार ने बताया कि दोपहर रितिक दूसरे लड़के के साथ मारपीट कर रहा था। जब दूसरे लड़के ने शिकायत की थी तो उसे डांटकर समझाया गया था मारपीट व लटकाने का आरोप गलत है।

# दबंगों ने मां व उसके पुत्र-पुत्री को जमकर पीटा

**बिधूना।** बकरे को डंडे से पीटने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला व उसके पुत्र-पुत्री को गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर बैस निवासी मालती देवी पत्नी सुरेश ने अछल्दा थाना पुलिस को शनिवार को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके ही गांव के विश्राम सिंह पुत्र रामसनेही, अंजली व नागेश आदि ने मिलकर उसके बकरे को डंडे से पीटा। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए उसे व उसके पुत्र-पुत्री को लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

**श्री रामकुमार भारतीय ज्ञान देवी महाविद्यालय**
**फफूँद – औरैया**

**आवश्यकता है**

**प्राचार्य पद हेतु–** 01 पद
**सहा0 आचार्य–** बी0ए0 संकाय हेतु हिन्दी सा0, अंग्रेजी सा0, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, गृहवि0, उर्दू, संस्कृत (**सभी विषयों में 01 पद**)
**सहा0 आचार्य–** बी0एस0सी0 संकाय हेतु रसायन वि0, भौतिक वि0, जन्तु वि0, वनस्पति वि0, कम्प्यूटर साइंस, गणित (**सभी विषयों में 01 पद**)
**सहा0 आचार्य –** बी0एस0सी0 कृषि संकाय हेतु (**सभी विषयों में 01 पद**)
**सहा0 आचार्य–** एम0ए0 हेतु हिन्दी सा0, अंग्रेजी सा0, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, गृहवि0, (**सभी विषयों में 02 पद**)
**सहा0 आचार्य –** एम0एस0सी0 हेतु रसायन वि0, भौतिक वि0, जन्तु वि0, वनस्पति वि0, गणित (**सभी विषयों में 02 पद**)
**सहा0 आचार्य–** एम0एस0सी0 कृषि हेतु हॉर्टीकल्चर, एजी इकोनोमिक्स, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग, एग्रोनॉमी (**सभी विषयों में 02 पद**)
**नोट:** योग्यता यू0जी0सी0 / उ0प्र0 शासन वि0वि0 द्वारा निर्धारित मानकानुसार उक्त पदों पर आवेदन अर्ह होगें।
**वेतनमान –** स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत वि0वि0 उ0प्र0 शासन की राजाज्ञानुसार देय होगा। आवेदन हेतु बायोडाटा, फोटो एवं सभी प्रमाण पत्रों सहित विज्ञापन तिथि से 07 दिनों के अन्दर व्यक्तिगत / स्पीडपोस्ट द्वारा महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें।

**प्रबन्धक**
**मुकेश भारतीय**
मो–7088000560,9412185507

साल 2014 में मोदी लहर के चलते भाजपा ने पश्चिमी यूपी की सभी 16 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन 2019 में जब बसपा, सपा और रालोद ने हाथ मिलाया, तो यहां भाजपा के सांसदों की संख्या घटकर नौ पर पहुंच गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुसलमानों ने विपक्षी गठबंधन के लिए थोक में मतदान किया। इस कारण यूपी में इसी इलाके में भाजपा ने 2014 की तुलना में सबसे ज्यादा सीटें गंवा दीं। यहां जिन सीटों पर मुस्लिम वोटरों का दबदबा है, उनमें सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र भी शामिल हैं।

# सहारनपुर में तिकोने संघर्ष के आसार

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा का फोकस उन 17 सीटों पर सबसे ज्यादा है, जिन्हें वह पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद हार गई थी। इनमें सहारनपुर सीट भी शामिल है। 2019 में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान ने भाजपा के राघव लखन पाल शर्मा को यहां से हराकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर अपनी जमानत बचाने में कामयाब रहे थे। इस बार भाजपा ने यहां से तीसरी बार राघव लखन पाल शर्मा दांव लगाया है। राघव 2014 में पहली बार यहां से जीतकर संसद में पहुंचे थे। तब उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद को 60 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। हालांकि 2019 के चुनाव में वह बसपा के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान से करीब 22 हजार मतों से पिछड़कर चुनाव हार गए थे। तब बसपा और सपा ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। इस बार सपा और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन में सीट कांग्रेस को मिली है। कांग्रेस ने यहां से इमरान मसूद को फिर एक बार मौका दिया है। लेकिन बसपा ने इस सीट पर माजिद अली को उम्मीदवार बनाकर गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। माजिद अली ने वर्ष 2017 में विधानसभा का चुनाव बसपा के टिकट से लड़ा था। लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। माजिद वर्तमान में देवबंद क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं।

### पिछले तीन चुनावों से हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुना जनता ने

सहारनपुर में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। यहां के मतदाताओं ने पिछले तीन चुनावों में हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुनकर अपने बदलाव के मिजाज को प्रदर्शित किया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार के चुनाव में यहां के मतदाता अपने पिछले ही रुझान पर कायम रहते हैं या इस परिपाटी को बदलने का काम करते हैं। फिलहाल लोगों से बातचीत करने पर यहां त्रिकोणीय संघर्ष होने की बात सामने आ रही है। सहारनपुर सीट पर पहला चुनाव वर्ष 1952 में हुआ था, तब से लेकर 1977 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा था। 1977 में आपात काल के बाद हुए चुनाव से लेकर 1996 तक इस सीट पर जनता दल या जनता पार्टी ने कब्जा बनाए रखा। हालांकि बीच में 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की थी। 1996 के चुनाव के बाद सहारनपुर सीट दो बार भाजपा, दो बार बसपा, एक बार सपा और 2014 की मोदी लहर में भाजपा के खाते में आ गई।

### सांप्रदायिक ध्रुवीकरण हर चुनाव में सियासत को सर्द-गर्म करता रहता

- साल 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों ने पश्चिमी यूपी के सामाजिक समीकरण के साथ माहौल बदल दिया था। सहारनपुर की राजनीतिक और सामाजिक तस्वीर भी इससे अछूती नहीं रही थी। वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता इमरान मसूद का भाजपा के पीएम प्रत्याशी नरेंद्र मोदी को लेकर दिया गया चर्चित 'बोटी - बोटी' वाले बयान ने वोटों का सीधा बंटवारा कर दिया था। इसके बाद से चुनाव आने पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बयार यहां बहती ही रहती है और सियासत को गर्म-सर्द करती रहती है।

### समीकरण 2019 जैसे

- **समीकरण 2019 जैसे, दलित-मुस्लिम गठजोड़ बिगाड़ सकता भाजपा का खेल :** सहारनपुर में एक बार फिर से पिछले चुनाव जैसे ही हालात बन रहे हैं। कांग्रेस और सपा से इमरान मसूद तथा बसपा से माजिद अली के बीच मुस्लिम वोटों के साथ दलित वोटों का घमासान छिड़ा है। ऐसे में अगर एक बार फिर से यहां मुस्लिम-दलित गठजोड़ बना तो भाजपा के लिए मुकाबला कड़ा हो सकता है। दो मुस्लिम प्रत्याशी होने के समीकरण का फायदा उठाने के लिए भाजपा को दलितों को साधना ही होगा। 2019 में भी भाजपा से प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ही थे। उनके सामने कांग्रेस से इमरान मसूद और बसपा से हाजी फजलुर्रहमान मैदान में थे। उस दौरान समीकरण तो भाजपा के पक्ष में थे लेकिन मुस्लिम-दलित गठजोड़ ने भाजपा के समीकरण बिगाड़ दिए थे।

### पिछले चार चुनावों में राजनीतिक दलों को मिले वोट (प्रतिशत में)




### आधे से ज्यादा मुस्लिम और दलित मतदाता, तय करते जीत और हार

सहारनपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी लोकसभा सीटों में गिनी जाती है। यह शहर काष्ठ कला यानी लकड़ी के काम और कलाकृतियों के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। इस्लामिक शिक्षा का केंद्र दारूल उलूम देवबंद भी सहारनपुर को एक अलग पहचान दिलाता है, तो यहां माता शाकंभरी देवी का प्रमुख शक्तिपीठ है, जिसका जिक्र प्राचीन वेद-पुराणों में भी मिलता है। यहां कुल वोटर 19 लाख के करीब हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग 10 लाख और महिला मतदाता नौ लाख के आसपास हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 85 हैं। सहारनपुर में साढ़े छह लाख मुस्लिम, पांच लाख से अधिक दलित और एक लाख से ऊपर जाट मतदाता हैं। आबादी के लिहाज से सहारनपुर जिले में हिंदू और मुसलमानों की संख्या में ज्यादा अंतर नहीं है। जिले में हिंदुओं की आबादी 56 % तो मुस्लिम समाज की आबादी 42% है। इसके बाद लगभग एक फीसदी सिख समाज की आबादी है। इतने ही अन्य वर्ग के लोग हैं।

### किसी दल ने यहां कभी नहीं दिया किसी महिला प्रत्याशी को टिकट

- सहारनपुर लोकसभा सीट पर मजेदार तथ्य यह है कि 47 फीसदी महिला मतदाता होने के बावजूद आज तक किसी भी चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल ने महिला प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा है। इसके चलते कोई भी महिला लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस सीट पर अब तक मात्र पांच महिलाएं ही चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरी हैं। सभी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमाई है। इस बार भी एक महिला प्रत्याशी निर्दलीय शबनम चुनाव मैदान में हैं।

### 2019 में किसको मिले कितने वोट




### 2014 में किसको मिले कितने वोट




### मतदाताओं का विधानसभा वार हिसाब-किताब

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| बेहट | 196576 | 177677 | 12 | 374265 |
| सहारनपुर नगर | 236044 | 214934 | 50 | 451028 |
| सहारनपुर देहात | 194644 | 1722930 | 10 | 367584 |
| देवबंद | 182456 | 160278 | 11 | 342745 |
| रामपुर मनिहारान | 168701 | 147522 | 02 | 3162225 |

### 2022 के विस चुनाव में भाजपा देवबंद समेत तीन सीटों पर जीती थी

- सहारनपुर लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में तीन पर भाजपा और दो सीटों पर सपा ने जीत हासिल की थी। भाजपा के हिस्से में सहारनपुर नगर, देवबंद और रामपुर विधानसभा सीट आई थीं, जबकि सहारनपुर देहात और बेहट विधानसभा सीटों पर ने जीत हासिल की थी। बेहट विधानसभा सीट से सपा के उमर अली खान, देहात से आशु मलिक चुनाव जीते थे। बाकी तीन विधानसभा सीटों में देवबंद से भाजपा के कुंवर बृजेश सिंह, सदर से राजीव गुंबर और रामपुर मनिहारान से देवेंद्र निगम ने जीत हासिल की थी।

### सपा और बसपा ने मौका नहीं दिया कांग्रेस ने तीसरी बार टिकट थमाया

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रशीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद ने 2007 में मुजफ्फराबाद विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़कर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे जगरीश राणा को हराया था। 2012 का विधानसभा चुनाव इमरान ने कांग्रेस के टिकट पर नकुड़ से लड़ा, लेकिन बसपा के डा. धर्म सिंह सैनी से हार गए थे। 2014 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया, फिर 2019 में भी टिकट दिया। लेकिन इमरान मसूद जीत नहीं पाए। लगातार हार के चलते 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले इमरान कांग्रेस का हाथ छोड़कर सपा में शामिल हो गए। लेकिन सपा ने उन्हें चुनाव नहीं लड़ाया। ऐसे में नगर निगम चुनाव के दौरान सपा की साइकिल से उतरकर वह बसपा में चले गए। बसपा में रहते हुए उन्होंने अपनी भाभी खदीजा मसूद को महापौर का चुनाव लड़ाया पर हार मिली। इसके बाद उन्हें बसपा से निकाल दिया गया। ऐसे में छह माह पहले इमरान मसूद फिर कांग्रेस में शामिल हो गए और पार्टी ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बना दिया।

लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल में कारोबारी भी तरह- तरह की प्रचार सामग्री बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही एक कारोबारी ने भाजपा, माकपा, भाकपा, कांग्रेस और टीएमसी के चुनाव निशान वाली पतंगें तैयार की हैं। इन पतंगों की वहां पर जबरदस्त मांग है। पार्टी कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर पतंग खरीद रहे हैं। ● एजेंसी

## शिवसेना यूबीटी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इस सूची में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे, राज्यसभा सदस्य संजय राउत सहित अन्य लोग शामिल हैं। ये स्टार प्रचारक प्रदेश में लोकसभा चुनाव का सभी जगह प्रचार करेंगे। अन्य मुख्य स्टार प्रचारकों में सुभाष देसाई, अनंत गिते, चंद्रकांत खैरे, सांसद अरविंद सावंत, विधायक भास्कर जाधव, सांसद अनिल देसाई, विनायक राऊत, विधायक वकील अनिल परब आदि शामिल हैं।

## पीलीभीत में जितिन की जीत के लिए भाजपा कर रही हर जतन

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार:** नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ पीलीभीत सीट पर सियासी रणभेरी बज चुकी है। भाजपा से टिकट न मिलने पर वरुण गांधी के निर्दलीय चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन उनके चुप हो जाने से भाजपा की राह थोड़ी आसान हो गई है। पीलीभीत सीट अब भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। इसके लिए दिग्गजों ने डेरा जमा लिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

पीलीभीत सीट से 1952 में पहले सांसद कांग्रेस से मुकुंदलाल अग्रवाल बने थे। भाजपा को इस सीट पर काबिज होने में 39 साल लग गए। 1991 में रामलहर के बीच भाजपा के परशुराम गंगवार ने जीत दर्ज कराई। इससे पहले 1989 में जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़कर मेनका गांधी सांसद बनीं। बाद में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर 2004 में मेनका गांधी सांसद बनीं। 2009, 2014 और 2019 में मेनका गांधी और वरुण गांधी ही सांसद चुने गए। इससे पूर्व 1998 और 1999 के चुनाव में स्वतंत्र चुनाव लड़ीं मेनका गांधी को भाजपा का समर्थन रहा था। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में तस्वीर अलग है। मेनका और वरुण गांधी दोनों इस सीट पर नहीं हैं। सूबे के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

उनके मुकाबले समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री भगवन सरन गंगवार और बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को प्रत्याशी बनाया है। यहां पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में दिन कम बचे हैं और राजनीतिक दलों के आगे चुनौतियां अधिक हैं। चूंकि दो दशक बाद भाजपा ने टिकट में बदलाव किया है, इस कारण पीलीभीत सीट प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। नामांकन के दिन से ही इसका असर भी दिखाई दे रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद समेत कई नेता आ चुके हैं। स्थानीय मंत्री, विधायकों की जिम्मेदारी हाईकमान तय कर चुका है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल बुधवार को पीलीभीत पहुंचे। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई अन्य स्टार प्रचारकों का आना भी तय माना जा रहा है। प्रत्याशी की क्षेत्र में जनता के बीच चुनावी सभाओं का कार्यक्रम बनाया जा चुका है।

### सपा की तैयारी पूरी...सही समय पर करेंगे इस्तेमाल

- पीलीभीत लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कभी सांसद नहीं बना। 2019 में सपा गठबंधन के प्रत्याशी को 4.48 लाख वोट मिले थे। इस बार समाजवादी पार्टी से गठबंधन प्रत्याशी के रूप में भगवत सरन गंगवार चुनाव मैदान में हैं। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा का कहना है कि उनकी टीम समर्थकों के साथ क्षेत्र में सक्रिय है। चुनावी प्रोग्राम तय हैं, लेकिन शो नहीं किया जा रहा है। स्टार प्रचारक के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तो हैं ही, गठबंधन वाले दलों के भी कई चेहरे हैं। सभी का वक्त के हिसाब से सही जगह इस्तेमाल होगा। कुछ इसी तरह का हाल बसपा में भी दिखाई दे रहा है। बसपा में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की सभा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### दिख रहा सबका साथ... कहीं हो न जाए भितरघात

- भारतीय जनता पार्टी से इस बार दावेदारों की लंबी फेहरिस्त थी। हालांकि टिकट घोषणा के बाद कुछ दावेदारों के बगावत करने के आसार दिखाई दे रहे थे, जिसे शीर्ष नेतृत्व ने संभाल लिया है। अब अधिकांश दावेदार भाजपा प्रत्याशी के साथ ही मंच साझा करते दिख रहे हैं। जिससे सबका साथ तो दिखाई दे रहा है। मगर, चुनावों में भितरघात आम बात है। इस पर नजर बनी हुई है। चर्चा तो ये भी है कि ऐसी स्थिति न बनें, इसके लिए संगठन भी सख्त है। क्षेत्रवार नजर रखी जा रही है। अगर भितरघात की स्थिति बनी तो आगे गाज भी गिरेगी।

### बसपा का माहौल बनाने 15 को आएंगी मायावती

- बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम ने बताया कि चुनावी तैयारियों में बसपा कहीं भी पीछे नहीं है। कार्यालयों के उद्घाटन किए जा चुके हैं। जनसंपर्क चल रहा है। आठ अप्रैल को मंडल स्तरीय कार्यक्रम होगा। 15 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती भी पीलीभीत आ रही हैं। इसकी तैयारी की जा चुकी है।




- दो अप्रैल को मुख्यमंत्री करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई स्टार प्रचारक भी आ सकते
- दो दशक बाद टिकट में बदलाव होने पर प्रतिष्ठा से जुड़ गई सीट, जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी की गई तय

## भाजपा-इंडिया गठबंधन की रैलियां आज

नई दिल्ली, ब्यूरो

- मेरठ में मोदी के साथ जयंत चौधरी और अरुण गोविल भी होंगे
- रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आप के साथ गठबंधन नेता जुटेंगे

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद रविवार को मेरठ में बीजेपी एवं दिल्ली में इंडिया गठबंधन की दो रैलियों से होगा। मेरठ की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे और रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल के लिए वोट मांगेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। दूसरी तरफ दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान, झारखंड के मुख्यमंत्री सीएम चंपई व नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला संबोधित करेंगे।

मेरठ की रैली में प्रधानमंत्री देश को यह भी संदेश देंगे कि वे अयोध्या में मंदिर निर्माण के बाद लोकसभा चुनाव का शंखनाद भी राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल की रैली से कर रहे हैं। इस रैली में बीजेपी के अलावा राष्ट्रीय लोकदल के नेता भी होंगे उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने आज ही चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान उनके पौत्र जयंत चौधरी को दिया है। दूसरी तरफ रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित होने वाली रैली को पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी है। जिसमें 20 हजार कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय के मुताबिक महारैली का नारा तानाशाही हटाओ-लोकतंत्र बचाओ दिया जाएगा।

यह पहला मौका होगा जब कांग्रेस के कार्यकर्ता और आप के कार्यकर्ता एक साथ किसी रैली में नजर आएंगे। नगर निगम एवं विधानसभा के चुनाव में दोनों दल अलग-अलग थे। आप ने गठबंधन के तहत दिल्ली में कांग्रेस को लोकसभा की तीन सीटें छोड़ दी हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कहा है कि महा रैली के बाद तीनों प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी जबकि आपने चार सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। रैली में केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के आने की भी संभावना है, लेकिन अभी अधिकृत रूप से जानकारी नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री की पत्नी ने लोगों से अपील की है कि वे केजरीवाल को अपना आशीर्वाद देने के लिए व्हाट्सएप पर संदेश भेज सकते हैं, जिसके नंबर 8297324624 एवं 9700297002 हैं।

## एक नजर

### लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,157 मामलों में कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिना अनुमति के चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के मामले में 1157 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 49,57,898 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 30,14,824 व निजी स्थानों से 19,43,144 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 3,28,492, पोस्टर के 14,02,506, बैनर के 8,70,882 व अन्य 4,12,944 मामलों में कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 2,49,145, पोस्टर के 8,90,898, बैनर के 5,02,380 व अन्य 3,00,721 मामलों में कार्रवाई की गई है।

# जेल में ताजा मछलियां खाने वाला बिस्किट को भी तरसा

## अदालत में मुख्तार ने जज से कहा था, बहुत इच्छा है, कुरकुरे खाने की दिलवा दीजिए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कुख्यात माफिया सरगना मुख्तार अंसारी जेल के अंदर और बाहर एक ही अंदाज में रहता था। जेल जाने के बाद उसे वह सारी सुविधाएं सरकार मुहैया कराती थी, जिन सुविधाओं को वह जेल के बाहर रहने पर स्वयं से मैनेज करता था। जेल में वह कलेक्टर और एसपी के साथ बैडमिंटन खेलता था। अनधिकृत रूप से जेल से बाहर घूमने के दौरान जेल में लगे सीसीटीवी को बंद कर दिया जाता था। ताजी मछलियां खाने को मिले, इसके लिए जेल परिसर में ही तालाब खुदवा दिया गया। प्रदेश का निजाम बदलने के बाद उसी मुख्तार अंसारी को कुरकुरे और बिस्किट खाने के लिए जज के सामने गिड़गिड़ाना पड़ा।

▸▸ जेल में कलेक्टर और एसपी के साथ खेलता था बैडमिंटन

एक जनवरी 2024 को एमपी-एमएलए कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने विशेष सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव से कुरकुरे और बिस्कुट की मांग की। हालात यहां तक आए कि कोर्ट रूम में खड़े वकील और कुछ पैरोकार कुरकुरे और बिस्कुट की मांग सुनकर हंस पड़े। यह वही मुख्तार था जिसे ताजी मछलियां खिलाने के लिए जेल में ही तालाब खोद दिया गया था। जिसके बैरक में छापे के दौरान क्विंटलों फल और मशहूर प्रतिष्ठानों की मिठाइयां मिली थी। लखनऊ जेल में भी मुख्तार के बैरक में एसी लगा हुआ था। 15 सौ वर्ग फिट में बने बैरक की सभी खिड़कियों और दरवाजों में महंगे पर्दे लगे होते थे। उसी बैरक में पांच बेड और बैठने के लिए अच्छे फर्नीचर रखे जाते थे।

मुख्तार से मिलाई करने वालों की जांच जेल कर्मी न करके मुख्तार के गुर्गे करते थे। मुख्तार के गुर्गे बैरक के बाहर खड़े रहते थे। प्रतिदिन चूल्हे पर बकरे और मछलियां पकती थी। यह चूल्हा बैरक के बाहर स्थापित किया जाता था। बाहर का भोजन करने का मूड होने पर जेल के सीसीटीवी को बंद कर दिया जाता था। जेल के गेट के बाहर लग्जरी गाड़ियां कतार में खड़ी हो जाती थीं। वापसी तक पूरा जेल प्रशासन अलर्ट मोड पर रहता था।

### सामान्य कैदी का भोजन

गाजीपुर में तो जिलाधिकारी स्वयं मुख्तार के साथ बैडमिंटन खेलने के लिए जेल तक जाता था। प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद मुख्तार को आम कैदी बना दिया गया। जो भोजन सामान्य कैदी को मिलता था वही मुख्तार को खाना पड़ता था। मोहाली जेल से यूपी में स्थानांतरित होने के बाद मुख्तार एक-एक दिन घुट-घुट कर जिया।

# 6 साल पहले भी पड़ा था दिल का दौरा

▸▸ पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मुख्तार को पीजीआई में कराया गया था भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सजा दफ्ता माफिया मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई है। मुख्तार को यह दौरा पहली बार नहीं आया, इससे पहले भी वह इस बीमारी से जूझ चुका है। छह साल पूर्व उसे मुख्तार को दिल का दौरा पड़ा था। उसे एसजीपीजीआई अस्पताल कड़ी सुरक्षा के बीच भर्ती कराया गया था। उस वक्त भी माफिया के परिजनों ने जहर देने का आरोप लगाया था।

**छावनी में बदल गया था एसजीपीजीआई:** 9 जनवरी 2018 को मुख्तार को बांदा के जेल में दिल का दौरा पड़ा था। मुख्तार की पत्नी अफशां उनसे मिलने बांदा जेल गई थीं, जहां अचानक दोनों की दिल का दौरा पड़ने से तबीयत बिगड़ गई। भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मुख्तार अंसारी और उनकी पत्नी को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें एसजीपीजीआई अस्पताल पहुंचाया गया। उस वक्त बांदा से दो अलग अलग एंबुलेंस में दोनों को लखनऊ लाया गया था। इस दौरान माफिया मुख्तार अंसारी के साथ उनके दोनों बेटे भी मौजूद थे। उस दौरान अस्पताल के अंदर और बाहर भी भारी फोर्स की वजह से परिसर पूरा पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था।

एसजीपीजीआई में डॉ पीके गोयल कार्डियोलोजिस्ट की देख रेख में उनका इलाज किया गया। अस्पताल के डाक्टर केएल पांडे का कहना था कि मुख्तार मधुमेह और बीपी के भी मरीज हैं, जिसके लिए उनकी दवाईयां चल रही थी।

### चाय पीने के बाद हो गए थे बेहोश

जांच में सामने आया था कि मुख्तार जेल में पत्नी के साथ चाय पी रहे थे। चाय पीने के कुछ ही देर बाद वे बेहोश होकर गिर पड़े। उनकी पत्नी भी बेसुध हो गईं। मुख्तार अंसारी के परिवारीजनों जेल प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया था। उनका कहना है कि मुख्तार अंसारी को चाय के साथ कुछ दिया गया था। चाय पीने के बाद ही अंसारी की तबीयत बिगड़ गई, हालांकि यूपी के जेल मंत्री ने मुख्तार अंसारी के परिवार के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।

# इंडी गठबंधन में नेता, नीति और नीयत सबका अभाव

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा अलायंस में है अंतर्विरोध

▸▸ सभी दल स्वार्थवश साथ रहने का रच रहे स्वांग

▸▸ घोषित प्रत्याशियों पर भी नहीं कर पा रहे भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि इंडी अलायंस में बहुत ही अंतर्विरोध है। सभी दल स्वार्थवश साथ रहने का स्वांग तो रच रहे हैं लेकिन एक दूसरे को नीचा दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दूसरी ओर उन्हें अपने घोषित प्रत्याशियों पर भी भरोसा नहीं है। दो-दो तीन-तीन बार उम्मीदवार बदल रहे हैं। कांग्रेस के पास अपनी परंपरागत कही जाने वाली सीट पर तो उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के बीच अंतर्विरोध, मतभेद और मनभेद इतना गहरा है कि आपस में समन्वय भी नहीं हो पा रहा है। उत्तर प्रदेश में इनके पास नेता, नीति और नीयत सबका अभाव है। कांग्रेस का उप्र. से पलायन हो चुका है।

### मोदी आज मेरठ में, एनडीए रैली को सम्बोधित करेंगे

**लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को केन्द्रीय आलू अनुसंधान केन्द्र मोदीपुरम मेरठ में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संयुक्त विशाल रैली को सम्बोधित करेगें। रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सहित रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, सुभासपा के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री डा. संजय निषाद भी शामिल रहेंगे।

### कोर कमेटी की बैठक संपन्न

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार को प्रस्तावित बुलंदशहर, हाथरस और गौतमबुद्ध नगर का दौरा रद्द हो गया। इसके पीछे लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा राज्य मुख्यालय में होने वाली एक अहम बैठक के अलावा केन्द्रीय मंत्रियों के उप्र. दौरे को देखते हुए योगी के कार्यक्रमों को भी नये सिरे से तय किया जाना है। दरअसल, पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है, इससे पहले ही भाजपा चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में कोर कमेटी की बड़ी बैठक हुई जिसके योगी ने अपना दौरा रद्द कर दिया। भाजपा कोर कमेटी बैठक में योगी के साथ पार्टी के उप्र. चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, ब्रजेश पाठक और चुनाव संचालन समिति के संयोजक स्वतन्त्र देव सिंह मौजूद रहें। पहले मुख्यमंत्री आवास में सुबह बैठक शुरू हुई और बाद भाजपा प्रदेश मुख्यालय में बैठक हुई।

# पोस्टल बैलेट से तीन दिन डाल सकेंगे वोट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सुबह नौ से शाम पांच बजे तक होगी मतदान की सुविधा

▸▸ पहले चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू

**अमृत विचार:** आवश्यक सेवाओं में लगे कार्मिक पोस्टल बैलेट के जरिए तीन दिन में किसी दिन मतदान कर सकेंगे। इन कार्मिकों को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने पहले चरण की आठ सीटों के लिए मतदान की तैयारी शुरू कर दी है।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि 12 आवश्यक सेवाओं में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर व मतदान दिवस की कवरेज के आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है।

### दूसरे चरण में चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए हो रहे चुनाव को लेकर शनिवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मेरठ लोकसभा सीट के लिए दो, गाजियाबाद में एक व मथुरा में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। इस चरण में प्रत्याशी चार अप्रैल तक नामांकन कर सकेंगे। मतदान 26 अप्रैल को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर (अजा), अलीगढ़ व मथुरा की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन होना है।

# आयकर की नोटिस पर कांग्रेस का प्रदर्शन

मॉल एवेन्यू स्थित कांग्रेस कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग को पार करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ जिला मुख्यालयों पर भी प्रदर्शन कर विरोध जताया

**अमृत विचार:** आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस को 1823.08 करोड़ की नोटिस जारी किए जाने के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों के सामने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के अधिकारियों के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

राजधानी लखनऊ में जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया और पुलिस आयुक्त के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा सरकार के इशारे पर संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से विपक्षी पार्टियों पर अलोकतांत्रिक हमलों को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, ताकि देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया जीवित रह सके। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले डेढ़ महीने से सभी लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर केन्द्र की मोदी सरकार ने आयकर विभाग को सामने रखकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ एक असंवैधानिक व गैर कानूनी युद्ध छेड़ रखा है।

# महंगी हुई कॉपी किताबों के दाम कम करने की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ समाजवादी व्यापार सभा ने उठाया मुद्दा

**अमृत विचार:** समाजवादी व्यापार सभा ने राज्य सरकार से नए शैक्षणिक सत्र में महंगी हुई कॉपी किताबों के दाम कम करने की मांग की है। इसके बीच तर्क दिया गया है कि पहले से ही महंगाई और मंदी से परेशान अभिभावकों को इससे राहत मिल सके। लखनऊ में शनिवार को व्यापार सभा के प्रदेश कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने इस मामले को उठाया।

व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु ने कहा कि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की किताबों के कुछ निजी प्रकाशकों ने तो 10 फीसदी तक दाम बढ़ा दिए हैं। कॉपियों की कीमतें भी 15 से 25 फीसदी तक बढ़ी हैं। इन पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ ने रेट नहीं बढ़ाए तो पन्ने कम कर दिए और कुछ ने पन्ने बढ़ाए तो रेट भी बढ़ा दिए। कहा कि दुकानदार भी एमआरपी पर छूट देने से साफ इनकार कर दे रहे हैं। यह हाल तब है जबकि मिलों ने कागज के दाम नहीं बढ़ाए हैं।

**सरफराज युवजन सभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष:** लखनऊ। सरफराज हुसैन सोनू निवासी गोण्डा को समाजवादी युवजन सभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नागेन्द्र यादव निवासी बलिया को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। वहीं, नकुल गुर्जर निवासी मेरठ को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। इसी कड़ी में छात्र सभा की राज्य कार्यकारिणी में विनीत कुमार निवासी गोरखपुर, हिमांशु यादव निवासी वाराणसी, सनी पवार निवासी हापुड़ और शुयेब हाशमी निवासी महोबा को भी प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

### मुख्तार अनीस को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से सपा के वरिष्ठ नेता एवं सीतापुर के पूर्व सांसद मुख्तार अनीस की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्तार अनीस सपा के नेता एवं चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया और पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निकट सहयोगियों में थे। उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया पर एक संग्रहणीय ग्रंथ के सम्पादन के अतिरिक्त समाजवाद के शिल्पी पुस्तक भी लिखी थी।

समाजवादी महिला सभा के होली मिलन समारोह के दौरान महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह। अमृत विचार

### सपा में शामिल हुए बसपा नेता जहीर मलिक

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी की नीतियों और नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए शनिवार को बसपा छोड़कर नगर पंचायत जलालाबाद जिला शामली के अध्यक्ष जहीर मलिक ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जहीर मलिक सन् 2006 से 2011 तक नगर पंचायत जलालाबाद बस्ती के अध्यक्ष रहे थे। सन् 2022 में वह बसपा के सिम्बल पर विस. का चुनाव भी लड़े थे। बसपा के सिंबल पर ही वे दुबारा 2023 में नगर पंचायत के अध्यक्ष बने हैं।

### समाजवादी महिला सभा होली मिलन समारोह आयोजित

**लखनऊ :** समाजवादी महिला सभा के तत्वावधान में शनिवार को लखनऊ में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने लखनऊ की गंगा जमुनी संस्कृति और यहां की विशेषताओं पर विचार साझा किए। इस मौके पर महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने मुख्य अतिथि राजेन्द्र चौधरी को 1975 में गाजियाबाद के रामलीला मैदान में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की उपस्थिति में उनके संबोधन का तैल चित्र एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया। कार्यक्रम को लखनऊ लोकसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा (विधायक) ने भी संबोधित किया।

## वर्ग पहेली-25

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाहर निकलना 2. उदय होना 3. अन्य की अपेक्षा आगे निकल जाना; बढ़ जाना 4. दूध आदि तरल पदार्थों का खौलकर गाढ़ा होना।
2. 1. झांकने की क्रिया या भाव (ताक-झांक में प्रयुक्त होने वाला शब्द) 2. जासूसी 3. झलक, झरोखा।
5. 1. ठगने में किसी दूसरे को प्रवृत्त करना 2. किसी के ठगे जाने में सहायता करना।
8. 1. प्रतिकार करने वाला, आदेश का उल्लंघन करने वाला 2. नष्ट करने वाला।
10. आतंकित होकर एक साथ भागना, भगदड़।
11. ग्वाला।

**ऊपर से नीचे**

3. एक प्रकार का बनबिलाव।
4. दिवाकर या सूर्य के पुत्र- शनि तथा यम।
6. झूला झूलते समय झूले या हिंडोले का एक ओर से दूसरी ओर जाना।
7. 1. विपत्ति या कठिन वक्त के लिए संचित करके रखा गया धन, संचित धन, रक्षित द्रव्य, जमा-पूंजी 2. धरोहर, अमानत, किसी के पास सहेजकर रखने के लिए छोड़ी की गई वस्तु।
8. कुश्ती का एक दांव।
9. 1. नदी



### वर्ग पहेली -24 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 फ़ | | 2 भं | गि | 3 मा |
| 4 ता | म | र | स | | | लि |
| | | लां | | 5 न | चा | की |
| | 6 पुं | ग | फ | ल | | |
| 7 फ़ | | | | सा | | |
| क़ | | | | 8 ज़ | ई | फ़ |
| 9 त | स | दी | क | | | |

## सुडोकू -104

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 3 | | 9 | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | 9 | | 7 | | | |
| 3 | 4 | 6 | | 2 | | | 5 | |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | 2 | 5 |
| 9 | | 7 | | 4 | | | | |

### सुडोकू -103 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 21.30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 22.57 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** — आज किसी की भी बात पर भरोसा करने के बजाय उसकी सत्यता पहले परख लें। धर्म-कर्म में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। शरीर में संक्रमण और खुजली की शिकायत हो सकती है। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

**वृष** — आज का दिन आनंददायी रहने वाला है। घरेलू विवाद सुलझ सकते हैं। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। अविवाहितों के विवाह के योग बन रहे हैं। व्यापारिक लेन-देन से लाभ मिलेगा। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है।

**मिथुन** — आज जीवनसाथी की वजह से किसी समस्या से पार पा सकेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। चित्त शांत और गंभीरता युक्त रहेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभप्रद रहेगी। नया घर लेने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

**कर्क** — आज प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा वक्त बिताएंगे। अपनी योग्यता का भरपूर सार्थक उपयोग कर पाएंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। सुबह आप किसी बात पर गुस्सा हो सकते हैं। दोपहर के बाद आपके आत्मविश्वास में शानदार वृद्धि होगी।

**सिंह** — आज खर्चे बहुत ज्यादा बढ़ने के कारण समस्या बढ़ेगी। परिस्थितियों का गलत आकलन कर सकते हैं। व्यापार की समस्याओं में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बहसबाजी से आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** — आज मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। करियर में उन्नति के अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में सहभागिता रहेगी। आपका आत्मबल और मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से आपकी लोकप्रियता बढ़ सकती है।

**तुला** — आज जीवनशैली व्यवस्थित रखें। घर पर परिजनों के साथ उत्तम समय बिताएंगे। परिश्रम का पूरा फल नहीं मिलेगा। पाचन में खराबी होने की संभावना है। व्यर्थ की समस्याओं से मन व्यथित हो सकता है। माता-पिता की दवाइयों पर धन खर्च होगा।

**वृश्चिक** — आज समाज में आपकी सराहना होगी। घर का माहौल सुखदायक रहेगा। कार्य पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से बेहद शुभ है। अपने काम करने के तरीके को बदलने का विचार बनाएंगे।

**धनु** — आज शांत होकर के अपने काम में ध्यान दें। संभव हो तो महत्वपूर्ण कार्यों को दो दिनों के लिए टाल दें। संयम और सहनशीलता का परिचय देते हुये कार्य करें। कारोबार में हानि हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

**मकर** — आज प्रभावशाली लोगों से आपके संपर्क प्रगाढ़ होंगे। परिवार में आप लोगों के बीच सेतु की तरह काम करेंगे। दोस्तों व रिश्तेदारों से प्रोत्साहन और अपेक्षित मदद मिलेगी। अपने आलोचकों की बात को गंभीरता से न लें।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ बदलाव का विचार बना सकते हैं। पिता की सलाह से आपको लाभ होगा। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने विचारों से कई लोगों को प्रभावित करेंगे।

**मीन** — आज व्यर्थ विवादों को टालने का प्रयास करें। काम के बजाय योजनाओं में ज्यादा रुचि रहेगी। नए व्यापारिक सौदे हो सकते हैं। आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा। ललित कलाओं और मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- वीरगति — सुबह : 11.00
- सपूत — रात : 07.00

**&pictures**
- वेलकम बैक — सुबह : 11.00
- रोबोट — शाम : 04.23

**SONY PIX**
- ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 11.05
- जर्नी 2 — रात : 07.24

**ZEE CINEMA**
- फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 10.05
- पिप्पा — रात : 10.40

**colors CINEPLEX**
- द रीटर्न ऑफ रिबेल — सुबह : 10.31
- ओएमजी 2 — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा-भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया। लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

## कमाल का चुनाव

- चुनाव आयोग ने फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, स्नेपचैट आदि जैसी वेबसाइट्स को सोशल मीडिया की संज्ञा दी है।राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री चुनाव आचार संहिता के दायरे में है।चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये सोशल मीडिया पर नियंत्रण की ज़रूरत है। चुनाव आयोग के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले शपथपत्र में अपनी ई-मेल आइडी और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होगी। चुनाव आयोग ने फेसबुक-गूगल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से भी चुनाव को देखते हुए कंटेंट की निगरानी करने का आश्वासन लिया है। नए नियम के अनुसार किसी भी इंटरनेट आधारित माध्यम पर राजनीतिक विज्ञापन देने से पहले चुनाव आयोग द्वारा तय अधिकारी से मंजूरी लेनी होगी। ज़िला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई गई हैं।

# जब मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र बन गए थे सांसद

## करीबी मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी डा. कैलाश नाथ सिंह ने इस हार के बाद ले लिया था राजनीति से सन्यास

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सुलतानपुर लोकसभा सीट ने हमेशा चौकाने वाले परिणाम दिए हैं। यहां के वोटर ने कई मौकों पर कद्दावर, मजबूत व बड़े नाम वाले धुरंधरों को पटखनी दी तो ऐसे भी नेताओं को जिताकर सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचाया, जो यहां के लिए अनजान ही थे। यहां 1969 में उपचुनाव में सबसे नजदीकी मुकाबले में मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र सांसद बन गए थे।

चौथी लोकसभा ने बेशक अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया, लेकिन सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र के वोटरों को उस बीच अपने तीन सांसदों को चुनने का मौका मिला। चौथी लोकसभा का चुनाव 1967 में हुआ। कांग्रेस ने बाबू गनपत सहाय को अवसर दिया। उन्हें 1,25,473 वोट हासिल हुए थे। निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनसंघ के उम्मीदवार डॉ जितेंद्र कुमार अग्रवाल थे, जिन्हें 79,443 वोट प्राप्त हुए थे। दुर्भाग्य से 8 मार्च 1969 को बाबू गनपत सहाय की मृत्यु हो गई।

सुलतानपुर लोकसभा की रिक्त सीट के लिए 1969 में उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने तब तक यहां के



राजनीतिक क्षेत्रों के लिए अनजान एक प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ कैलाश नाथ सिंह ग्राम त्रिसुंडी (अब अमेठी जनपद) को उम्मीदवार बनाया। उनके मुकाबले चौधरी चरण सिंह की पार्टी भारतीय क्रांति दल की ओर से पंडित श्रीपति मिश्र मैदान में थे। स्व .मिश्र 1967 में चौधरी साहब के साथ कांग्रेस से अलग हुए थे। चौधरी साहब की अगुवाई वाली 1967 की संयुक्त विधायक दल की सरकार ने उन्हें विधानसभा में उपाध्यक्ष बनाया था। इस चुनावी संग्राम में तीसरे महारथी वामपंथी तेवरों वाले इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केदारनाथ सिंह थे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक खूब जोड़ तोड़, दांव पेंच लगाए गए। जबरदस्त गर्मी के मौसम में हुए इस उपचुनाव में फीका मतदान हुआ था। लेकिन वोटों की गिनती में यह चुनाव सुलतानपुर संसदीय सीट के इतिहास में सबसे कड़े मुकाबले के तौर पर दर्ज है। श्रीपति मिश्र को मात्र 249 वोटों के

श्रीपति मिश्र बीकेडी

अंतर से जीत हासिल हुई थी। मिश्र को 48,041 और डॉ कैलाश नाथ सिंह को 47,792 वोट प्राप्त हुए थे।स्व. डॉ. कैलाश नाथ सिंह के राजनीतिक जीवन का यह इकलौता चुनाव था। पराजय के बाद वे एक बार फिर अपने चिकित्सकीय पेशे में व्यस्त हो गए। आगे उनकी कोई उल्लेखनीय राजनीतिक गतिविधि नहीं रही। लेकिन जहां तक पंडित श्रीपति मिश्र की बात थी, उनके राजनीतिक सफर में नई उपलब्धियां जुड़ती गईं। उपचुनाव में सांसद चुने जाने के कुछ दिनों बाद ही चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली भारतीय क्रांति दल-कांग्रेस गठबंधन की उत्तर प्रदेश सरकार में उन्हें शिक्षा मंत्री बनाया गया। कई अन्य मंत्रालय भी मिले। उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दिया और अगले ही साल 1970 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर एक बार फिर से उपचुनाव हुआ।1970 में कांग्रेस ने स्व. केदारनाथ सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रह

डा. कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस

चुके वामपंथी रुझान के स्व. सिंह का किसान-मजदूर आंदोलनों से भी जुड़ाव रहा था। 1969 में कांग्रेस के ऐतिहासिक विभाजन के बाद इंदिरा गांधी नई प्रगतिशील छवि के साथ सामने आई थीं। इस दौर में स्व.सिंह कांग्रेस में काफी सक्रिय हो चुके थे। उपचुनाव में उनके मुकाबले मुस्लिम मजलिस के जुल्फिकार उल्ला और भारतीय जनसंघ के डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल प्रत्याशी थे। मुस्लिम मजलिस और जनसंघ के प्रत्याशी की मौजूदगी में खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में इस उपचुनाव का प्रचार काफी उत्तेजक हो गया था। लेकिन नतीजों में कांग्रेस को सफलता प्राप्त हुई थी। विजयी केएन सिंह को 47,854 तथा जुल्फिकार उल्ला को 30,602 वोट प्राप्त हुए थे। तीसरे स्थान पर रहे डॉ अग्रवाल के वोट 29,560 थे। 1971 के लोकसभा चुनाव में स्व. केदारनाथ सिंह एक बार फिर इस सीट पर विजयी हुए थे। इस बार उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में उप मंत्री के तौर पर इंदिरा जी ने शामिल किया था।

दूसरी तरफ डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल को संसदीय चुनाव में भले सफलता न मिली हो लेकिन 1974 और 1977 में लगातार वे सुलतानपुर शहर की सीट से क्रमशः भारतीय जनसंघ और जनता पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए। इलाहाबाद के वाशिंदे जुल्फिकार उल्ला को 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर सुलतानपुर संसदीय सीट पर कामयाबी मिली। मोरारजी की सरकार में उन्हें संचार मंत्री भी बनाया गया। सुलतानपुर प्रधान डाकघर और टेलीफोन एक्सचेंज की मौजूदा इमारत उन्हीं के प्रयास से निर्मित हुई थीं।

### चौथे लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में चुने गये तीन सांसद

**सन- 1967**
गनपत सहाय कांग्रेस
प्राप्त मत-1,25,453
डॉ जितेंद्र अग्रवाल जनसंघ
प्राप्त मत -79,443

**सन- 1970 (उपचुनाव)**
केदारनाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 47,854
जुल्फिकार उल्ला मुस्लिम (मजलिस)
प्राप्त मत -30,602

**सन- 1969 (उपचुनाव)**
श्रीपति मिश्र बीकेडी
प्राप्त मत -48,041
डा. कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 47,792

**सन- 1971**
केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 93,946
राम प्यारे शुक्ल जनसंघ
प्राप्त मत - 31,131

**सन- 1977**
जुल्फिकार उल्ला जनता पार्टी प्राप्त
प्राप्त मत - 2,32,330
केदारनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 66,796

केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)

# लखनऊ में इण्डिया गठबंधन के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

**1952** से 1984 तक कांग्रेस ने लखनऊ से सात बार जीता लोकसभा चुनाव

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**क्या 36 वर्ष का सूखा खत्म कर पाएगा गठबंधन**

**अमृत विचारः** दिल्ली की सत्ता उत्तर प्रदेश से होते हुए जाती है। उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित सीट लखनऊ है जो कि 33 वर्षों से भाजपा के कब्जे में है। अटल बिहारी वाजपेई से शुरू हुई जीत अभी भी निरंतर जारी है और इसको कायम रखा है रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने। कांग्रेस ने जीत दर्ज करने के लिए एक से एक धुरन्धर उतारे, लेकिन पिछले 36 वर्षों में ऐसा कोई नहीं हुआ जो भाजपा के तिलिस्म को तोड़ पाए।

देश की सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस आज अपने सबसे कमजोर दौर से गुजर रहा है। यूपी की कई ऐसी सीटें हैं जहां सालों से पार्टी को जीत नहीं मिली है। लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। यूपी में कांग्रेस और सपा गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का जलवा हुआ करता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। कांग्रेस को कई सीटों पर सालों से जीत का मुंह देखने को नहीं मिला है। इनमें से एक लखनऊ जैसी वीवीआईपी सीट भी है।

उत्तर प्रदेश की लखनऊ सीट पर कभी कांग्रेस का जलवा हुआ करता था। इस सीट से 1952 से 1984 तक कांग्रेस सात बार चुनाव जीत चुकी है। विजय लक्ष्मी पंडित, शीला कौल जैसे बड़े नाम कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं, जबकि एक बार 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण और 1977 में जनता पार्टी से हेमवती नंदन बहुगुणा सांसद रह चुके हैं।

### आसान नहीं होगा राजनाथ का रक्षा कवच भेद पाना

लखनऊ लोकसभा सीट से आखिरी बार कांग्रेस की शीला कौल 1984 में सांसद बनी थी। इसके बाद से आज तक कांग्रेस पार्टी यहां चुनाव नहीं जीत पाई है। पिछले 36 सालों से कांग्रेस के लिए यहां सूखा है। अब ये सीट भाजपा का गढ़ बन चुकी है। साल 1991 से लगातार बीजेपी यहां भगवा लहराती आ रही है। लखनऊ सीट से बीजेपी के दिग्गज नेता सांसद रहे हैं। साल 1991 से लेकर 2004 तक लगातार स्व . पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पांच बार सांसद रहे। इसके बाद साल 2009 में लालजी टंडन ने बीजेपी के टिकट पर लखनऊ सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2014 से लगातार दो बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सांसद हैं। बीजेपी ने तीसरी बार भी उन्हें लखनऊ से ही टिकट दिया है। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। गठबंधन ने रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार बनाया है। सवाल उठता है क्या इस बार गठबंधन भाजपा का 33 वर्षों का तिलिस्म तोड़ पाएगा। उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ सालों से पार्टी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस की हालत ये हैं कि देश के सबसे बड़े विपक्षी दल होने का दावा करने वाली कांग्रेस को सपा से गठबंधन में सिर्फ 17 सीटें मिली है। अमेठी और रायबरेली जैसी सीटों पर भी प्रत्याशी उतारने के लिए पार्टी को सोचना पड़ रहा है।

### 2019 में लखनऊ लोकसभा सीट के प्रत्याशियों की सूची

| प्रत्याशी का नाम | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह (भाजपा) | 6,33,026 वोट | 56 .7 प्रतिशत वोट दर |
| पूनम सिन्हा (सपा) | 2,85,724 वोट | 25 .59 प्रतिशत वोट दर |
| प्रमोद कृष्णम(कांग्रेस) | 1,80,011 वोट | 16 .12 प्रतिशत वोट दर |
| नोटा | 7,416 वोट | 0 .66 प्रतिशत वोट दर |

## मतदान के लिए अवकाश घोषित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए निजी क्षेत्र के संस्थानों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। इस सिलसिले में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार मतदान वाले दिन जिलों की सभी दुकानें, प्रतिष्ठान, फैक्ट्रियां आदि बंद रहेंगी। 19 अप्रैल को पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। प्रदेश के 9 जिलों में मतदान होगा। इसके चलते सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत और बरेली में अवकाश रहेगा। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने के कारण अमरोहा, हापुड, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में अवकाश घोषित किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण के मतदान के लिए मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं और बरेली में अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह, चौथे चरण के लिए 13 मई को शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, एटा, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज और बहराइच जिले में अवकाश घोषित किया गया है। पांचवे चरण के लिए 20 मई को मतदान के दिन लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, जालौन, झांसी और ललितपुर जिले में अवकाश रहेगा। हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बहराइच और बलरामपुर जिले में भी 20 मई को अवकाश रहेगा। इसके अलावा 25 मई को छठे चरण के मतदान के लिए सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी और भदोही जिले में अवकाश रहेगा। सातवें चरण के लिए 1 जून को महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर और सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

**यूपी उपचुनाव के दिन भी रहेगा अवकाशः** प्रदेश में चार जिलों में विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इसमें शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर 13 मई को मतदान होगा। लखनऊ की लखनऊ पूर्वी सीट पर 20 मई को मतदान होगा। बलरामपुर जिले की गैंसड़ी सीट पर 25 मई को व सोनभद्र की दुद्धी सीट पर 1 जून को वोट पड़ेंगे। इस तरह 13 मई को शाहजहांपुर, 20 मई को लखनऊ, 25 मई को बलरामपुर और 1 जून को सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

# प्रतापगढ़ में 10 बार कांग्रेस के सिर ताज, अब महज खेवनहार

राजा दिनेश सिंह

रत्ना सिंह

प्रमोद तिवारी

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

- इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी को मिली है प्रतापगढ़ सीट
- 2019 में तीसरे स्थान पर रहीं थी कांग्रेस की राजकुमारी रत्ना सिंह

**अमृत विचार :** जनपद प्रतापगढ़ कभी कांग्रेस का गढ़ रहा है। कालाकांकर रियासत के राजा रामपाल सिंह कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे। जनपद के पहले सांसद पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में रहे। राजा दिनेश सिंह सांसद बनने के बाद देश के विदेश मंत्री बने थे। उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह यहां से तीन बार सांसद चुनी गईं। इसके बाद से कांग्रेस जद्दोजहद कर रही है। लोकसभा चुनाव में पहली बार कांग्रेस सीधी लड़ाई में नहीं है। वह आइएनडीआईए गठबंधन से सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगेगी।

प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र की राजनीति में पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय, राजा दिनेश सिंह, राजा अजीत प्रताप सिंह, प्रो. वासुदेव सिंह, प्रमोद तिवारी, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के नाम से जिले की पहचान है। प्रतापगढ़ जनपद धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली और महात्मा बुद्ध के तपोस्थली के रूप में भी जाना जाता है। 39 लोकसभा सीट प्रतापगढ़ पर अब तक 17 चुनाव हो चुके हैं, जिसमें सबसे अधिक सत्ता में कांग्रेस पार्टी रही। कांग्रेस ने यहां 10 बार जीत दर्ज की है। वर्ष 1977 में भारतीय लोकदल से रूपनाथ सिंह यादव, 1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह, 1998 में भाजपा से डा.राम विलास वेदांती, 2004 में सपा से अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी, 2014 में अपना दल के हरिवंश सिंह को छोड़कर इस संसदीय सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव में

यहां से भाजपा के संगम लाल गुप्ता ने बसपा के अशोक त्रिपाठी को हराकर चुनाव जीता था। संगम लाल गुप्ता को 4,36,291 वोट में मिले थे, जबकि दूसरे नंबर पर रहने वाले अशोक त्रिपाठी को 3,18,539 वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी को 1,17,752 मतों के अंतर से बसपा प्रत्याशी पर जीत दर्ज की थी। चुनाव में चुनाव में तीसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमारी रत्ना सिंह थीं, जिनको 77,096 वोट मिले थे। इस बार आइएनडीआईए के गठबंधन में यहां की सीट सपा को मिली है। इस कारण कांग्रेस का प्रत्याशी यहां से चुनाव मैदान में नहीं रहेगा। कांग्रेस पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करेगी। 10 बार यहां की सीट पर जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार महज खेवनहार रहेगी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि गठबंधन धर्म का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ.एसपी सिंह पटेल को कांग्रेस पार्टी अपना उम्मीदवार मान कर वोट मांग रही है।

**हरदोई लोकसभा क्षेत्र** | दल नहीं चेहरों पर होता रहा है मतदान, 33 साल से जयप्रकाश व ऊषा ही पहुंच रहे लोकसभा

# दो चेहरों में सिमट कर रह गया हरदोई का चुनाव

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव एक बार फिर आ गया है, लेकिन हरदोई का चुनाव दो चेहरों में ही सिमट कर रह जाता है। यहां पर ऊषा वर्मा व जयप्रकाश ही वर्षों से लोकसभा पहुंच रहे हैं। 2014 में मोदी लहर में सिर्फ अंशुल वर्मा ने लोकसभा में हरदोई का प्रतिनिधित्व किया।

लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद जयप्रकाश को प्रत्याशी बनाया है, वहीं पूर्व सांसद ऊषा वर्मा सपा की प्रत्याशी हैं। हरदोई में लोकसभा का चुनाव वर्षों से इन्हीं दोनों के बीच हो रहा है। कभी जयप्रकाश

सांसद जयप्रकाश

सांसद बनते हैं कभी ऊषा वर्मा। सिर्फ 2014 में मोदी की लहर के दौरान भाजपा के अंशुल वर्मा लोकसभा पहुंचे थे। हरदोई लोकसभा सीट से 1991 में भाजपा से चुनाव जीत कर जयप्रकाश लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद

पूर्व सांसद ऊषा वर्मा

1996 तक वह यहां के सांसद हुए। 1998 में हुए चुनाव में ऊषा वर्मा लोकसभा पहुंची। 1999 में फिर चुनाव हुआ लोकतांत्रिक कांग्रेस से जयप्रकाश सांसद फिर बन गए। 2004 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से पुनः चुनाव जीतकर ऊषा वर्मा दोबारा सांसद बनीं। इसके बाद मोदी लहर में अंशुल वर्मा भाजपा से लोकसभा पहुंचे। अगले चुनाव में जयप्रकाश फिर हरदोई से भाजपा के प्रत्याशी बने और लोकसभा पहुंच गए।

जिले में 1991 से लोकसभा पहुंचने वालों में जयप्रकाश व ऊषा वर्मा ही हैं। लगातार जिले के लोग 33 सालों से यही दोनों लोकसभा हरदोई का प्रतिनिधित्व करते देख रहे हैं। 1991 में पैदा हुए बच्चे आज 33 साल के हो गए हैं। विधायक तो उन्होंने कई बदलते देखे, लेकिन लोकसभा सदस्य के रूप में ही दो चेहरे देख रहे हैं। इस बार भी इन्हीं दोनों चेहरों के बीच मुकाबला हो रहा है।

### अब तक हुए सांसद

**हरदोई।** जिले में लोकसभा सांसद का यह 20 वां चुनाव है। सबसे पहले जिले में 1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से बुलाकी राम वर्मा लोकसभा सांसद चुने गए थे। 1957 में जनसंघ के शिवदीन लोकसभा पहुंचे। 1957 से 1971 तक कांग्रेस का जलजला रहा। इस दौरान 1957 में छेदा लाल गुप्ता, लोकसभा सदस्य चुने गए थे। 1962 से 1971 तक दयालु लाल लोकसभा के सदस्य रहे। जनता पार्टी से 1977 में परमाई लाल, 1980 में हुए चुनाव में कांग्रेस के मन्नी लाल, 1984 के चुनाव में कांग्रेस के दयालु लाल, 1989 के चुनाव में परमाई लाल तथा 1990 के चुनाव में हरियाणा से आए चौधरी चांदराम लोकसभा पहुंचे थे।

# बसपा में ही खत्म हो गई मुख्तार की राजनीति

## 1996 में मऊ सदर में पहली बार बना विधायक, 2017 में आखिरी बार बना विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** अपराध की दुनिया और राजनीति, एक दूसरे के पूरक हैं। संरक्षण के लिए अपराधी राजनीति में प्रवेश करता है और राजनीति में कद बढ़ाने को नेता अपराधियों को संरक्षण भी देते हैं। पांच बार विधायक रह चुके मुख्तार अंसारी के राजनैतिक इतिहास से आसानी से लगाया जा सकता है।

पूर्वांचल में अपराध की दुनिया में बढ़ते कद के साथ ही मुख्तार ने बसपा का दामन थामकर 1996 में राजनीति में कदम रखा था और मऊ सदर से जीत दर्ज कर सफेद पोश माफिया बन गया। राजनीति में तमाम उतार-चढ़ाव के साथ ही अंतिम बार 2017 में मऊ से बतौर

बसपा विधायक रहे। माफिया मुख्तार अंसारी ने अपराधिक रिकार्ड बढ़ने के साथ ही 1996 में बसपा के सहारे राजनीति में कदम रखा, मऊ सदर से पहली बार विधायक बना। दूसरी बार 2002 में निर्दलीय विधायकी जीती, बाहुबली होने की वजह से पूर्वांचल की राजनीति में इर्द गिर्द घूमने लगी। विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव, मुख्तार की दखलंदाजी हर चुनाव में होती थी। प्रदेश के राजनैतिक घटनाक्रमों में मुख्तार कुछ सालों के लिए बसपा से बाहर भी रहे, 2007 में निदर्लीय होकर भी चुनाव जीत दर्ज की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के संपर्क में भी रहा। मगर 2009 में बसपा ने दोबारा वाराणसी से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाकर उतारा, हांलाकि चुनाव में हार मिली। अगले ही साल 2010 में बसपा की मायावती ने फिर पार्टी से निष्कासित किया तो खुद का, कौमी एकता दल का गठन किया, और 2012 में विधायकी जीती। मगर ज्यादा दिन सक्रिय राजनीति से अलग नहीं रहें और 2017 में कौमी एकता दल का विलय बसपा में कर दिया और बसपा के टिकट पर मऊ सीट से विधायक बन गया। यह उनका अंतिम चुनाव साबित हुआ।

| बाजार | सेंसेक्स ▲ | निफ्टी ▲ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73651 | 22326 |
| बढ़त | 655 | 203 |
| प्रतिशत में | 0.90 | 0.92 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, रविवार, 31 मार्च 2024

## एक नजर

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### ओपनएआई ने वॉयस इंजन पेश किया

**सैन फ्रांसिस्को।** चैटजीपीटी को बनाने वाली कंपनी ओपनएआई वॉयस असिस्टेंट कारोबार में उतर रही है। कंपनी ने ऐसी तकनीक तैयार की है, जो किसी व्यक्ति की आवाज को क्लोन कर सकती है।

# अगले हफ्ते खुलेगा भारती हेक्साकॉम का आईपीओ, 12 को लिस्ट होंगे शेयर

## 3 से 5 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन, यह भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए अगले हफ्ते ओपन होगा। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे।

12 अप्रैल को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी 4,275 करोड़ जुटाना चाहती है। यह पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल होगा, जिसमें कंपनी के मौजूदा निवेशक पूरे 4,275 करोड़ के 75,000,000 शेयर बेच रहे हैं।

इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 26 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 542-570 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 570 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,820 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 338 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 192,660 इन्वेस्ट करने होंगे।

आईपीओ ओपन होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 6.49% यानी 37 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ऐसे में अपर प्राइस बैंड 570 के हिसाब से इसकी लिस्टिंग 607 पर हो सकती है।

1995 में स्थापित हुए भारती हेक्साकॉम लिमिटेड टेलीफोन और ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइस करती है। कंपनी राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा सहित अन्य राज्यों में अपनी सर्विस देती है। 31 दिसंबर 2023 तक कंपनी के 27.1 मिलियन कस्टमर्स थे।

## जेएसडब्ल्यू स्टील ने कर्नाटक संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल चालू की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू स्टील ने शनिवार को कर्नाटक के विजयनगर स्थित अपने एकीकृत इस्पात संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल शुरू करने की घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 50 लाख टन की वार्षिक क्षमता वाली मिल से स्टील उत्पादों की पहली खेप भेजी है। कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) ने आज विजयनगर संयंत्र में 50 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता के साथ अपनी हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) को चालू किया और पहली खेप भेजी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि यह संयंत्र 17 मार्च, 2024 को तैयार हुआ था और शुरुआती परीक्षण के बाद वाणिज्यिक विनिर्माण और बिक्री शुरू हो गई है।

# त्योहारी मांग से खाद्य तेल व तिलहन की कीमतों में सुधार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में खाद्य तेलों की आपूर्ति कम रहने के बीच त्योहारी मांग बढ़ने के कारण शनिवार को देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहन कीमतों में मजबूती देखने को मिली। आयातित तेलों की कम आपूर्ति की स्थिति के बीच सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की वजह पाम एवं पामोलीन तेल का सूरजमुखी से महंगा होना है। इस महंगे दाम के कारण पाम, पामोलीन का आयात प्रभावित हुआ है जिस तेल की पूरे तेल आयात में लगभग 65 प्रतिशत की हिस्सेदारी होती है और कमजोर आयवर्ग के लोग इस तेल का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। पाम, पामोलीन जब सूरजमुखी से सस्ता होगा तभी इसका आयात बढ़ेगा और आपूर्ति लाईन दुरुस्त होगी। लगभग 65 प्रतिशत पाम, पामोलीन की कमी को किसी साफ्ट आयल से पूरा करना लगभग असंभव है। पाम, पामोलीन के दाम महंगे होने से सॉफ्ट आयल कीमतों पर भी दवाब बढ़ गया है। इससे सभी तेल तिलहन के दाम मजबूत होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल के मुकाबले शनिवार को सरसों की आवक घटकर साढ़े छह लाख बोरी रह गई। इस सरसों की खरीद के मामले में हरियाणा सरकार का कदम सराहनीय कहा जा सकता है। छिटपुट आवक शुरु होने के बीच वहां प्रदेश सरकार ने 5,650 रुपये प्रति क्विन्टल के एमएसपी पर किसानो की सरसों खरीद शुरु की है।

# साइबर सुरक्षा नवाचार के लिए स्टार्टअप समूह लॉन्च

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) में उन्नत साइबर सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब सी3आईहब ने यहां स्टार्टअप समूह लॉंच करने की घोषणा की है। सी3आईअब ने स्टार्टअप समूह तीन, चार और पांच लॉंच किया है।

एनएम-आईसीपीएस मिशन के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित, सी3आईहब ने स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम में 19 स्टार्टअप प्रस्तुत किए, जो एप्लिकेशन सुरक्षा, एकीकृत एसओसी समाधान, साइबर फोरेंसिक, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, यूएवी सुरक्षा, आईओटी सुरक्षा और साइबर बीमा सहित विशिष्ट साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं। इस कार्यक्रम में डीएसटी सचिव डॉ. अभय करंदीकर; राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक लेफ्टिनेंट जनरल एम यू नायर, एनसीआईआईपीसी के महानिदेशक नवीन कुमार सिंह, भारत के पहले राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक गुलशन राय मौजूद रहे।

## इंडिगो ने अबू धाबी और कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने नौ मई से अबू धाबी और उत्तरी केरल के कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की है। एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का विस्तार करते हुए इस सीधी दैनिक उड़ान का संचालन करेगी। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि इन उड़ानों के अलावा, एयरलाइन भारत के आठ शहरों से अबू धाबी के लिए 56 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी।

# नौ शहरों में बिना बिके मकान सात प्रतिशत घटे: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

नयी आपूर्ति की तुलना में बिक्री अधिक होने के कारण पिछले तीन महीनों में देश के नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या सात प्रतिशत घटकर लगभग 4.81 लाख इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म प्रॉपइक्विटी के मुताबिक इस साल मार्च के अंत में नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या 4,81,566 थी। यह आंकड़ा दिसंबर 2023 के अंत में 5,18,868 इकाई था। ये नौ शहर मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, दिल्ली-एनसीआर (दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद), बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और कोलकाता हैं। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक (एमडी) समीर जसूजा ने कहा कि नयी आवक के मुकाबले बिक्री अधिक होने से बिना बिके मकानों की संख्या में कमी आई है।

# पंजाब में दो और टोल प्लाजा बंद किए जाएंगे : भगवंत मान

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि लुधियाना-बरनाला राज्य राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा को दो अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रियायत अवधि खत्म होने के कारण रकबा (लुधियाना में मुल्लांपुर के पास) और मेहल कलां (बरनाला के पास) टोल प्लाजा दो अप्रैल को अपना परिचालन बंद कर देंगे।

लुधियाना जिले में स्थित दाखा-हलवारा-रायकोट-बरनाला राज्य राजमार्ग 57.94 किलोमीटर लंबा है। पंजाब सरकार ने राजमार्ग को बेहतर बनाने के लिए 2007 में बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो (बीओटी) योजना को मंजूरी दी थी। इस परियोजना के लिए रोहन राजदीप टोलवेज लिमिटेड के साथ 17 वर्षों के लिए एक समझौता किया था। मान ने कहा कि कंपनी ने कोविड महामारी और किसानों के आंदोलन का हवाला देते हुए टोल परिचालन 448 दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन पंजाब सरकार ने इसे अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दोनों टोल प्लाजा अपना परिचालन बंद कर देंगे और जनता से कोई टोल नहीं वसूलेंगे।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पूंजीपतियों को अनुचित लाभ देने के लिए नहीं हैं और टोल परिचालन अवधि खत्म होने के बाद किसी को भी आम जनता को लूटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मान सरकार पिछले दो वर्षों में राज्य के विभिन्न स्थानों पर 10 टोल प्लाजा को बंद कर चुकी है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### हत्या के मामले में आरएसएस के तीन कार्यकर्ता बरी

**कासरगोड (केरल)।** केरल में कासरगोड की एक अदालत ने 2017 में जिले की एक मस्जिद के अंदर एक मदरसा शिक्षक की हत्या से संबंधित मामले में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के तीन कार्यकर्ताओं को बरी कर दिया। कासरगोड प्रधान सत्र अदालत के न्यायाधीश के के बालाकृष्णन ने मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया। मामले का विस्तृत फैसला अभी आना बाकी है। मोहम्मद रियास मौलवी (34) पास के चूरी में स्थित एक मदरसे में पढ़ाते थे। मौलवी की 20 मार्च, 2017 को मस्जिद में उनके कमरे में हत्या कर दी गई थी। चूरी स्थित मुहयुद्दीन जुमा मस्जिद के परिसर में घुसे एक गिरोह ने कथित तौर पर उनका गला काट दिया था।

### निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिरे, जांच समिति गठित

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के नरसेना क्षेत्र के गजरौला गांव में गंगा नदी पर एक निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिर गए। इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले में जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति बना दी है। इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने मामले को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर चुनावी चंदा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा लोगों के जीवन से खेल रही है।

### महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को सेवा विस्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्य सचिव नितिन करीर का कार्यकाल शनिवार को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार केंद्र ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी को एक अप्रैल से 30 जून तक विस्तार देने संबंधी राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। करीर ने पिछले साल दिसंबर में शीर्ष पद के लिए वरिष्ठ नौकरशाह मनोज सौनिक का स्थान लिया था। महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी इस महीने सेवानिवृत्त होने वाले थे।

# इलेक्टोरल बॉन्ड आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला, भाजपा ने ईडी से कराई उगाही

## आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने लगाया आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए ईडी से उगाही कराई है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि बीते 10 साल में भाजपा की हरकतें देखकर समझ आने लगा है कि क्यों सरदार बल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

भाजपा इस देश की सबसे खराब, अक्षम और दोमुंही पार्टी है। ईमानदारी, भाजपा का सबसे बड़ा डर है और आम आदमी पार्टी का सबसे बड़ा हथियार है। इसी ईमानदारी की सजा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिल रही है। आज का देश का हर नागरिक जानता है कि जो केजरीवाल सरकार हर साल जनकल्याण की सुविधाएं देने के बाद भी मुनाफे का बजट पेश करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो साल से हमारे ऊपर अनगिनत छापे की कार्रवाई करवाई लेकिन इतने छापों के बाद भी एक चवन्नी बरामद नहीं हुई। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अब अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ईडी ने करीब 51 हजार डॉक्यूमेंट्स कोर्ट के समक्ष रखे हैं और 458 गवाहों से पूछताछ की गई है। इतनी सारी पूछताछ करने के बाद केवल चार जगह अरविंद केजरीवाल का नाम आता है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेस में अकेले दौड़कर प्रथम आना चाहते हैं और इसलिए वह लगातार विपक्ष की सारी बुलंद आवाजों को जेल भेज रहे हैं।

### हेमंत सोरेन की पत्नी ने सुनीता केजरीवाल से मिलीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से शनिवार को मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि कल्पना सोरेन ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर जाकर सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात करीब 15 से 20 मिनट तक चली। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था और वह तब से जेल में हैं।

इंदौर में रंगपंचमी गेर उत्सव के दौरान उमड़ा जनसैलाब। ● एजेंसी

## तमिल के लोकप्रिय अभिनेता डेनियल बालाजी का निधन

**चेन्नई, एजेंसी**

अपने शानदार अभिनय के लिए विख्यात लोकप्रिय तमिल फिल्म अभिनेता डेनियल बालाजी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अस्पताल के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। वह 48 वर्ष के थे। तिरुवानमियूर में रहने वाले अभिनेता ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत यहां कोट्टिवक्कम के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।

अभिनय के क्षेत्र से राजनीति में आये कमल हासन ने कहा, "डेनियल का अचानक निधन चौंकाने वाला है। कम उम्र में मौत की पीड़ा परेशान करने वाली है।" उन्होंने शोक संतप्त परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# मुख्यमंत्री खांडू सहित 10 भाजपा उम्मीदवार विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**ईटानगर, एजेंसी**

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चौना मीन सहित भारतीय जनता पार्टी के 10 उम्मीदवार राज्य विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सेन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नामांकन वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद खांडू और नौ अन्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि खांडू तवांग जिले के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे, जबकि उप मुख्यमंत्री चौना मीन ने चौखम सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की, क्योंकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के बयामसो क्रि ने शनिवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। सेन ने कहा, ''छह विधानसभा क्षेत्रों में केवल एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया था जबकि चार अन्य में विपक्षी उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली।''

## इंदौर में रंगपंचमी की 'गेर' में उमड़े हजारों हुरियारे, सीएम भी शामिल

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में फागुनी मस्ती के माहौल में रंगपंचमी पर हर साल निकाली जाने वाली ''गेर'' (होली की विशाल शोभायात्रा) में शनिवार को हजारों लोग शामिल हुए और त्योहारी उल्लास में डूब गए। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शहर में गेर की करीब 75 साल पुरानी रंगारंग परंपरा में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ एक खुले वाहन में सवार हुए और उन्हें गेर में शामिल लोगों पर पिचकारी से रंग बरसाते देखा गया। यादव ने संवाददाताओं से कहा, '' गेर होली खेलने वाले लोगों की वह टोली है जो सबको अपना बनाने के लिए निकलती है।''

# असम राइफल्स ने दलाई लामा के साथ अपने जुड़ाव को याद किया

**गुवाहाटी, एजेंसी**



चौदहवें दलाई लामा के अपनी मातृभूमि तिब्बत से भागकर भारत आने के 65 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में असम राइफल्स ने आध्यात्मिक नेता के साथ अपने निरंतर सहयोग को याद किया। दलाई लामा को सुरक्षित लाने की जिम्मेदारी असम राइफल्स को ही सौंपी गई थी। बल की 5वीं बटालियन को दलाई लामा और उनके दल को नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश) के माध्यम से असम में सुरक्षित लाने का काम दिया गया था। दलाई लामा ने 31 मार्च, 1959 को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया था। अर्धसैनिक बल ने एक बयान में कहा, ''1959 में दलाई लामा की 5वीं असम राइफल्स की सुरक्षा संबंधी विरासत भारत और तिब्बत के साझा इतिहास में एक मर्मस्पर्शी अध्याय बनी हुई है, जो दोस्ती, समर्थन और मानवतावाद की स्थायी भावना का प्रतीक है।'' इसने कहा, ''दलाई लामा के साथ संबंध वर्षों से जारी है। बल का एक समूह, जिसे अकसर 'दलाई लामा बटालियन' कहा जाता है, हर साल हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में उनसे आशीर्वाद लेने के लिए जाता है।''

# संविधान की रक्षा के लिए 'इंडिया' की रैली : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की "लोकतंत्र बचाओ रैली" का उद्देश्य संविधान और लोकतंत्र को बचाना है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि रैली से लोक कल्याण मार्ग (जहां प्रधानमंत्री का आवास स्थित है) को कड़ा संदेश दिया जाएगा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समय पूरा हो गया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रैली को लेकर कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता रैली को संबोधित करेंगे। यह कोई व्यक्ति विशेष की रैली नहीं है। इसीलिए इसे लोकतंत्र बचाओ रैली कहा जा रहा है। यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें 27-28 पार्टियां शामिल हैं। 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक इस रैली में हिस्सा लेंगे। रमेश की यह टिप्पणी इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि आप नेता इस रैली को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में आयोजित रैली के रूप में पेश कर रहे हैं। रमेश ने कहा कि रैली में विपक्षी नेता बढ़ती कीमतें, 45 साल में सर्वाधिक बेरोजगारी दर, आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और किसानों के खिलाफ अन्याय के मुद्दे उठाएंगे। रमेश ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को राजनीतिक रूप से निशाना बनाने के प्रयास में दो मुख्यमंत्रियों और कई मंत्रियों को गिरफ्तार किया गया है। यह उस मानसिकता को दर्शाता है कि प्रधानमंत्री विपक्षी दलों को राजनीतिक और आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश ने कहा कि चुनावी बॉण्ड के माध्यम से "जबरन वसूली" और कांग्रेस को कर आतंकवाद (टैक्स टेररिज्म) से निशाना बनाए जाने के मुद्दे भी रैली में उठाए जाएंगे। उन्होंने ब्योरा दिए बिना कहा, हमें शुक्रवार को आयकर विभाग के दो और नोटिस मिले। रमेश ने कहा कि रैली का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य संविधान की रक्षा करना है, जो उनके अनुसार खतरे में है क्योंकि भाजपा नेता कह रहे हैं कि वे इसे फिर से लिखना चाहते हैं। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली और कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि लोकतंत्र पर खतरों के विरोध में एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी।

### रैली में हिस्सा लेंगे फारूक अब्दुल्ला

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला विपक्षी गठबंधन (इंडिया) की ''लोकतंत्र बचाओ रैली'' में भाग लेंगे। यह जानकारी उनके बेटे एवं पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने दी।

# न्यूजक्लिक के विरुद्ध पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस का आरोप-चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में लिया था पैसा

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। पुलिस ने पहली चार्जशीट दायर की है। पुलिस का आरोप है कि न्यूज पोर्टल को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में पैसा मिला था।

आरोपपत्र पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर की कोर्ट में पेश किया गया। न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक और इसके संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। बीती 23 फरवरी 2024 को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैरकानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में न्यूज पोर्टल के संस्थापक और एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज पोर्टल के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती के खिलाफ जांच पूरी करने के लिए पुलिस को 20 दिन का और समय दिया था।

गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967, इन आरोपों के बाद कि न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी धन प्राप्त हुआ। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन कुमार ने जांच की समय बढ़ाते हुए जांच पूरी करने में लंबा समय लेने के लिए दिल्ली पुलिस की खिंचाई भी की थी। उन्होंने पूछा था कि 150 दिनों की जांच में क्या किया है। यदि उन्होंने इन दिनों का उपयोग किया होता तो उन्हें विस्तार की आवश्यकता नहीं होती।

# एटीएस की कार्रवाई नवी मुंबई से पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई:** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने नवी मुंबई में अवैध तरीके से रहने वाले पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गि रफ्तार किया है। शुक्रवार को एटीएस ने घनसोली के दो इलाकों में छापेमारी की थी। एक अधिकारी ने कहा, गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस ने कार्रवाई करते हुए पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

किसी के पास भी वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय आहत जमाल शेख, 40 वर्षीय रेबुल समद शेख, 25 वर्षीय रोनी सोरिफुल खान, 28 वर्षीय जुलू बिलाल शरीफ और 49 वर्षीय मोहम्मद मुनीर मोहम्मद सिराज मुल्ला के तौर पर की गई है। ये सभी बांग्लादेश के दो जिले से आए थे और यहां राजमिस्त्री के तौर पर काम कर रहे थे।

# आज निपटा लें काम... नए वित्तीय वर्ष में हो रहे ये पांच बड़े बदलाव

*मार्च का महीना खत्म होने जा रहा है। अब अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरुआत होगी। हर महीने की पहली तारीख को कई बदलाव होते हैं। 1 अप्रैल से भी कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इनमें क्रेडिट कार्ड, ईपीएफओ और फास्टैग जैसे कई बदलाव शामिल हैं। इन बदलावों का असर सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। आईए जानें इनके बारे में...*

## क्रेडिट कार्ड के नियम

एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होने के बाद क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में भी बदलाव होने हैं। इसमें एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नियम एक अप्रैल 2024 से बदल जाएंगे। नए नियमों के अनुसार क्रेडिट कार्ड के जरिए किराए का भुगतान करने पर अब रिवार्ड प्वाइंड नहीं जारी किए जाएंगे। कई अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड पर भी यह नियम 15 अप्रैल 2024 से लागू हो सकता है।

**पैन-आधार लिंक-** सरकार पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करने की डेडलाइन कई बार बढ़ा चुकी है। फिलहाल 31 मार्च 2024 को आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख है। अगर 31 मार्च से पहले आपने अपना पैन और आधार कार्ड लिंक नहीं कराया तो आपका पैन कार्ड कैंसिल हो सकता है। पैन कार्ड निष्क्रिय होने पर आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। ऐसे में उसे दोबारा एक्टिव कराने के लिए आपको 1000 रुपये के जुर्माने का भी भुगतान करना पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले अपना पैन और आधार कार्ड आपस में लिंक करा लें।

## ईपीएफओ के नियम

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नियमों में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब नौकरी बदलने की स्थिति में कर्मचारी का ईपीएफओ खाता खुद-ब-खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले खाताधारकों की रिक्वेस्ट पर ही खाते को ट्रांसफर किया जाता था।

## फास्टैग केवाईसी नियम

एक अप्रैल 2024 से फास्टैग से जुड़े कुछ नियम भी बदल रहे हैं। अगर आपने अब तक अपनी कार के फास्टैग की बैंक केवाईसी पूरी नहीं की है तो एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च तक ही अपने फास्टैग की केवाईसी से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर लें। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो आपका फास्टैग खाता बैंक की ओर से निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो फास्टैग खाते में मौजूद बैलेंस का इस्तेमाल करने में भी आपको परेशानी हो सकती है।

## गैस की कीमतें

सरकार की ओर से हर महीने की एक तारीख को रसोई गैस के कमर्शियल और घरेलू सिलेंडरों के कीमत की समीक्षा की जाती है। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए कीमतों में परिवर्तन की गुंजाइश कम है। लेकिन केंद्र सरकार अगर चाहे तो चुनाव आयोग से अनुमति लेकर रसोई गैस की कीमतों में बदलाव का एलान भी कर सकती है।

## एक नजर

### दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा के चुनाव लड़ने पर रोक

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा देश में 29 मई को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग (आईईसी) ने शुक्रवार को बताया है कि, जांच आयोग की सुनवाई को बीच में ही छोड़कर चले जाने पर जुमा को 2021 में दक्षिण अफ्रीका की संवैधानिक अदालत ने 15 माह जेल की सजा सुनाई गई थी। जुमा को उनकी पार्टी एएनसी ने 2018 में बर्खास्त कर दिया था। स्व-निर्वासित गुप्ता परिवार के साथ जुमा की कथित नजदीकियों को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया था जिसके बाद ही एएनसी ने जुमा को पार्टी से बर्खास्त करने का कदम उठाया। आईईसी ने कहा कि जुमा को उनके आपराधिक रिकॉर्ड के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

### पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश 5 कोयला खदान श्रमिकों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भारी बारिश के कारण एक घर की छत गिर गई और मलबे में दबने से पांच खदान श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस घर को कोयला खदान के लिए बाहर से आए मजदूरों के रहने के लिए बनाया गया था। उन्होंने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण कोयला खदान ढह गई और पांच मजदूर मलबे में दब गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्रों में भेज दिया गया और वहां उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### नीदरलैंड: एक शहर में घुसे अज्ञात हमलावर, लोगों को बनाया बंधक

**एडे (नीदरलैंड)।** यूरोपीय देश नीदरलैंड के एडे शहर में शनिवार को दर्जनों लोगों को एक इमारत में बंधक बना लिया गया। भारी-भरकम हथियारों से लैस नीदरलैंड पुलिस ने एडे शहर को घेर लिया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इमारत में कई लोगों को बंधक बनाकर रखा गया है। पुलिस प्रवक्ता साइमन क्लोक ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एडे शहर में लोगों को बंधक बनाया जा रहा है। मगर उन्होंने इस घटना के बारे में अधिक जानकारी देने और इसमें कितने लोग शामिल हैं इसके बारे में बताने इनकार कर दिया।

### श्रीलंका और भारत द्विपक्षीय परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा

**कोलंबो।** श्रीलंका और भारत आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी मौजूदा द्विपक्षीय आर्थिक परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। विक्रमसिंघे के वरिष्ठ सलाहकार सागला रत्नायका की भारत यात्रा के दो दिन बाद दोनों पड़ोसी देशों ने इस पर सहमति व्यक्त की। रत्नायका ने अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के साथ चर्चा की। बयान में कहा गया कि द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने के लिए तिमाही आधार पर समीक्षा की जाएगी।

# भीषण बर्फबारी में भी जा सकेंगे लद्दाख निम्मू- पादुम-दारचा मार्ग हुआ तैयार

## हिमाचल से लेह तक अब 10 घंटे में तय होगी दूरी, अप्रैल से चालू होगा मार्ग

लेह, एजेंसी

लद्दाख और कश्मीर के लोग जिस सड़क का 24 साल से इंतजार कर रहे थे, वो अब बनकर तैयार है। रणनीतिक रूप से बेहद अहम 248 किमी लंबी निम्मू- पादुम-दारचा रोड पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ)अंतिम 600 मी. का काम कर रही है। यह रोड हिमाचल के दारचा को लेह के निम्मू से जोड़ेगी। बीआरओ के मुताबिक, सेना अप्रैल से इसे शुरू करने जा रही है। इसके बनने से तीन बड़े फायदे होंगे। पहला भीषण बर्फबारी में भी देशवासी वाया रोड लेह- लद्दाख जा सकेंगे।

अभी बर्फबारी में यहां सिर्फ विमान से पहुंचा जा सकता है। दूसरा- सेना किसी भी परिस्थिति में सिर्फ 10 घंटे में एक साथ चीन और पाकिस्तान बॉर्डर तक भारी मशीनरी पहुंचा सकेगी। अभी 17 घंटे तक लगते हैं। तीसरा- कश्मीर-लद्दाख से कटा रहने वाला बौद्ध बहुल जांस्कर उप मंडल लेह से जुड़ जाएगा। 13 बीआरटीएफ के कमांडर ले. कर्नल पारस के मुताबिक बीआरओ ने माइनस 30 डिग्री में यहां दो टुकड़ियों में बिना रुके काम किया है। नया रास्ता 10 महीने खुला रहेगा। मेंटेनेंस के लिए इसे दो महीने बंद रखेंगे।

### सेना को लेह तक नए मार्ग की थी दरकार

1999 के करगिल युद्ध के बाद सेना को लद्दाख तक एक आसान रोड की जरूरत महसूस हुई थी, क्योंकि मनाली-लेह मार्ग लंबा होने के साथ ही पांच ऊंचाई वाले पहाड़ी दरों से गुजरता है और महीनों बंद रहता है। दूसरा मार्ग भी ऐसा ही है।

### पड़ोसी देश इस रोड को ट्रैक नहीं कर पाएंगे

अभी श्रीनगर और मनाली से लेह के लिए दो सड़कें हैं। दोनों 400 किमी से ज्यादा लंबी हैं और सर्दियों में 6-7 महीने बंद रहती हैं। 2200 करोड़ की नई रोड ऑल वेदर वाली है। बीआरओ ने इसका ज्यादातर हिस्सा पहाड़ों के बीच रखा है। इस खूबी से चीन-पाकिस्तान का इसे ट्रैक कर पाना मुश्किल होगा। निम्मू में पूर्वी लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर की रक्षा के लिए एक्सआईवी कोर का मुख्यालय है। नए रोड से मुख्यालय सीधे जुड़ जाएगा। रोड से सियाचिन एक दिन में सप्लाई पहुंच जाएगी। श्रीनगर-लेह सड़क करगिल में एलओसी से होकर गुजरती है। यह संवेदनशील रोड है, इसलिए गोलीबारी के वक्त कई बार इसे बंद करना पड़ता है। नई सड़क ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक है।

- **दुनिया की सबसे खूबसूरत रोड में से एक होगी:** करगिल हिल डेवलपमेंट काउंसिल के सीईसी के मुताबिक यह दुनिया की सबसे सुंदर रोड में से एक है। सर्दियों में जांस्कर नदी जम जाती है और पहाड़ बर्फ से ढंक जाते हैं। इन भौगोलिक विषम परिस्थितियों में भी बीआरओ ने काम नहीं रोका।
- **समय से पहले बनकर तैयार:** शुरुआत में बजट 251 करोड़ रु. था और डेडलाइन 2012 थी। लेकिन, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते रोड अटक गई। जुलाई 2019 में इसे नई 2276 करोड़ की लागत से बनाना शुरू किया और अब डेडलाइन (2025) से पहले ही बनकर तैयार है।

# विश्व के नेताओं की सलाह, ट्रंप नहीं बनेंगे राष्ट्रपतिः बाइडन

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में एक रैली के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्व के अधिकांश नेताओं ने उनसे कहा है कि आगामी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं जीतने देना। उन्हें डर है कि इससे उनका लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। चाहे जी 20 शिखर सम्मेलन हो या कोई अन्य अवसर हर बार यही देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि जो वह कह रहे हैं अतिशयोक्ति नहीं है। दुनिया के लगभग हर नेता मुझसे यह बात कहने के लिए अकेले में बात करने का बहाना खोजते थे। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कहा है कि अगर वह नवंबर में चुनाव में हारे तो खून खराबा होगा। आखिर उसे हुआ क्या है। यह मुझे सबसे अधिक चिंतित करता है। बाइडन ने कहा कि यह वह व्यक्ति है जिसने उन देशों के खिलाफ जो चाहे कदम उठाने के लिए रूस को उकसाया जो अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत रक्षा पर खर्च नहीं करते। इस बीच बाइडन की ओर से कैंपेन अभियान संभाल रही टीम ने निक्की हेली के समर्थकों को लुभाने का प्रयास शुरू किया है। वह रिपब्लिकन की रेस से हाल ही में बाहर हुई हैं।

# न्याय तंत्र में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप पर जांच को मंजूरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में होगी हस्तक्षेप के आरोपों की जांच

न्यायपालिका के काम में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप के आरोपों की जांच के लिए पाकिस्तान की कैबिनेट ने आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में एक जांच आयोग का गठन किया जाएगा। पूर्व मुख्य न्यायाधीश तस्सदुक हुसैन जिलानी की अध्यक्षता वाला आयोग एक पत्र के जरिए न्यायाधीशों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करेगा और 60 दिनों में अपनी रिपोर्ट देगा।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कियानी, न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी, न्यायमूर्ति बाबर सत्तार, न्यायमूर्ति सरदार इजाज इशाक खान, न्यायमूर्ति अरबाब मुहम्मद ताहिर और न्यायमूर्ति समन फफत इम्तियाज ने 26 मार्च को सर्वोच्च न्यायिक परिषद को पत्र भेजा था। जिसमें न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप पर एक न्यायिक सम्मेलन बुलाने का आग्रह कर रहा है। पत्र का जवाब देते हुए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ एक बैठक के दौरान कहा था कि मामलों में कार्यपालिका द्वारा हस्तक्षेप और न्यायाधीशों के न्यायिक कामकाज को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### रूस के साथ संबंध बढ़ाना चाहता है पाकिस्तान

इस बीच, पीएम शहबाज शरीफ ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान रूस के साथ ऊर्जा, व्यापार और निवेश समेत अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना चाहता है। प्रधानमंत्री शरीफ ने रूसी संघ के राजदूत अल्बर्ट पी खोरेव के साथ एक बैठक के दौरान, रूसी पक्ष से पाकिस्तान में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का भी आग्रह किया ताकि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों के मौजूदा स्तर को बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने के लिए अपने समकक्षों के साथ चर्चा की जा सके।

## जनजीवन अस्त-व्यस्त...

**शिमला :** पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश, हिमपात और तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वाहन यातायात, बिजली, पानी की आपूर्ति और संचार सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो गई हैं। साउथ पोर्टल के आसपास के क्षेत्र में भारी बर्फबारी हो रही है और साउथ पोर्टल से लेकर सोलंग नाला तक की सड़कों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। वहीं कई संवेदनशील क्षेत्रों हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। ● एजेंसी

# इजराइल यात्रा को ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति का जब्त पासपोर्ट देने से सुप्रीम इनकार

**रियो डी जिनेरियो, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने इजराइल की यात्रा करने के लिए पासपोर्ट लौटाने के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के अनुरोध को खारिज कर दिया है। बोलसोनारो के अधिवक्ता ने गुरुवार को कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मई में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम के लिए बोलसोनारो को आमंत्रित किया है। ऐसे में उन्होंने उच्चतम न्यायालय से उनका पासपोर्ट लौटाने का अनुरोध किया था।

शीर्ष कोर्ट के न्यायमूर्ति अलेक्जेंडर डी मोरेस ने कहा, जिस व्यक्ति के खिलाफ जांच जारी है, उस पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाना जल्दबाजी होगी, जब्त पासपोर्ट देने से इनकार कर दिया। बता दें, 2022 के चुनाव परिणामों को अनदेखा करने और हारे हुए नेता को सत्ता में बनाए रखने के लिए विद्रोह करने की साजिश रचने के अरोप है, और जांच जारी है, मामले को देखते हुए उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया था।

# ब्रिटेन अब 41 लाख वेतन पर ही देगा वर्कर वीजा

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से स्किल्ड वर्कर वीजा के नियमों में हो रहा बदलाव, 2 लाख भारतीयों पर असर

ब्रिटेन के भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रवासियों को लेकर लगातार सख्त कदम उठा रहे हैं। ब्रिटेन में 4 अप्रैल से मिड लेवल टीचर, शेफ, नर्सेज और केयर गिवर्स प्रवासियों के प्रवेश वीजा पर बदलाव किया है। सुनक सरकार के नए नियम के अनुसा, स्किल्ड वर्क वीजा से ब्रिटेन में तब प्रवेश मिलेगा जब प्रवासियों का सैलरी पैकेज 41 लाख रुपये सालाना होगा।

बता दें, अब तक ये सीमा साढ़े 27 लाख रुपये थी। सुनक सरकार ने सैलरी सीमा में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी कर ब्रिटेन में नौकरी की चाह रखने वाले भारतीयों की राह में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मिड लेवल नौकरी के लिए ब्रिटेन आने वाले लगभग दो लाख भारतीयों पर इसका असर पड़ने की आशंका है। बता दें

कि पिछले दिनों स्किल्ड वर्क वीजा के तहत आवेदन करने वाले आईटी प्रोफेशनल के सैलरी पैकेज की सीमा 35 लाख से 52 लाख रुपये कर दी गई थी। भारतीय स्किल्ड वर्करों के लिए फैमिली वीसा पाने के लिए सैलेरी लिमिट में 56 फीसदी का इजाफा किया है। पहले ब्रिटेन में 19.50 लाख रुपए सालाना कमाने वाले भारतीय फैमिली वीसा के लिए आवेदन कर सकते थे, अब ये सीमा बढ़ाकर 30.50 लाख रुपए कर दी गई है। ये नियम 11 अप्रैल से लागू होंगे। साथ ही नेशनल हेल्थ स्कीम के तहत एनरोल होने के लिए भारतीय स्किल्ड वीसा धारको के लिए 65 हजार की सालाना फीस को बढ़ाकर एक लाख 10 हजार रुपए कर दिया गया है। एनएचएस फीस को बढ़ा कर प्रवासी परिवारों की एंट्री रोकना है। मिड लेवल वर्करों पर नए नियम लागू होने से तीन साल में लगभग आठ लाख भारतीय वर्करों को ब्रिटेन से स्वदेश लौटना पड़ सकता है। ब्रिटेन में अभी ये तीन साल के स्किल्ड वीसा पर है। इसकी औसत सैलरी 28 लाख है, तीन साल में ये बढ़कर 41 लाख नहीं होगी। ऐसे में इन वर्करों का स्किल्ड वीसा रिन्यू नहीं होगा, इन्हें वापस लौटना पड़ेगा। ब्रिटेन में 16 से 64 साल के 28 लाख लोग आर्थिक रूप से सक्रिय नहीं हैं। सुनक सरकार इन 28 लाख लोगों के लिए जॉब क्रिएट करना चाहती है।

# सातवें साल विश्व का सबसे खुशहाल देश बना फिनलैंड

स्टॉकहोम, एजेंसी

- सर्वे के बाद एनालिटिक्स संगठन ने जारी की रिपोर्ट

फिनलैंड ने लगातार सातवें साल दुनिया का सबसे खुशहाल देश होने का खिताब हासिल किया है। लेकिन वास्तव में उसे यह खिताब इसलिए नहीं मिला है कि इस देश के लोग दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले ज्यादा खुश हैं। बल्कि की देश की समृद्धि और स्टेटस की वजह से मिला है।

स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय ने फिनलैंड के लगातार सबसे खुश देश होने की वजहों की पड़ताल की तो उन्होंने पाया कि सर्वे में सवाल ही इस तरह पूछे जाते हैं कि लोगों को अपनी समृद्धि, सुविधाएं और सुरक्षा के हालात खुशी के पैमाने नजर आने लगते हैं। वे खुशी की असली वजह परिवार, दोस्त, अपनेपन जैसी चीजों को आंक ही नहीं पाते। दरअसल, साल 2005 से ही गैलप एनालिटिक्स संगठन दुनिया के तमाम देशों में लोगों की खुशी का स्तर नापने के लिए सर्वे करता है। दुनिया भर के 1 लाख लोगों पर सर्वे करने के बाद रिपोर्ट तैयार करता है।

### अपनापन खुशी के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण

ऑक्सफोर्ड विवि के हालिया शोध से पता चलता है कि खुशी वास्तव में लोगों को अधिक उत्पादक बनाती है। काम पर खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण वजह अपनापन है। दूसरी ओर, वेतन को काम पर खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण चालक माना जाता है, लेकिन यह काम पर खुशी के लिए अपनेपन की तुलना में बहुत कमजोर वजह है। वास्तव में रिश्ते खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण वजह है।

**विज्ञान** एक शोध से हुआ खुलासा, 2 मिलियन पुरानी घटना ने लालग्रह की धरती पर बनाए 2 अरब गड्ढे

# क्षुद्रग्रह ने किया मंगल की धरती का सीना छलनी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लालग्रह मंगल की धरती पर एक समय ऐसा भी आया था, जब एक क्षुद्रग्रह की टक्कर ने मंगल की धरती को बुरी तरह छलनी कर दिया। इस टक्कर में मंगल ग्रह पर 2 अरब गड्ढे बन गए। यह भीषण घटना दो मिलियन वर्ष पुरानी है।

ताजा शोध में यह जानकारी सामने आई है। सभी जानते हैं कि पृथ्वी भी एक बार क्षुद्रग्रह की टक्कर से बुरी तरह प्रभावित हुई थी। यह घटना करीब 6 करोड़ वर्ष पहले हुई थी। जिसमें विशालकाय जीव डायनासोर का अस्तित्व मिट गया था। इसी तरह मंगल की धरती भी क्षुद्रग्रह की मार से अछूती नही है। मंगल की सतह पर बेशुमार गड्ढे इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन गड्ढों को खगोलविद देखते आ रहे थे, इन गड्ढों की उत्पत्ति से अनभिज्ञ थे। जिसे समझने के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों के वैज्ञानिकों ने सामूहिक शोध किया। शोध के लिए मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) से प्राप्त डेटा को शामिल किया गया। जिसमें कोरिन्टो नामक क्रेटर को आधार बनया गया। गहन जांच पड़ताल के बाद यह निष्कर्ष निकला कि यह टक्कर सिर्फ एक क्षुद्रग्रह का परिणाम है। जिसकी टक्कर से हद से अधिक संख्या में मंगल से मलवे के साथ पत्थर छिटके और मंगल की सतह को छलनी करते चले गए। इस भीषण घटना का प्रभाव मंगल की सतह पर 2000 किमी दायरे में पड़ा। जिसमें दो अरब से अधिक छोटे बड़े गड्ढे बन गए, जो वर्तमान में मंगल के अतीत की दुर्दशा बयान करते है, जो आज भी एक अलग कहानी बयान करते हैं। इन गड्ढों का न्यूनतम आकार 10 मीटर हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानकारी टेक्सास में आयोजित चंद्र और ग्रह विज्ञान सम्मेलन में सार्वजनिक की। शोध पेपर को यूनिवर्सिटी स्पेस रिसर्च एसोसिएशन (यूएसआरए) की साइट मे भी देखा जा सकता है।



मंगल ग्रह के गड्ढों की तस्वीर।

### मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी: वरिष्ठ खगोलविद

वरिष्ठ खगोलविद प्रो. आरसी कपूर कहते हैं कि मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी है, तभी मंगल पर मैन मिशन को सफल बनाया जा सकता है। हम मान सकते हैं कि शायद मंगल इंसान का भविष्य है। जिस कारण मंगल पर बहुत तेजी से शोध किए जा रहे हैं। जिसमे दुनिया के कई देश शामिल हैं। मंगल पर मानव बस्ती बसाने का सपना कब तक साकार हो पायेगा, यह कहना फिलहाल संभव नहीं है।

# भारत को चंद्रमा पर मिली उपलब्धियां हैरान करने वाली

पेरिस, एजेंसी

- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसरो की तारीफ की

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने हाल के सफल प्रक्षेपणों के लिए इसरो की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष और विशेष कर चंद्र अन्वेषण में भारत की उपलब्धियां आश्चर्यजनक हैं।

अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक

ईएसए की ओर से पेरिस में 323वीं परिषद बैठक की मेजबानी की गई। एशबैकर ने कहा कि अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक है। हमने ईएसए परिषद में इसरो अध्यक्ष डा. एस सोमनाथ की मेजबानी की। यह प्रतिनिधियों के लिए ईएसए-इसरो के वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के संबंधों में अधिक जानने का अवसर था। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ सहयोग को गहरा करने के रणनीतिक महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। मील के पत्थर वाले इन कदमों ने न सिर्फ वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुढ़ कर दिया, बल्कि भारत में निजी क्षेत्रों को भी बढ़ावा देने का कार्य किया है।

### नई ऊंचाइयों पर पहुंचा भारत: अंतरिक्ष यात्री

अंतरिक्ष यात्री थामस पेस्केट भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल साफ्ट लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के प्रक्षेपण के साथ ही भारत 2023 में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा।